www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 27 सितंबर 2025 | 12 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 270, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




सूर्योदय 6:13 सूर्यास्त 6:12

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 19 न्यू | 28 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,426.46 |
| निफ्टी | 24,654.70 |

सोना 1,13,299 चांदी 1,37,067

## मानसून लौटते ही हिमाचल में पर्यटक आने शुरू, होटलों में 50 % डिस्काउंट

### 5 हजार का कमरा ढाई हजार और 2 हजार का कमरा मात्र एक हजार रुपए में मिल रहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश से मानसून लौटते ही होटेलियर ने बंपर डिस्काउंट का ऐलान कर दिया है। पर्यटन स्थलों पर कमरों की बुकिंग में टूरिस्ट को अधिकतम 50 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। इस छूट के बाद 5 हजार का कमरा ढाई हजार और 2 हजार का कमरा मात्र एक हजार रुपए में मिल रहा है।

शिमला और मनाली समेत अन्य पर्यटन स्थलों पर भी टूरिस्ट अगले कुछ दिन इस डिस्काउंट का फायदा उठा सकेंगे। मानसून की बारिश थमने और सड़कों की बहाली के बाद टूरिस्ट पहाड़ों पर पहुंचने लगा है। इससे, पर्यटन स्थलों पर बीते चार-पांच दिनों के दौरान चहल-पहल बढ़ी है। शिमला, कुफरी, नारकंडा और चायल में टूरिस्ट नजर आने लगा है।

#### पर्यटन स्थलों पर लौटने लगी रौनक

**हिमाचल** में लगभग साढ़े तीन महीने के अंतराल के बाद टूरिस्ट पहाड़ों पर पहुंचना शुरू हुए हैं। पर्यटन स्थलों पर इससे रौनक लौटनी शुरू हो गई है। शिमला व आसपास के होटलों में 15 से 20 फीसदी ऑक्यूपेंसी हो चुकी है। वीकेंड पर 35 प्रतिशत होने का अनुमान है।



हिमाचल की राजधानी शिमला के रिज मैदान में चहलकदमी करते पर्यटक। पर्यटकों ने करीब तीन महीने बाद शिमला का रुख किया है।

#### मनाली में एक महीने बाद बस सेवाएं शुरू

**अब** मनाली भी टूरिस्ट आना शुरू हो जाएगा, क्योंकि मनाली से एक महीने बाद लौंग रूट की बस सेवाएं शुरू हो गई हैं। वीरवार को मनाली से दिल्ली, चंडीगढ़, जालंधर इत्यादि स्टेशन को बसें भेजी गई। इसके बाद, देश के विभिन्न राज्यों से वॉल्वो और ऑर्डिनरी बसें भी मनाली आ सकेंगी। मनाली में भी 10 फीसदी ऑक्यूपेंसी हो गई है। रविवार तक 30 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी होने की उम्मीद है। होटेलियर अनूप ठाकुर ने बताया कि मनाली में टूरिस्ट को 50 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह छूट अगले कुछ दिन जारी रहेगी।

#### प्रदेश के पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कें बहाल

**प्रदेश** के प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कें भी बहाल हो चुकी हैं। राज्य के ज्यादातर हिस्सों से मानसून भी विड्रा हो चुका है और अगले 5 दिन तक बारिश के कोई आसार नहीं हैं। ऐसे में टूरिस्ट पहाड़ों पर सुहावने मौसम और होटलों में डिस्काउंट का फायदा उठा सकेंगे। कालका-शिमला फोरलेन से ही हिमाचल की राजधानी शिमला पहुंचा जा सकता है। शिमला के लिए भी सड़क छोटे व बड़े वाहनों के लिए बहाल है। चंडीगढ़ से शिमला की दूरी लगभग 115 किलोमीटर है। ऐसे में चंडीगढ़ से शिमला पहुंचने में तीन से साढ़े तीन घंटे का वक्त लग सकता है।

## पंचम मां स्कंदमाता



**पांचवें** नवरात्र पर मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा करने से मंदबुद्धि भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार यानी स्वामी कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। स्कंदमाता की गोद में उनके पुत्र स्कंद शोभायमान हैं। स्कंदमाता को मां दुर्गा का ममतामयी रूप माना गया है। ऐसा माना जाता है नवरात्र में मां इस का रूप की पूजा करने से मां संतान सुख का आशीर्वाद देती हैं।

**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रित करद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कंद माता यशस्विनी॥**
**या देवी सर्वभूतेषु मां स्कंदमाता रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्य नमो नमः।**

## ट्रंप का भारत को एक और झटका अब ब्रांडेड दवाओं पर 100% टैरिफ

### 1 अक्तूबर से होगा लागू, यूएस को 30% दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी प्रेजिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। यह टैरिफ 1 अक्तूबर से लागू होगा। यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा, जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। अमेरिका को भारत करीब 30 प्रतिशत दवाओं का निर्यात करता है। भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50% टैरिफ लगाया है।

यह टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था। ट्रंप ने कहा, '1 अक्तूबर से हम ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100% टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। इसके अलावा ट्रंप ने किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी और उनसे जुड़े सभी सामानों पर भी 50% टैरिफ लगाया है। यह भी 1 अक्तूबर से लागू होगा। ट्रंप ने कहा कि वह फर्नीचर पर भी 30% टैरिफ लगाना शुरू कर देंगे। (अनंत ज्ञान)



#### फार्मा शेयर्स 8% टूटे

**ट्रंप** के दवाओं पर 100% टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद भारत में फार्मा शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। लौरस लैब्स, बायोकॉन और जायडस लाइफ के शेयर सबसे अधिक गिरे, ये सभी शेयर लगभग 8% की गिरावट के साथ बंद हुए।

#### जेनेरिक दवाओं पर भी बैन लगा सकते हैं ट्रंप

**जियोजित** इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा, 'भारत, जो जेनेरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा, लेकिन हो सकता है कि ट्रंप का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्यूटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है। बता दें कि भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है। 2024 में भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर (करीब 77 हजार करोड़ रुपए) की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का करीब 31% था। अगर अमेरिका भारत की जेनेरिक दवाओं पर भी टैरिफ लगा देता है, तो यह भारत के फार्मा उद्योग के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।

## हिमुडा में 327 पदों पर चली कैंची

### हिमाचल सरकार ने एडवाइजर की नई पोस्ट सृजित की

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** प्रदेश सरकार के उपक्रम हिमाचल आवास एवं नगरीय विकास प्राधिकरण (हिमुडा) ने सरकारी नौकरी के इंतजार में बैठे बेरोजगारों को जोरदार झटका दिया है। व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार ने हिमुडा में विभिन्न श्रेणी के 327 पदों को समाप्त किया है। इसे लेकर आदेश जारी कर दिए गए हैं। छोटे कर्मचारियों के पदों को गैर जरूरी बताकर खत्म किया गया और उच्च अधिकारियों की सेटलमेंट के लिए एडवाइजर की नई पोस्ट क्रिएट की गई। एडवाइजर के साथ-साथ दफ्तर में 6 कर्मचारी भी तैनात किए गए। इससे पहले, हिमुडा में चीफ इंजीनियर का एक पद होता था।

मौजूदा सरकार ने कुछ समय पहले ही दो सीनियर इंजीनियर की सेटलमेंट के लिए पहले चीफ इंजीनियर के दो पद सृजित किए। अब दोनों में एक सीनियर इंजीनियर को हिमुडा की सीईओ कम सेक्रेटरी बनना था, मगर जूनियर अधिकारी को सीईओ बनाने के लिए सीनियर के लिए एडवाइजर का पद क्रिएट किया गया। हालांकि, अब चीफ इंजीनियर के दोनों पद समाप्त कर दिए गए हैं।

बता दें कि हिमुडा में अधिकारियों व कर्मचारियों के कुल 633 पद स्वीकृत थे। इनमें से 352 पद भरे हुए थे, जबकि 281 पद खाली थे, मगर व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार ने 327 पद खत्म कर दिए हैं।

#### आवासीय कॉलोनियां बनाता है हिमुडा

**हिमुडा** का मुख्य काम आवासीय कॉलोनियों और संबंधित बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। यह शहरी विकास और नियोजन से संबंधित है, जिसमें भूमि का नियोजन, अवसंरचना का निर्माण और रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देना शामिल है।

#### नाहन में डिवीजन खत्म घुमारवीं में खोला

**हिमुडा** ने सिरमौर जिला के नाहन में डिवीजन भी खत्म कर दिया है और बिलासपुर के घुमारवीं में संबंधित विभाग मंत्री के चुनाव क्षेत्र में हिमुडा का नया डिवीजन खोल दिया गया है।

#### कर्मचारियों में रोष

**आर्थिक** बदहाली का रोना रो रही कांग्रेस सरकार छोटे पद खत्म कर रही हैं और बड़े पद सृजित किए जा रहे हैं। अंदरखाते कर्मचारियों में इससे हिमुडा प्रबंधन के खिलाफ जबरदस्त रोष व्याप्त है। आने वाले दिनों में कर्मचारी एकजुट होकर बोर्ड के इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख भी कर सकते हैं, क्योंकि इतने पद समाप्त करने के बाद इन कर्मचारियों की प्रमोशन प्रभावित होगी। कर्मचारियों का प्रमोशन चैनल रुक जाएगा। इससे सेवारत कर्मचारियों को प्रमोशन के लिए कई कई साल का इंतजार करना पड़ेगा।

## मीणा को हाईकोर्ट से मिली अंतरिम राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने आईएएस अधिकारी और एचपीपीसीएल के पूर्व प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा को विमल नेगी की रहस्यमयी मौत के मामले में दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत प्रदान की है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 अक्तूबर को होगी। न्यायमूर्ति वरिंदर सिंह की एकल पीठ ने मामले से जुड़ी दो जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। सीबीआई की ओर से पेश हुए वकील जनेश महाजन ने मीणा को पहले दी गई अंतरिम राहत को बढ़ाने का विरोध नहीं किया। अदालत ने शिमला सदर थाने में तैनात सहायक उपनिरीक्षक पंकज कुमार की जमानत याचिका पर भी विचार किया। उनकी न्यायिक हिरासत को 6 अक्तूबर तक बढ़ा दिया गया है। उस दिन उनकी नई जमानत याचिका पर भी सुनवाई होगी। पंकज को 14 सितंबर को बिलासपुर जिले से गिरफ्तार किया गया था।

## सोशल एक्टिविस्ट वांगचुक अरेस्ट

**एजेंसी, लेह।** लेह हिंसा मामले में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार को अरेस्ट कर लिया गया। वांगचुक को लेह में हुई हिंसा का जिम्मेदार माना गया है। पुलिस ने वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अरेस्ट किया है। नेशनल सिक्योरिटी एक्ट 1980 के तहत कोई व्यक्ति देश की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में बाधा डालता है, तो सरकार उसको गिरफ्तार कर लेती है। लेह में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू लगा रहा। स्कूल-कॉलेज शनिवार को भी बंद रहेंगे। इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई है। गौर रहे कि लद्दाख की राजधानी लेह में पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर 24 सितंबर को हिंसा भड़की थी। पुलिस के साथ हुई हिंसक झड़प में 4 युवाओं की मौत हुई थी। (अनंत ज्ञान)




## लोक अदालतों में तेजी से निपट रहे मामले

### प्रदेश में दो साल में 4.33 लाख राजस्व मामलों का हुआ निपटान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजस्व विभाग में बड़ा कदम उठाया है। लंबे समय से लंबित राजस्व मामलों को अब लोगों के घर-द्वार के समीप सुलझाने के लिए 'राजस्व लोक अदालतों' की शुरुआत की गई है। इस अनोखी पहल ने अब तक लाखों लोगों को राहत दी है और सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से छुटकारा दिलाया है।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि अक्तूबर 2023 से अगस्त 2025 तक आयोजित राजस्व लोक अदालतों में 4,33,242 से अधिक मामले निपटाए गए हैं। इनमें 3,60,105 इंतकाल, 22,592 तकसीम, 39,835 निशानदेही और 10,710 रिकॉर्ड सुधार के प्रकरण शामिल हैं। ये लोक अदालतें उपतहसील और तहसील स्तर पर हर महीने के अंतिम दो दिनों में नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। पहली बार किसी राज्य सरकार ने मिशन मोड में राजस्व मामलों को सुलझाने की ऐसी पहल की है, जिसके परिणाम भी अभूतपूर्व रहे हैं।




सरकारी प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस पहल को जनता का व्यापक समर्थन मिला है। बड़ी संख्या में लोग अपने मामलों के समाधान के लिए इस व्यवस्था को अपना रहे हैं। लोक अदालतों से न केवल लंबित प्रकरणों का निपटारा हुआ है, बल्कि आम नागरिकों को भी राहत और भरोसा मिला है कि सरकार उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

#### पारदर्शिता-सुशासन की दिशा में सशक्त कदम : मुख्यमंत्री



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सुशासन ही प्रभावी शासन की नींव होता है। प्रदेश सरकार जनता को उनके घर-द्वार पर सेवाएं उपलब्ध करवाने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग में प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई सुधार किए गए हैं ताकि आमजन को ज्यादा सुविधा मिल सके और विभागीय कार्य प्रणाली पर लोगों का विश्वास और मजबूत हो।

## समान नागरिक संहिता वक्त की जरूरत: कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमिशन देता है, जबकि पॉक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है। जस्टिस अरुण मोंगा ने पूछा कि अक्सर हम इस दुविधा में आ जाते हैं कि क्या समाज को लंबे समय से चले आ रहे पर्सनल लॉ का पालन करने के लिए अपराधी बनाया जाना चाहिए। जस्टिस मोंगा ने कहा कि क्या अब यूसीसी की तरफ बढ़ने का समय नहीं आ गया है, जिसमें एक ऐसा ढांचा बनाया जाए, ताकि पर्सनल लॉ जैसे कानून राष्ट्रीय कानूनों पर हावी न हों। दिल्ली हाईकोर्ट की यह टिप्पणी नाबालिग लड़की से शादी करने के आरोपी हामिद रजा की जमानत याचिका से जुड़े केस की सुनवाई के दौरान सामने आई है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल को पीएम किसान निधि की 21वीं किस्त जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के आठ लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के तहत 160 करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में सीधे जारी की गई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह किस्त जारी की। यह किस्त विशेष रूप से हिमाचल, पंजाब और उत्तराखंड जैसे बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित राज्यों के किसानों के लिए प्राथमिकता पर जारी की गई है। जानकारी के अनुसार, इस किस्त से हिमाचल के 8,01,045 किसानों को लाभ मिला है। वहीं, पंजाब के 11.09 लाख किसानों को 221 करोड़ रुपए और उत्तराखंड के 7.89 लाख किसानों को 157 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। किसानों को इस आर्थिक मदद से घरेलू जरूरतें पूरी करने के साथ अगले बुवाई सीजन के लिए बीज और उर्वरक खरीदने में राहत मिलेगी।



**केंद्रीय कृषि मंत्री ने आठ लाख किसानों के खाते में डाले 160 करोड़**

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि यह किस्त केवल वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि यह विश्वास का संदेश भी है कि कठिन परिस्थिति में सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। योजना के शुभारंभ से अब तक हिमाचल प्रदेश को कुल 3,631 करोड़ रुपए की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- भरेड़ी में अधूरी सड़क बनी मुसीबत चक्का जाम की चेतावनी -पेज 2
- मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए 1039 निर्णय पूरी तरह लागू: नेगी -पेज 3
- शाहपुर क्षेत्र में 202 करोड़ की पेयजल एवं सिंचाई योजना लागू -पेज 5
- लेह में हिंसा फैलाने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाई: जयराम -पेज 9
- दशहरा उत्सव में नहीं दिखेगी देश-विदेश के कलाकारों की झलक -पेज 11

## बिहार की 75 लाख महिलाओं को मिले 10-10 हजार

### पीएम मोदी ने की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत

**एजेंसी, पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में वर्चुअली 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की। शुक्रवार को 75 लाख महिलाओं के खातों में प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन 10-10 हजार की राशि ट्रांसफर की। 2020 के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में महिला वोटर्स की संख्या करीब 3.39 करोड़ है। इसके अनुसार, करीब 22 फीसदी महिला वोटर्स को आज शुरू हुई योजना का फायदा मिलेगा। जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, 'अगर देश ने जन-धन योजना के तहत 30 करोड़ से ज्यादा माताओं-बहनों के खाते न खुलवाए होते, तो क्या आज इतने पैसे हम सीधे आपके खाते में भेज पाते।' आज जो पैसे भेजे जा रहे हैं, वे पूरे आपके खाते में जमा होंगे। कोई एक पैसा नहीं मार सकता है। पहले योजना का पैसा आप तक पहुंचने से पहले लूट जाता था। (अनंत ज्ञान)



#### आज बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रहीं

**पीएम** ने कहा, 'आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में फोर्स-पुलिस में आ रही हैं। आज हमारी बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। हमें वे दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद की सरकार थी। अराजक की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं ने ही झेली है। उस समय सड़क, पुल-पुलिया का नाम तक नहीं था, इन चीजों से सबसे ज्यादा तकलीफ महिलाओं को ही होती थी।

#### बिहार में नीतीश के नेतृत्व में कानून का राज

**पीएम** मोदी ने कहा कि राजद के राज में बिहार में खौफ था। नक्सली आतंक बेहिसाब था। इसका दर्द सबसे ज्यादा महिलाओं को सहना पड़ता था। आज जब नीतीश के नेतृत्व में कानून का राज लौटा है, तो सबसे ज्यादा राहत महिलाओं ने महसूस की है। आज बेटियां बेखौफ होकर घर से निकलती हैं।

**अविस्मरणीय** चंडीगढ़ में दी विदाई, 1965, 1971 और कारगिल जंग में निभाई अहम भूमिका

## मिग-21 फाइटर जेट 62 साल सेवाएं देने के बाद रिटायर

**एजेंसी, चंडीगढ़**

भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहा जाने वाला मिग-21 फाइटर जेट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। आज से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं।

विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। (अनंत ज्ञान)



#### भारत का पहला सुपरसोनिक फाइटर जेट

**मिग-21** भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था, यानी यह आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकंड) से तेज उड़ सकता है। अब इसकी जगह तेजस मार्क-1ए को शामिल किया जाएगा। मिग-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए।

#### अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का रहा साक्षी: राजनाथ सिंह

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान किसी एक घटना या किसी एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल संघर्ष तक या बालाकोट हवाई हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा, जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को जबरदस्त ताकत प्रदान न की हो। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है। हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन भर नहीं है बल्कि भारत-रूस की मित्रता की मिसाल है। मिग ने कई गौरव के पल जोड़े हैं। भारत में 850 मिग रहे हैं। अभी आप लोगों ने देखा कि फाइनल फ्लाई पास्ट को खुद लीड किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चबूतरा के प्रभावित परिवारों को दी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पावर ग्रिड स्थित सृष्टि महिला समिति द्वारा चबूतरा गांव में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। यह राहत कार्यक्रम समिति की सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना का प्रतीक रहा। प्रभावित परिवारों को आवश्यक सामग्री जैसे राशन, वस्त्र, स्वच्छता किट, बर्तन एवं दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष नीलम अत्री एवं प्रियंका जैन (मुख्य प्रबंधक) सहित पावर ग्रिड हमीरपुर महिला समिति की अन्य महिला सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने न केवल राहत सामग्री वितरित की, बल्कि प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और भविष्य में सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### सनातन सेवा समिति ने अपंग राजेश को दी मदद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर तहसील के क्योटा (व्याह) गांव के अपंग राजेश कुमार की सहायता के लिए सनातन सेवा समिति बड़सर आगे आई है। 20 वर्ष पूर्व जामुन के पेड़ से गिरकर रीढ़ की हड्डी टूटने के कारण राजेश पूर्ण रूप से अपंग हो गया था। पिता की असमय मृत्यु के बाद उसकी विधवा मां ही एकमात्र सहारा रह गई हैं। समिति अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, देव राज लखनपाल, सुखदेव शर्मा, देशराज गंगोटिया, राजेंद्र शर्मा, सुरेश कुमार व विशाल शर्मा ने पीड़ित परिवार को 5100 रुपए की आर्थिक सहायता दी और उनके दुख-दर्द को जाना। समिति ने सरकार से अपील की है कि ऐसे परवश और जरूरतमंद परिवारों की देखभाल की जिम्मेदारी उठाई जाए। साथ ही समाजसेवियों से भी सहयोग की अपील की गई है।

### टिक्करी मिन्हासा में टॉपर बेटियों की सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जाहू।** बाल विकास परियोजना अधिकारी भोरंज के सौजन्य से टिक्करी मिन्हासा पंचायत घर में वृत्त पर्यवेक्षक सुनील नड्डा की अध्यक्षता में 6 टॉपर बेटियों पूजा, अकांक्षा, अंचल, अंजली, डॉली, उमा रवत को सम्मानित किया और बेटियों के साथ संवाद भी किया कि भविष्य में वे क्या बनना चाहती है। इन सभी लड़कियों ने भविष्य में क्या बनना चाहती है इसके बारे में भी अपनी विस्तृत जानकारी दीघ इस मौके पर पंचायत प्रधान एकता कुमारी, उप प्रधान पवन कुमार, वार्ड सदस्य सुनील कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निर्मला देवी, रीता, सरोज, किरण, संतोष, निशा, वीना, तारो देवी, सरिता, प्रवीण कुमारी इत्यादि मौजूद रही।

### 40 महिलाओं की हुई बीपी और शुगर जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल वैरी की टीम ने भटपुर आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मेडिकल ऑफिसर इनचार्ज डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने किया। उन्होंने महिलाओं से नियमित जांच करवाने की अपील करते हुए कहा कि समय पर बीमारी की पहचान से इलाज आसान और प्रभावी बनता है। शिविर में 40 महिलाओं की बीपी और शुगर की जांच की गई। स्वास्थ्य टीम में सुपरवाइजर रविंद्र देवी, सीएचओ शिवानी शर्मा, आशा वर्कर कुसुम और आंगनवाड़ी वर्कर अंजू ने अहम भूमिका निभाई। डॉ. डोगरा ने शरीर को मंदिर बताते हुए कहा कि उसकी देखरेख करना हमारा पहला धर्म होना चाहिए।

### पर्यावरण व संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर डिपार्टमेंट ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि पर्यटन का सतत विकास आवश्यक है और इसे संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़कर आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर छात्रों द्वारा पर्यटन से संबंधित मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई और विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे निबंध लेखन, फूट कार्विंग, प्रश्नोत्तरी, संस्कृत श्लोक, यात्रा ब्लॉग आदि आयोजित की गईं। कार्यक्रम में बीएचएमसीटी व अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। मौके पर डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. आयुष, डॉ. विनीत व अन्य उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने किया तकनीकी विवि का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में केंद्रीय विद्यालय पालमपुर के नौवीं कक्षा के 52 विद्यार्थी आए थे, जिसमें 34 छात्राएं और 18 छात्र थे। विद्यार्थियों को तकनीकी विवि में संचालित होने वाले गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया गया। इसके अलावा भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग लैब, योग और बीएचएमसीटी की लैब में उपकरणों के बारे में प्राध्यापकों ने जानकारी दी गई। साथ ही पुस्तकालय और वेब स्टूडियो में भी विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। इस दौरान केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक अमरजीत, विशाल कुमार, पूर्ण चंद, पूजा शर्मा, नितिका और दीप्ति मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय खेलों के लिए 159 छात्र चयनित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी आलमपुर विद्यालय के 159 छात्र राज्य स्तरीय डीएवी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं, जो हिमाचल क्लस्टर के विभिन्न डीएवी विद्यालयों में आयोजित की जा रही हैं। प्रतिभाशाली प्रतिभागी क्रिकेट, वुशु, बॉक्सिंग, कराटे, शूटिंग, ताइक्वांडो, योग, बास्केटबाल, बैडमिंटन, शतरंज, कुश्ती, खो-खो और एथलेटिक्स जैसे विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ये प्रतियोगिताएं राज्य के विभिन्न स्थलों पर आयोजित की जा रही हैं, जो युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता और खेल भावना प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती हैं। स्कूल प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### टिकरू में जंक फूड से दूर रहने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बाल विकास परियोजना सुजानपुर के अंतर्गत पोषण अभियान के तहत ग्राम टिकरू में पिताओं व माताओं के साथ पोषण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत्त पर्यवेक्षक व संरक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान ने की। उन्होंने शिशु के प्रारंभिक 1000 दिनों में पोषण और मस्तिष्क विकास की अहमियत बताई। पुरुष समूह को ग्रोथ मॉनिटरिंग, संतुलित आहार, और जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में लोकल और पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई और अंत में पोषण वॉक का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर खंड समन्वयक पंकज कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिलाओं और अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### लंबित मांगों पर चर्चा, सरकार से समाधान की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ टौणी देवी खंड इकाई की मासिक बैठक बल्दूट स्थित गौशाला परिसर में खंड प्रधान जगदीश चन्द शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम, मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा और वित्त सचिव शम्भू राम जसवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों की लंबित ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट और कम्यूटेशन जैसी आर्थिक मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने सरकार की अनदेखी पर रोष जताया। बैठक में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया। प्रदेशाध्यक्ष ने आगामी रणनीति को लेकर शीघ्र बैठक आयोजित करने की बात कही।

### स्वच्छता व संस्कारों से दी समाजसेवा की मिसाल

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन स्वच्छता पखवाड़े के साथ हुआ। समापन दिवस की शुरुआत गायत्री मंत्र से हुई, जिसके बाद कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया। प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कैंप से सीखे गए जीवन मूल्यों को व्यवहार में लाना ही इसकी असली सफलता है। उन्होंने कहा कि 'जहां स्वच्छता होती है, वहीं लक्ष्मी का वास होता है', इसलिए स्वच्छ और स्वस्थ समाज निर्माण में सभी को योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से भर गया।

### जाहू में निःशुल्क टीकाकरण शिविर 29 को

**अनंत ज्ञान, जाहू।** विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर 29 सितंबर को पीएचसी जाहू में डॉ. अभिषेक भारद्वाज की निगरानी में निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य रेबीज जैसी जानलेवा लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों द्वारा कुत्तों और अन्य पालतू जानवरों का मुफ्त टीकाकरण किया जाएगा। इसके साथ ही, पशु काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार, समय पर इलाज और बचाव के उपायों की जानकारी भी दी जाएगी। आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वे शिविर में भाग लेकर अपने पालतू पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं और रेबीज उन्मूलन में योगदान दें।

# भरेड़ी में अधूरी सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत, 1 को चक्का जाम की चेतावनी

## एफडीआर तकनीक से बनने वाली सड़क वर्षों से अधूरी, बारिश ने बढ़ाई परेशानी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

**भोरंज** उपमंडल के अंतर्गत बस्सी से तताहर मार्ग पर अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। वर्षों से प्रतीक्षित इस सड़क को एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से पक्का किया जाना था, लेकिन लंबे समय से काम ठप पड़ा हुआ है। सड़क की खस्ता हालत के कारण लोगों को न केवल आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि धूल-मिट्टी से श्वसन रोग फैलने का भी खतरा बना हुआ है। बरसात में यह सड़क कीचड़ और गड्ढों से भरकर जानलेवा स्थिति में पहुंच चुकी है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों की बारिश ने समस्या को और बढ़ा दिया है। भरेड़ी, चंदरूहि और आसपास के गांवों में सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह उखड़ चुकी है। जगह-जगह बने गड्ढों और जलभराव से बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को भारी जोखिम उठाना पड़ रहा है। कई लोग सड़क पर फिसलकर घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि 1 अक्तूबर तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हुआ, तो वे मजबूर होकर चक्का जाम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी असुविधा या नुकसान की जिम्मेदारी प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की होगी।

इस बारे जब लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि विभाग को समस्या की जानकारी है। लेकिन निर्माण कंपनी की मशीनरी समय पर नहीं पहुंच पाई और आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं हो रही थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

वहीं, निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर वसीम अकरम ने कहा कि मशीनरी में से कुछ साइट पर पहुंच चुकी हैं और बाकी मंगवाई जा रही हैं। पहले सामग्री उपलब्ध नहीं थी, लेकिन अब यह समस्या हल हो गई है। उन्होंने दावा किया कि 1 अक्तूबर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### काम न हुआ तो जिला मुख्यालय तक होगा आंदोलन

पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश सचिव अंजू शर्मा, ग्रामीणों में पपलाह पंचायत प्रधान अंकुश सैणी, अंजू शर्मा, दिनेश कुमार, कमलेश कुमारी, राजेश कुमार, पंकज धीर, अजय कुमार, रमेश, आशीष, विनोद शर्मा, पंकज, पवन सोनी, श्याम कालिया, कश्मीर सिंह, रजनीश कुमार, सतिश कुमार, सुनील इत्यादि ने कहा कि वे केवल काम शुरू होने की नहीं, बल्कि गुणवत्ता और समयबद्धता की गारंटी भी चाहते हैं। उनका कहना है कि घटिया और अधूरी सड़क से न केवल सरकारी धन की बर्बादी होती है, बल्कि लोगों की जान भी खतरे में पड़ती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आंदोलन को जिला मुख्यालय तक ले जाएंगे।

- गड्ढों और कीचड़ से जान जोखिम में, ग्रामीण बोले—अब बर्दाश्त नहीं

## हमीरपुर के 5 व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जीएसटी मामले में विभाग की दबिश



दुकानों में बिल वाउचर की छानबीन के लिए दिनभर टीमों ने दबिश दी।

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हमीरपुर के करीब आधा दर्जन प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर शुक्रवार को जीएसटी विभाग की अलग-अलग टीमों ने दिनभर दबिश देकर बिल वाउचर और रिकॉर्ड की जांच की। दुकानों के खुलते ही कार्रवाई शुरू हो गई, जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया। यह जांच जीएसटी में अनियमितताओं और गड़बड़ियों को लेकर की जा रही है। हालांकि त्योहारों के इस सीजन में विभाग की यह कार्रवाई व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बनी है। कई व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई केवल चुनिंदा लोगों पर केंद्रित है, जबकि कुछ पर बार-बार कार्रवाई की जा रही है।

उत्तर भारत के जॉइंट कमिश्नर जीएसटी राकेश भारती ने इस मामले में कहा कि हमीरपुर में पांच व्यापारियों के यहां रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। यह विभाग का रूटीन काम है और फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और आवश्यकतानुसार आगे जानकारी दी जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक ने नशामुक्त जीवन और अनुशासन पर दिया प्रेरक संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



एनआईटी हमीरपुर में एसपी भगत सिंह कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में सांस्कृतिक गतिविधियों और क्लब्स के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नए स्नातक विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत आगमन 2025 (फ्रेशर्स डे) कार्यक्रम के माध्यम से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर रहे। उन्होंने छात्रों को नशा-मुक्त और स्वस्थ जीवन जीने के महत्व पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए और अनुशासन तथा स्वास्थ्य को शिक्षा के साथ अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नाटी, भांगड़ा, फ्री-स्टाइल और कॉन्टेम्पररी नृत्य प्रस्तुतियां, नाटक और संगीत जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल थीं। योगासन के विशेष प्रदर्शन ने शारीरिक और मानसिक संतुलन के महत्व को रेखांकित किया। शाम का आकर्षण मिस्टर एवं मिस फ्रेशर प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रथम वर्ष के छात्रों (बैच 2025-26) ने प्रतिभा, प्रश्नोत्तरी और फैशन राउंड्स के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। मिस्टर फ्रेशर का खिताब मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विक्रम को मिला, जबकि मिस फ्रेशर का खिताब आर्किटेक्चर विभाग की ऋषिता सिंह नेगी ने जीता। इसी अवसर पर एनआईटी हमीरपुर के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव हिलफेयर 2025 की थीम अस्तित्व रूट्स बियॉन्ड मिराज भी प्रस्तुत की गई, जो सांस्कृतिक पहचान और सतही दिखावे से परे गहरे अर्थों का प्रतीक है।

कार्यक्रम का समापन मिस्टर एवं मिस फ्रेशर विजेताओं के सम्मान और सामूहिक फोटो सत्र के साथ हुआ, जिसने छात्रों को आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए उत्साहित और प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी और डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. योगेश्वर दत्त शर्मा ने छात्रों को उनकी ऊर्जावान और रचनात्मक प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी। उन्होंने प्रतिभागियों की मेहनत, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की ऊर्जावान और मनमोहक प्रस्तुतियां वास्तव में एनआईटी हमीरपुर की जीवंत धरोहर और गतिशीलता को दर्शाती हैं।

## युवाओं को चिट्टे से बचाने के लिए संजीवनी संस्था चलाएगी अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- हमीरपुर जिला के अजय शर्मा बने संजीवनी संस्था के प्रदेश सचिव

प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने के उद्देश्य से 25 सितंबर को शिमला के होटल बिल्ली पार्क में प्रदेश प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें हिमाचल के सात जिलों से विभिन्न क्षेत्रों से 20 समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश के युवाओं में तेजी से बढ़ रहे चिट्टे जैसे सिंथेटिक ड्रग के चलन पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश भर में समाज सेवा एवं जन कल्याण के कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं का प्रतिनिधित्व संजीवनी (ए ग्रुप आफ एन जी ओ) करेगी जिसकी कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। संस्था के चुनाव सर्वसम्मति से शिमला में संपन्न हुए चुनाव में सर्वसम्मति से महेंद्र धर्माणी को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया, अन्य पदाधिकारियों के अतिरिक्त हमीरपुर जिला के समाजसेवी अजय शर्मा को संस्था का प्रदेश सचिव निर्वाचित किया गया है। नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव अजय शर्मा ने जारी प्रेस बयान में कहा कि हमीरपुर जिला में समाजसेवी संस्था संदेश (द सोशल एसोसिएशन फॉर नेचुरल डेवलपमेंट एंड एनवायरनमेंट सेफ्टी) को संजीवनी संस्था के साथ संबंध किया गया है।



उन्होंने बताया कि संजीवनी संस्था के बैनर तले हिमाचल प्रदेश से चिट्टे के संपूर्ण उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा हिमाचल प्रदेश में युवाओं को खोखला कर रहे जानलेवा ड्रग चिट्टा के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा और निर्णायक अभियान शुरू होने जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रथम चरण में 26 सितंबर से 25 अक्तूबर तक प्रदेश भर में विभिन्न क्षेत्र के 5000 प्रतिभाशाली व्यक्तियों तथा संस्थाओं से संपर्क किया जाएगा एवं उनको भी इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया जाएगा।

## मेरे ऊपर लगाए दुराचार के आरोप सरासर झूठे: एसडीएम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** दुराचार आरोपों से घिरे उपमंडल अधिकारी सुजानपुर विकास शुक्ला ने सफाई देते हुए कहा कि जो भी आरोप उक्त महिला द्वारा मेरे ऊपर लगाए गए हैं वह सरासर झूठे हैं। पहले भी शिकायत के आधार पर उन्हें अलग-अलग स्थान से क्लीन चिट मिली है। उन्होंने कहा कि अगर उक्त महिला ने आगे भी कहीं और शिकायत की है तो वहां पर भी जाएंगे और अपना तथ्य रखेंगे और वहां से भी क्लीन चिट मिलेगी।

विकास शुक्ला ने कहा कि उक्त महिला जब वह उपमंडल अधिकारी के तौर पर कुल्लू में तैनात थे तो काम आदि करवाने के लिए आई एक महिला के अधिकारी होने के नाते जो भी कार्य थे किए थे, लेकिन उसके बाद उक्त महिला ने उन्हें लगातार फोन करना प्रारंभ किया, जिसकी कॉल रिकॉर्ड आज भी उनके पास दर्ज है, लेकिन उसके बाद उन्होंने फिर से मुझे लगातार कॉल करना शुरू कर दी और एक-दो बार मैंने फोन उठाया और समझाया कि वह मुझे फोन न करे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वह पहले भी जांच के लिए तैयार थे और जांच करवाई थी, अगर एक बार फिर से मेरे ऊपर बेबुनियाद आरोप लगे हैं तो वह फिर से हर जांच में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

## नशामुक्त हमीरपुर के लिए बनाई व्यापक रणनीति: डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से संबंधित चार जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में नशे की समस्या से निपटने के लिए सुनियोजित और वैज्ञानिक रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं ग्राम स्तर तक अभियान को पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी जरूरी है। नशे को बीमारी मानते हुए नशाग्रस्त लोगों को डॉक्टरी परामर्श और इलाज उपलब्ध करवाया जाएगा। नई दिशा नशा निवारण केंद्र, हेल्पलाइन नंबर और ड्रग फ्री ऐप के अधिक प्रचार पर भी जोर दिया गया। शिक्षा विभाग को सभी शिक्षण संस्थानों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा सभी विभागों में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बताया कि जिले में अधिनियम के तहत इस समय 25 मामले अदालतों में, 33 की कैंसलेशन रिपोर्ट, तथा 10 मामले जांचाधीन हैं। उन्होंने जांच व अभियोजन में तेजी लाने के निर्देश दिए। दिव्यांगता समिति की बैठक में डीसी ने स्पष्ट किया कि सभी सरकारी भवनों, अस्पतालों, कार्यालयों, शौचालयों और परिवहन सेवाओं में दिव्यांगों को सुविधाएं प्रदान की जाएं। अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित बैठक में प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पात्र लाभार्थियों की पहचान कर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

## शिवपुरी धाम में 2 अक्तूबर को जलेंगे 105 फुट रावण, 45 फुट मेघनाद और कुंभकर्ण

**एसके ठाकुर अनंत ज्ञान**



दशहरा पर्व को लेकर बनाए जा रहे पुतले।

**बड़सर।** जिला हमीरपुर की शिवपुरी धाम में दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। दशहरा 2 अक्तूबर को मनाया जाएगा। शिवपुरी धाम मंदिर समताणा के संचालन आध्यात्मिक गुरु सुमन शेखर यहां पिछले लगभग 22 वर्षों से दशहरे का आयोजन करवा रहे हैं। इस योजन को लेकर तैयारियां पूरे जोर शोर से चली हुई हैं। रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण के पुतले बनाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। रावण का लगभग 105 फुट के करीब पुतला लगभग 90 प्रतिशत बनकर तैयार हो गया है। मेघनाद, कुंभकर्ण के लगभग 45 फुट के करीब पुतले बनकर तैयार हुआ हो गए हैं। आध्यात्मिक गुरु सुमन शेखर के अनुसार इन पुतलों बड़ी हाइड्रोलिक मशीन के माध्यम से संताना शिवपुरी धाम मंदिर के पास स्थित मैदान में स्थापित किया जाएगा।

30 सितंबर को शिवपुरी धाम मंदिर समताणा से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा बिझड़ी, गारली, मैहरे, सलौणी, भोटा, डिडवीं टिककर होते हुए हमीरपुर गांधी चौक पहुंचेगी। वहां से हमीरपुर बाजार में पैदल यात्रा द्वारा झाकियां निकाली जाएगी। 2 अक्टूबर को समताणा मंदिर शिवपुरी धाम में सांय 5:00 के करीब रावण, मेघनाद, कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। विजयदशमी दशहरा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक माना जाता है।

- दशहरा पर्व की तैयारियां जोरों पर 90 प्रतिशत पुतले बनकर तैयार
- 30 को समताणा से निकाली जाएगी शोभायात्रा

## ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले 18 वाहन किए जब्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस ने बिना नंबर प्लेट और मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले 18 दोपहिया वाहनों को पिछले एक माह में जब्त किया है। इनमें से कई वाहन चालक बिना नंबर प्लेट के तेज गति से स्टंट करते हुए इलाके में यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। सदर थाना पुलिस ने पॉलीटेक्निक कॉलेज बड़ू के पास बनावटी नंबर प्लेट वाली बाइक और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली एक कार भी जब्त की है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि वे बिना नंबर प्लेट या मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन देखें तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना को सूचना दें, ताकि कड़ी कार्रवाई की जा सके और जिले में कानून व्यवस्था बनी रहे।

## बगड़ घास से उपयोगी उत्पाद बनाना सीखे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेठ में विद्यार्थियों को स्थानीय बगड़ घास से उपयोगी उत्पाद बनाना सिखाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्थानीय शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया जिन्होंने विद्यार्थियों को घास से विभिन्न प्रकार के आकर्षक और उपयोगी उत्पाद बनाने की विधियां सिखाईं। विद्यार्थियों ने शिल्पकारों के मार्गदर्शन में घास से टोकरी, सजावटी सामग्री और उपयोगी घरेलू सामान बनाना सीखा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल रचनात्मकता का अवसर देते हैं बल्कि उन्हें स्थानीय संसाधनों के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी समझाते हैं।

## योगासन टीम राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए रवाना

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश की जूनियर एवं सीनियर सी योगासन खेल टीम शुक्रवार को छठी राष्ट्रीय स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) रवाना हुई। यह प्रतियोगिता योगासन भारत द्वारा 28 सितंबर से 1 अक्तूबर तक आयोजित की जा रही है। हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ के राज्य सचिव डॉ. विवेक सूद ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश से कुल 13 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें 11 जूनियर (14-18 आयु वर्ग) और 2 सीनियर सी (45-55 आयु वर्ग) वर्ग से हैं। टीम के साथ संतोष ठाकुर (कुल्लू) को फीमेल कोच और ध्यान चंद भंडारी (शिमला) को मेल कोच नियुक्त किया गया है। खिलाड़ियों में यशोवर्धन अत्री, निधि डोगरा, वंशिका ठाकुर (हमीरपुर), देवाशीष शौरी (कुल्लू), सिया शर्मा (सोलन), हार्दिक (मंडी), हरप्रीत कौर (ऊना), आनंद, अक्षित, साक्षी (सिरमौर) और त्र्यंबक तिवारी (कांगड़ा) शामिल हैं। सीनियर सी वर्ग से रमेश कुमार (मंडी) और संतोष ठाकुर (कुल्लू) ने चयन प्राप्त किया है।

## भ्रष्टाचार व तानाशाही में डूबी सुक्खू सरकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, झूठ और तानाशाही में डूबने का आरोप लगाया है। राणा ने कहा कि देहरा विधानसभा उपचुनाव में कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक के माध्यम से 67 महिला मंडलों को 50-50 हजार रुपए बांटे गए, जो वोट बैंक बनाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी के पक्ष में वोट जुटाने के लिए सरकारी खजाने को लूटा। राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि 44 करोड़ रुपए के होटल को वन टाइम सेटलमेंट के जरिए केवल 24 करोड़ रुपए में बेचकर प्रदेश के खजाने के साथ धोखाधड़ी की गई। उन्होंने अवैध वन कटान और वन माफिया को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। पावर कॉरपोरेशन में अरबों रुपये के घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस घोटाले का पर्दाफाश करने वाले ईमानदार अधिकारी की जान चली गई। राणा ने सुक्खू सरकार को अब तक की सबसे भ्रष्ट और नाकाम सरकार बताया और कहा कि इसने हिमाचल प्रदेश को आर्थिक और सामाजिक संकट में धकेल दिया है।

## पं दीनदयाल के विचार हर पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था यस हिमाचल ने युवाओं और खिलाड़ियों के सहयोग से 109 खेल मुकाबलों की श्रृंखला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेंद्र अत्री मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल के विचार हर पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं। सुभाष ठाकुर ने बताया कि यह श्रृंखला पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद जैसे विचारों को नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास है। पहला मुकाबला हॉकी में खेला गया, जिसमें टीम दुर्गा वॉरियर्स ने डोमिनेटर्स को 4-2 से हराया। इशिता को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेताओं को नकद इनाम व रिफ्रेशमेंट प्रदान किए गए।

**जानकारी** कल से 4 अक्तूबर तक पशुपालन विभाग मिशन मोड में करेगा अभियान

# लावारिस कुत्तों के टीकाकरण में करें सहयोग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

- विश्व रेबीज दिवस पर निःशुल्क टीकाकरण व जागरूकता कार्यक्रम

**हमीरपुर।** विश्व रेबीज दिवस 2025 हमीरपुर में निःशुल्क टीकाकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पशुपालन विभाग हिमाचल प्रदेश के निदेशक के आदेशानुसार पूरे प्रदेश में 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष की थीम है अभी करें कार्रवाई, आप, मैं और हमारा समुदाय।

गौर रहे कि रेबीज एक घातक वायरस जनित रोग है जो आमतौर पर कुत्तों के काटने से फैलता है। लक्षण प्रकट होने के बाद इसका कोई उपचार संभव नहीं है और मृत्यु लगभग निश्चित है। केवल समय पर टीकाकरण ही इस रोग से सुरक्षा का उपाय है। इसी कारण इसे शत-प्रतिशत घातक, लेकिन शत-प्रतिशत रोकी जा सकने वाली बीमारी कहा जाता है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक सतीश वर्मा ने कहा कि इस अभियान की मुख्य विशेषताएं यह है कि 28 सितंबर से 4 अक्तूबर तक सात दिवसीय निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में पालतू और आवारा दोनों तरह के कुत्तों का टीकाकरण। उन्होंने बताया कि हमीरपुर जिले में सभी पशु चिकित्सालयों और विभागीय अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध रहेगी। यदि स्थानीय निकाय जैसे नगर निगम , नगर परिषद, नगर पंचायतें और ग्राम पंचायतें कुत्तों को एकत्रित करेंगी, तो पशुपालन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर टीकाकरण करेंगी। जिला उपनिदेशक सतीश वर्मा ने कहा नागरिक अपने पालतू पशुओं का नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं और आवारा कुत्तों के टीकाकरण में विभाग को सहयोग दें।

रेबीज रोकथाम में हर व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है, तभी हम 2030 तक 'रेबीज मुक्त भारत' का लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। पशुपालन विभाग ने पशुपालकों और पशु प्रेमियों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि रेबीज को जड़ से मिटाया जा सके और पशु कल्याण के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण बनाया जा सके।

### पालतू कुत्तों का हर साल करवाएं टीकाकरण

**पालतू** कुत्तों और बिल्लियों का हर साल टीकाकरण करवाएं, आवारा कुत्तों के टीकाकरण में पशुपालन विभाग और पंचायतों को सहयोग दें। यदि कुत्ता काट ले तो घाव को तुरंत साबुन और बहते पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोएं। नजदीकी पशु चिकित्सालय, स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत संपर्क करें और वैक्सीन लगवाएं। कुते के काटने की वैक्सीन अस्पतालों में निशुल्क लगाई जाती है जिससे रेबीज का खतरा कम हो जाता है। इसमें विशेषकर बच्चों को रेबीज के बारे में जानकारी दें और सतर्कता सिखाएं।

### कुत्ते काटने की घटना को न करें नजरअंदाज

**कुत्ता** काटने के बाद घाव पर मिट्टी, हल्दी, तेल या कोई घरेलू उपाय न लगाएं और यदि कुत्ता काट लेता है तो इस घटना को नजरअंदाज न करें। पालतू पशुओं का टीकाकरण भी समय पर करवाएं। टालें नहीं। इसके अलावा घायल को बिना इलाज घर पर ही न रखें, तुरंत चिकित्सकीय मदद लें। आवारा कुत्तों को सताना या मारना नहीं, बल्कि टीकाकरण के लिए सहयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### आश्रमों-अस्पतालों में होगा दिवाली वितरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की बैठक शुक्रवार को राजभवन में लेडी गवर्नर एवं अध्यक्षा जानकी शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी दिवाली वितरण 2025 की तैयारियों को लेकर चर्चा करना और अस्पतालों व आश्रमों में वितरित की जाने वाली सामग्री की रूपरेखा तय करना रहा। बैठक की शुरुआत में निरता आकरे ने लेडी गवर्नर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद तय हुआ कि अस्पतालों एवं आश्रमों में दी जाने वाली सामग्रियों की दरें हिमकारा उन्नयन समिति, हिमफेड और स्वयं सहायता समूहों से प्राप्त की जाएंगी, ताकि गुणवत्ता और उचित दरों को प्राथमिकता दी जा सके। बैठक में सचिव राज्यपाल एवं महासचिव हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस चंद्र प्रकाश वर्मा ने कहा कि इस वर्ष आपदा के समय राज्यपाल महोदय की अगुवाई में आपदाग्रस्त जिलों का दौरा किया गया और पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने सदस्याओं से रेडक्रॉस की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह भी किया। बैठक में राज्यपाल के परिसहाय गुरतेग सिंह, डॉ. किम्मी सूद सहित 25 सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### जुन्गा में जिला स्तरीय दशहरा मेला 2 से

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** शिमला के जुन्गा में क्योंथल क्षेत्र का प्राचीन और प्रसिद्ध जिला स्तरीय दशहरा मेला इस वर्ष 2 से 4 अक्तूबर तक ऐतिहासिक स्कूल ग्राउंड में धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी जानकारी मेला अधिकारी एवं तहसीलदार जुन्गा नारायण सिंह वर्मा ने मेला समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। इस तीन दिवसीय मेले में लंका दहन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कबड्डी एवं कुश्ती प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहेंगे। राजा खुश विक्रम सेन की अगुवाई में रघुनाथ की पालकी की शोभा यात्रा निकलेगी और उनके द्वारा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा, साथ ही 3 और 4 अक्तूबर को तहसील में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### हिंदी पखवाड़े में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी में हिंदी पखवाड़े का समापन शुक्रवार को प्रख्यात सृजनात्मक लेखक डॉ. बलदेव ठाकुर की उपस्थिति में गरिमामय ढंग से हुआ। 12 सितंबर से आरंभ हुए इस पखवाड़े के दौरान आयोजित भाषण, निबंध, काव्य पाठ और लघुकथा प्रतियोगिताओं में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अनुष्का शर्मा ने भाषण, खुशबू ने निबंध, समीर ने काव्य पाठ तथा बीए प्रथम वर्ष के छात्र हर्षित ने लघुकथा में प्रथम स्थान हासिल किया। समापन अवसर पर डॉ. ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी राष्ट्रीय एकता की भाषा है और इसका संरक्षण व सम्मान युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है।

### राष्ट्रीय पोषण माह में लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शुक्रवार को रामपुर सर्किल में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड पार्षद की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी शशि ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुपरवाइजर रामपुर सर्किल ज्वाला देवी ने प्रतिभागियों को पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। परियोजना अधिकारी शशि ठाकुर ने आकर्षक गतिविधियों एवं संवाद के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को पोषण की महत्ता से अवगत कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, प्रधानगण आदि मौजूद रहे।

### मेधावी विद्यार्थियों को मुफ्त हवाई यात्रा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग के पांच मेधावी विद्यार्थियों समीक्षा, आरती, ईशान, आस्था और यशस्विनी को प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने अपने निजी खर्चे से हैदराबाद का हवाई भ्रमण करवाया। पांच दिवसीय यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने लुंबिनी पार्क और रामुजी फिल्म सिटी जैसे प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया तथा उन्हें पांच सितारा होटल में ठहराया गया। गौरतलब है कि संदीप शर्मा बीते चार वर्षों से छठी से 12वीं कक्षा तक के टॉपर्स को निजी खर्चे से बाहर राज्यों की सैर करवाते हैं। रेल और हवाई यात्राओं के अलावा वे छात्रों को प्रोत्साहन राशि और स्कूल निर्माण कार्यों के लिए भी आर्थिक सहयोग कर चुके हैं। शिक्षा विभाग में उनकी पहचान एक आदर्श अध्यापक के रूप में है।

### शिमला में नवविवाहिता ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में संजौली स्थित चलौंठी में निशा नामक करीब 24 से 25 वर्षीय नवविवाहिता ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार उसकी शादी मात्र छह माह पहले हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी भेजा गया है।

### हिमाचली शोधकर्ता ने हड़प्पा लिपि के रहस्य सुलझाए

**अनंत ज्ञान, शिमला।** दिल्ली में रहने वाले हिमाचली मूल के कैंसर विशेषज्ञ और शोधकर्ता प्रोफेसर (डॉ.) पुनीत गुप्ता ने हड़प्पा लिपि और भाषा के रहस्यों को



सुलझाने में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। पांच हजार वर्षों से अनसुलझी इस लिपि को डॉ. गुप्ता ने पहली बार पूर्ण रूप से डिकोड कर दिखाया है। उन्होंने सिंधु लिपि को 'द्वि-कक्षीय अबुगिडा प्रणाली' के रूप में परिभाषित किया है, जिसमें हर ध्वनि के लिए दो चिह्न (पूर्व-ध्वनि व पश्चात-ध्वनि) निर्धारित किए गए हैं। उनकी यह प्रणाली हड़प्पा संकेतों को मानव जीभ और जबड़े की गतिविधियों से जोड़ती है, जिससे उनके ध्वन्यात्मक अर्थ स्पष्ट होते हैं। डॉ. गुप्ता के शोध के आधार पर एक यूनिकोड फॉन्ट विकसित किया जा रहा है, जिससे प्राचीन भारतीय लिपियों को एक ही कंप्यूटर कीबोर्ड पर टाइप किया जा सकेगा। संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित सम्मेलन में उनके शोध को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने सराहा है। यह शोध न केवल हड़प्पा लिपि को पढ़ने योग्य बनाता है, बल्कि भारत के सांस्कृतिक डिजिटल स्वराज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# चरवाहों की चारागाह में बदलाव की 'बयार'

## गद्दी-गुज्जर समुदाय को सशक्त बनाने की पहल, भेड़-बकरी पालन को मिलेगा नया जीवन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने राज्य के चरवाहों के लिए पहल आजीविका के लिए समग्र पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से चरवाहों का सशक्तिकरण नामक योजना शुरू करने की घोषणा की। इस योजना का विस्तृत प्रारूप तैयार कर केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं के प्रहरी के रूप में चरवाहों, विशेषकर गद्दी और गुज्जर समुदाय की अहम भूमिका है। 294 करोड़ रुपए से अधिक की इस योजना से 40 हजार परिवारों को लाभ पहुंचेगा। योजना में भेड़-बकरियों की घटती संख्या को रोकने के साथ-साथ विदेशी नस्लों का प्रसार, वित्तीय सहायता व बीमा, पशु स्वास्थ्य सेवाएं और ऊन, दूध व मांस उत्पादन में नए उद्यमों को बढ़ावा दिया जाएगा। हिमाचली ऊन को भौगोलिक संकेत दिलाने के भी प्रयास होंगे।





शिमला में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार।

**294 करोड़ रुपए से अधिक की योजना से 40 हजार परिवारों को पहुंचेगा लाभ**

मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर हिमाचल और किसानों की आय दोगुनी करना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 अक्तूबर तक सभी डेयरी सहकारी समितियों का पंजीकरण पूरा किया जाए। पशु चिकित्सकों को गांव-गांव जाकर पशु पालकों से संवाद करने और घर-द्वार पर जाकर फीडबैक लेने को कहा गया। प्रदेश में 44 भ्रमणशील पशु चिकित्सा इकाइयों के माध्यम से रोजाना औसतन 5.36 मामलों का इलाज किया जा रहा है। अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बिना टैगिंग वाले पशुओं का भी इलाज करने के आदेश दिए गए।

### डेयरी और मुर्गी पालन को दिया जाएगा प्रोत्साहन

**सरकार** ने 4 अक्तूबर को दूध प्रोत्साहन योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पात्र डेयरी सहकारी समितियों को दूध आपूर्ति करने वाले किसानों को तीन रुपए प्रति लीटर आर्थिक सहायता सीधे खाते में दी जाएगी। इससे आठ हजार किसान लाभान्वित होंगे। प्रदेश में ब्रॉयलर मुर्गी पालन को बढ़ावा देने से 52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। सरकार अगले पांच वर्षों में 1000 ब्रॉयलर यूनिट स्थापित करेगी, जिस पर 83 करोड़ रुपए खर्च होंगे और 30 प्रतिशत आर्थिक सहायता दी जाएगी। इससे दस हजार से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

### ढांचागत और टीकाकरण में होगा सुधार

**मंत्री** ने कहा कि पशुपालन विभाग के ढांचे का पुनर्गठन किया जाएगा। अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए एक अध्ययन समूह भी बनाया जाएगा। 25 सितंबर तक प्रदेश में पशुधन की संख्या 35 लाख 17 हजार 937 दर्ज की गई है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में सभी पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए।

# अत्याधुनिक स्टूडियो-कम-लर्निंग सेंटर से प्रशिक्षण को मिलेगी नई दिशा: अनिरुद्ध



उपस्थिति को संबोधित करते हुए राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शुक्रवार को राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान, मशोबरा में आधुनिक स्टूडियो-कम-लर्निंग सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक केंद्र प्रशिक्षण और अध्ययन को नई दिशा प्रदान करेगा तथा यहां आने वाले प्रतिभागियों को डिजिटल संसाधनों, ऑनलाइन शिक्षण और व्यावहारिक अनुभव का लाभ मिलेगा। इस तरह की पहल समय की आवश्यकता है और यह पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के लिए भी बेहद उपयोगी साबित होगी। मंत्री ने कहा कि इससे न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों को गति मिलेगी और पंचायतों के सशक्तिकरण में भी अहम भूमिका निभाई जाएगी।

अनिरुद्ध सिंह ने स्टूडियो-कम-लर्निंग सेंटर के शुभारंभ के साथ ही राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत अधिनियम 1996 पेसा अधिनियम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है जिसमें 9 राज्यों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में यह दूसरी बार ऐसा प्रशिक्षण आयोजित किया गया है और इसमें विभिन्न प्रदेशों के विचारों का आदान-प्रदान होगा। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना से अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित हुए। इस अवसर पर मंत्री ने पेसा अधिनियम पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

# रोहड़ू में तीन मंजिला मकान जलकर राख

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** रोहड़ू उपमंडल के डिस्वानी गांव में शुक्रवार को महेंद्र बुगवान के बागीचे में बने तीन मंजिला लकड़ी के मकान में अचानक आग लग गई। इस भीषण अग्निकांड में मकान के ग्यारह कमरे और एक हाल पूरी तरह जलकर राख हो गए। हादसे में महेंद्र बुगवान, उनकी मां बरजनी देवी और दो बेटे युग व सार्थक बेघर हो गए हैं। मकान में रह रहे नेपाली मजदूर उस समय बागीचे में घास काटने गए हुए थे, जबकि परिवार रोहड़ू में किराए के कमरे में बच्चों की पढ़ाई के लिए रह रहा था।



सूचना मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो चुका था। भारी बरसात के कारण खराब सड़कों से दमकल को गांव तक पहुंचने में देरी हुई, हालांकि रोहड़ू व चिड़गांव से पहुंची दमकल टीम ने बहादुरी से प्रयास किए।

राजस्व विभाग ने आग से करीब 70 लाख रुपए की संपत्ति के नष्ट होने का अनुमान लगाया है। एसडीएम रोहड़ू धर्मेश रमोत्रा ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवार को 30 हजार रुपये नकद, तिरपाल, खाद्य सामग्री और बर्तन फौरी राहत के तौर पर दिए तथा अस्थायी ठहरने की व्यवस्था करवाई।

# कांग्रेस सरकार बेरोजगारों की सबसे बड़ी दुश्मन: डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर बेरोजगारों के साथ विश्वासघात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमुडा विभाग के 633 पदों में से 327 पद एक ही अधिसूचना से समाप्त कर दिए, जो कुल पदों का 55 प्रतिशत से अधिक है। बिंदल ने इसे युवाओं की नौकरी पर सीधा हमला बताया और तंज कसा कि 327 पद खत्म करने के बाद सरकार ने एक व्यक्ति के लिए एडवाइजर का नया पद सृजित किया है।

उन्होंने बताया कि पदों की समाप्ति अभियान में सरकार का कई जगह सौ फीसदी स्ट्राइक रेट रहा है। सीनियर असिस्टेंट के 42 पद, क्लर्क के 24, डिविजनल अकाउंटेंट के 7, स्टेनो टाइपिस्ट के 9 और सर्वेयर के 8 पद खत्म कर दिए गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पहले संस्थान बंद करने के लिए बदनाम रही और अब पूरे विभागों पर ही ताले डाल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिरमौर जैसे पिछड़े जिले से भी विभाग का डिवीजन हटा दिया गया और मंत्री इसे अपने क्षेत्र में ले गए। उन्होंने कहा कि चार से अधिक नई डिवीजन खोली जाएं, लेकिन सिरमौर से क्यों छीनी जा रही हैं। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लाखों पद खत्म कर युवाओं को ठगा है और रोजगार देने के नाम पर केवल 4500 रुपये वाली मित्र योजनाएं थमा दी हैं।

# कॉलेज भवन निर्माण में लापरवाही पर एसएफआई का विरोध तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को प्राचार्य राजकीय स्नातक महाविद्यालय गाडागुसैन के माध्यम से मांग पत्र सौंपा।

**लोक निर्माण मंत्री को सौंपा मांग पत्र**

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों से कॉलेज भवन का निर्माण अधूरा पड़ा है। सरिया बिना शटरिंग के लटकी हुई है, भवन जर्जर हो चुका है और गिरने की कगार पर पहुंच गया है। संगठनों ने आरोप लगाया कि विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से सरिया व सीमेंट तक बेचे गए हैं। मांग की गई कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई कर उनकी तनख्वाह से भवन निर्माण कार्य दोबारा शुरू किया जाए। विभिन्न संगठनों और पूर्व व वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 29 सितंबर को अधिशाषी अभियंता व एसडीएम बंजारा को मांग पत्र सौंपा जाएगा और 15 दिन का समय निर्माण कार्य शुरू करने के लिए दिया जाएगा।

तय समय सीमा में कार्य न होने पर 13 अक्तूबर को गाडागुसैन में स्थानीय जनता को साथ लेकर प्रदर्शन किया जाएगा और आंदोलन की रूपरेखा आगे तय की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा, एसएफआई राज्य सचिव व अध्यक्ष अनिल कुमार सहित कई लोग और छात्र मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने कुलपति से की करियर उन्नयन योजना लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक संगठन (हपुटा) के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह से भेंट कर शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि करियर उन्नयन योजना को पिछली सरकार ने सातवें वेतन आयोग की अधिसूचना जारी करते समय अनुचित ढंग से रोक दिया था। इस कारण से शिक्षकों का शैक्षणिक और शोध कार्य प्रभावित हुआ है तथा उनकी पदोन्नति की प्रक्रिया ठप हो गई है। संगठन ने दोहराया कि यह योजना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए इसे तुरंत लागू किया जाना आवश्यक है।

**वेतन वितरण हेतु ऋण व्यवस्था पर हुई चर्चा**

शिक्षक संगठन ने कुलपति के समक्ष यह भी बताया कि इस योजना की अनदेखी से न केवल शिक्षकों का मनोबल टूटा है बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता पर भी नकारात्मक असर पड़ा है। संगठन ने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार को पहले भी कई ज्ञापन दिए हैं। कुलपति ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि इस विषय पर राज्य सरकार और मुख्यमंत्री से उच्च स्तर पर शीघ्र चर्चा की जाएगी और शिक्षकों की उचित मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, संगठन ने विश्वविद्यालय कर्मचारियों को समय पर वेतन उपलब्ध कराने के लिए ऋण व्यवस्था के मुद्दे को भी उठाया। कुलपति ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में राज्य सरकार अधिसूचना जारी कर चुकी है और इन व्यवस्थाओं की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी, जिससे विश्वविद्यालय पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। संगठन ने कहा कि यद्यपि यह कदम स्वागतयोग्य है, परंतु सरकार को सतत वित्तीय योजना बनाकर समय पर निधि जारी करनी चाहिए ताकि शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों दोनों के हित सुरक्षित रहें।

# मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए 1039 निर्णय पूरी तरह लागू: मंत्री नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार के निर्णय अब सिर्फ फाइलों में सीमित नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम दे रहे हैं। बीते अढ़ाई वर्षों में राज्य मंत्रिमंडल ने जो फैसले लिए, उनमें से 1039 पूरी तरह लागू हो चुके हैं। यह जानकारी शुक्रवार को राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक में दी गई।

बैठक में बताया गया कि 13 जनवरी 2023 से 30 जून 2025 तक मंत्रिमंडल की बैठकों में कुल 1087 निर्णय लिए गए। इनमें से 1039 निर्णय सफलतापूर्वक क्रियान्वित हो चुके हैं। शेष 48 निर्णयों पर गहन चर्चा हुई, जिनमें राजस्व, वन, परिवहन, उद्योग, वित्त, पर्यटन, शहरी विकास, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, कार्मिक, श्रम एवं रोजगार, विदेशी नियोजन, बागवानी, कृषि, पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, सामान्य प्रशासन, पंचायतीराज, जलशक्ति और डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़े फैसले शामिल हैं।

**शेष 48 फैसलों के शीघ्र क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश**

अध्यक्षता कर रहे मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन निर्णयों को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि फैसलों के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगले सप्ताह एक और समीक्षा बैठक आयोजित होगी, जिसमें शेष फैसलों की बिंदुवार रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि इन निर्णयों का लाभ जल्द से जल्द प्रदेश की जनता तक पहुंचे।

बैठक में सचिव कृषि एवं बागवानी सी पालरासू, सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आशीष सिंहमार, सचिव आयुष व प्रशासनिक सुधार ए शायनामोल, सदस्य सचिव हरबंस सिंह ब्रसकोन, विशेष सचिव गृह व उद्योग सुदेश कुमार मोखटा, विशेष सचिव कार्मिक गंधर्व राठौर, वरिष्ठ निजी सचिव तुलसी राम शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन ने उठाया स्वच्छता का बीड़ा



स्वच्छता अभियान के दौरान सामूहिक चित्र में नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन के सदस्य व

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** भारत सरकार व निगम मुख्यालय, शिमला के निर्देशानुसार नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर, 2025 तक 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस राजीव कपूर की अध्यक्षता में झाकड़ी मार्केट के नजदीक एक दिन, एक साथ, एक घंटा सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में एनजेएचपीएस के अधिकारी, कर्मचारी, सीआईएसएफ यूनिट झाकड़ी, महिला मंडल झाकड़ी, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झाकड़ी के बच्चों सहित 250 लोगों ने भाग लिया तथा गैर बायोडिग्रेडेबल कूड़ा निष्पादन के लिए भेजा ।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस राजीव कपूर ने कहा कि भारत सरकार तथा एसजेवीएन के उच्च प्रबंधन के उचित मार्गदर्शन से इन कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किए जा रहे हैं। इसके साथ ही परियोजना प्रमुख राजीव कपूर ने इस सफाई अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी लोगों की सराहना की । इस अवसर पर असिस्टेंट कमांडेंट सीआईएसएफ, परियोजना के सभी विभागाध्यक्ष तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झाकड़ी के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे।

# एचपी एग्रो इंडस्ट्रीज ने पांच माह में किया 33 करोड़ का कारोबार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कृषि उद्योग निगम लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआती पांच माह की अवधि में 33 करोड़ रुपए का कारोबार और 93.34 लाख रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। निगम के निदेशक मंडल की 262वीं बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि निगम आने वाले समय में किसानों के हित में अपनी गतिविधियों को और सुदृढ़ करेगा और नये व्यावसायिक अवसरों की तलाश करेगा।



शिमला में बैठक की अध्यक्षता करते बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

**बैठक में नूरपुर में नया पेट्रोल पंप खोलने पर हुई चर्चा**

बैठक की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। उन्होंने निगम के अधिकारियों की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि संगठन को राज्य के किसानों के हित में नवोन्मेषी पहल करनी चाहिए। बैठक में यह भी बताया गया कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में निगम ने 40 करोड़ रुपये का कारोबार और 92.25 लाख रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। निगम की आय के प्रमुख स्रोत पेट्रोलियम उत्पाद, ल्यूब्रिकेंट्स, टायर-ट्यूब, सीमेंट तथा कैटल और पोल्ट्री फीड का व्यापार हैं। बैठक में यह जानकारी भी साझा की गई कि निगम कांगड़ा जिले के नूरपुर क्षेत्र में नए पेट्रोल पंप की स्थापना की संभावनाओं को तलाश रहा है, जिससे कारोबार और अधिक सुदृढ़ हो सके। बैठक में सचिव बागवानी सी पालरासू, प्रबंध निदेशक एचपीएआईसी अरिंदम चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर निगम की भावी योजनाओं और विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# शिमला में कुत्तों-बंदरों का आतंक, पार्षदों को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला नागरिक सभा ने शुक्रवार को भराड़ी और कैथू वार्ड के पार्षदों को कुत्तों और बंदरों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। सभा ने पार्षदों से आग्रह किया है कि 29 सितंबर को प्रस्तावित नगर निगम की मासिक बैठक में इस गंभीर मुद्दे को सदन में मजबूती से उठाया जाए। नागरिक सभा ने चेतावनी दी कि यदि मांगों को अनसुना किया गया तो संगठन निगम कार्यालय के बाहर जोरदार आंदोलन करेगा। सभा का कहना है कि शहर में खूंखार हो चुके आवारा कुत्तों को डॉग हट में डाला जाए, कुत्तों और बंदरों की नसबंदी तथा वैक्सीनेशन बड़े स्तर पर किया जाए और लंगूरों-बंदरों से आतंकित जनता की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

सभा का कहना है कि आवारा कुत्तों को गोद लेने के लिए कुत्ता प्रेमियों को प्रोत्साहित किया जाए और कुत्ता पालने वालों के लिए सख्त नियम बनाए जाएं। संगठन 28 सितंबर तक लगातार सभी वार्डों में पार्षदों को ज्ञापन सौंपेगा और जनता से अपील करेगा कि 29 सितंबर को नगर निगम कार्यालय में एकत्र होकर इस समस्या पर आवाज़ बुलंद करें। ज्ञापन देने वालों में बालक राम, रमाकांत मिश्रा, सुरेंद्र, देसराज, सीता राम, पवन, रंजीत, नवीन, रत्तीराम, डॉ. विजय कौशल, प्रो. राजेंद्र चौहान समेत कई लोग उपस्थित रहे। सभा की ओर से सचिव विवेक कश्यप और प्रधान जगमोहन ठाकुर ने जानकारी दी।

**शुरुआत** राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू, योजना से हरित भविष्य का लक्ष्य निर्धारित

# जन-सहभागिता से हरियाली बढ़ाने की तैयारी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने हरियाली को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त करने के उद्देश्य से सौ करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू की है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस योजना को हिमाचल के हरित और स्वच्छ भविष्य का मार्गदर्शक बताया है। यह पहल वर्ष 2027 तक प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएगी।

योजना में जन-सहभागिता को केंद्र में रखा गया है। प्रदेश के महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह और अन्य पंजीकृत समुदायिक संगठन बंजर भूमि पर पौधरोपण और रख-रखाव का दायित्व निभाएंगे। वन विभाग अपनी नर्सरियों से गुणवत्तायुक्त पौधे उपलब्ध कराएगा और सामुदायिक समूहों को तकनीकी सहयोग देगा। इससे न केवल वनों का विस्तार होगा, बल्कि ग्रामीण समाज में रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी खुलेंगे।



योजना के तहत प्रत्येक समूह को अधिकतम पांच हेक्टेयर खाली या बंजर वन भूमि आवंटित की जाएगी। सफल पौधरोपण सुनिश्चित करने के लिए प्रति हेक्टेयर 1.20 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। यदि भूमि एक हेक्टेयर से कम होगी तो राशि अनुपातिक आधार पर दी जाएगी। खास बात यह है कि पौधों की जीवित रहने की दर को प्रोत्साहन राशि से जोड़ा गया है, जिससे पौधों के संरक्षण और देखभाल पर विशेष बल दिया जाएगा। योजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए पौधों की जियो-टैगिंग और वास्तविक समय की निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके लिए एक विशेष पोर्टल तैयार किया गया है। सभी वित्तीय लेन-देन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समुदायिक संगठनों के बैंक खातों में होंगे, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

इस योजना का उद्देश्य केवल पेड़ लगाना नहीं है बल्कि जल संरक्षण, मृदा स्थिरीकरण और कार्बन पृथक्करण के माध्यम से पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत बनाना है। स्थानीय प्रजातियों के पौधों के रोपण से जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, ग्रामीणों को वन संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों में रोजगार मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

### हरित हिमाचल की ओर कदम

**एक** सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यह योजना हरित हिमाचल की दिशा में ऐतिहासिक पहल साबित होगी। उनकी दृष्टि है कि प्रदेश में जन-सहभागिता से वनों का संरक्षण और विस्तार होगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धीरा में आज होने वाले ड्राइविंग टेस्ट रद्द

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल अधिकारी (ना.) धीरा ने प्रेस को दिए बयान में कहा कि उपमंडल धीरा में पूर्व निर्धारित जो वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट 27 सितंबर शनिवार को होना निश्चित था वह अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है। अगली तिथि जल्द ही घोषित कर दी जाएगी।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान पर करवाया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मेरा युवा भारत-कांगड़ा हिमाचल प्रदेश, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), शिमला मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन गत दिवस ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर, बैजनाथ में किया गया। मंदिर प्रांगण में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापकों तथा एएसआई के कर्मचारियों के साथ सक्रिय रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लिया। छात्रों में सृजनात्मकता एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एएसआई द्वारा चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में आलिशा साहू (परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल, बैजनाथ) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सुनाक्षी (गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बैजनाथ) ने द्वितीय पुरस्कार जीता तथा अदिति (पंडित अमरनाथ सनातन धर्म स्कूल, बैजनाथ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार परमार्थ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं की टीम को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को मिला तथा तृतीय पुरस्कार गुरुकुल पब्लिक स्कूल को प्रदान किया गया।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 120 मरीजों की जांच

**कमलजीत, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने एमओ डॉक्टर विजय जरियाल के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम पंचायत घाटी और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संसारपुर टैरस में निशुल्क स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 120 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 120 मरीजों के लैब टेस्ट किऐ गए और जिसमें 4 मरीज हड्डियों के रोगी, 2 शुगर के मरीज और 2 बीपी के मरीज और 112 साधारण रोगी। शिविर के दौरान लोगों की पूरी जांच के बाद उन्हें उचित रहन सहन व उचित खानपान के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर पंचायत सदस्यों व गणमान्य लोगों ने मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर के लिए सांसद अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया ब सभी मरीजों और अन्य गण मान्य लोगों ने सासद अनुराग ठाकुर के इस प्रयास की प्रशंसा की।

### लंज कॉलेज में रोजगार मेला 3 अक्तूबर को

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज के प्रांगण में 3 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से विशेष रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी एचसीएल द्वारा भर्ती प्रक्रिया संचालित की जाएगी। कालेज प्रिंसिपल संजय कुमार शर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में कला, वाणिज्य, विज्ञान के छात्र, महाविद्यालय के छात्र और महाविद्यालय के बाहर के सभी योग्य विद्यार्थी इस मेले में भाग ले सकते हैं। आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेज अभ्यर्थी साथ लेकर आएं।

### डीडीएमए आयोजित करेगा जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा जिला में 01 से 31 अक्तूबर तक अपना प्रमुख जन जागरूकता अभियान समर्थ -2025 आयोजित करेगा। इस अभियान में जिला में आपदा तैयारी सुरक्षित निर्माण प्रथाओं और सामुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देते हुए चलाया जाएगा। शुक्रवार को अभियान की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह अभियान एक जन केंद्रित पहल के रूप में विकसित हुआ है जो हिमाचल प्रदेश में तैयारियों और लचीलेपन को मजबूत करने के लिए सरकारी विभागों संस्थानों और समुदायों को एक साथ लाता है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के अंतर्गत संबंधित विभागों गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और सामुदायिक संगठनों का सक्रिय समर्थन होगा। अभियान में मल्टीमीडिया प्लेटफार्म, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

# बिना कोचिंग टेस्ट क्रैक कर पाएंगे स्टूडेंट्स

## जिले में चार स्थानों पर टीचर्स को तैयार करने के लिए चल रहे ट्रेनिंग प्रोग्राम

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** प्रदेश में जमा दो के बाद भी स्टूडेंट्स बिना कोचिंग के किसी भी टेस्ट को क्रैक कर सकें, इसके लिए टीचर्स को तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है। जिसके तहत टीचर्स के ट्रेनिंग प्रोग्राम चील रहे हैं।

इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत टीचर्स को प्रश्नपत्र तैयार करने की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसमें जिला के 6167 टीचर्स भाग ले रहे हैं, जिनमें प्राइमरी टीचर्स, टीजीटी, लेक्चरर शामिल हैं। जिला कांगड़ा में चार विभिन्न स्थानों पर ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश में 32 हजार से अधिक टीचर्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग प्रोग्राम सतत मूल्यांकन व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) के तहत ट्रेनिंग प्रोग्राम चल रहे हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रश्नपत्रों तैयार करने की प्रक्रिया में कुछ संशोधन किए गए हैं। जिसके तहत प्रश्नपत्र कैसे तैयार किए जाएं, इसके लिए टीचर्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रदेश भर में 32 हजार टीचर्स की ट्रेनिंग चल रही है, जबकि जिला कांगड़ा में 6167 टीचर्स को विभिन्न स्थानों पर ट्रेनिंग दी जा रही हैं। इसमें प्राइमरी टीचर्स, टीजीटी और लेक्चरर कैडर के टीचर्स भी शामिल हैं। टीचर्स का बेसलाइन असेस्मेंट फरवरी माह में कॉन्वेजिनियस ग्रुप के माध्यम से टीचर्स का टेस्ट आयोजित किया गया था, जिसमें प्राइमरी टीचर्स, लेक्चरर व प्रिंसिपल ने भाग लिया था, उसमें सामने आया था कि कौन से बिंदु अनछुए हैं, जिन पर काम करने की जरूरत है।

बेसलाइन असेस्मेंट के आधार पर माड्यूल तैयार किया गया था, जिसके तहत टीचर्स के ट्रेनिंग प्रोग्राम चल रहे हैं, जिससे कि टीचर्स अच्छा प्रश्नपत्र तैयार करने के साथ बच्चों का सही ढंग से मूल्यांकन किया जा सके।



स्कूल शिक्षा बोर्ड मुख्यालय में चल रहे ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेते शिक्षक।

**प्रश्नपत्र तैयार करना सीख रहे जिले के 6167 टीचर्स**

"ट्रेनिंग का उद्देश्य है कि बच्चों का मूल्यांकन इस तरह से किया जाए कि जमा दो के बाद भी बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग की जरूरत न पड़े और बच्चे अपने स्तर पर किसी भी टेस्ट को पास कर पाएं।
-डिंपल कंवर, जिला कोआर्डिनेटर, रिसर्च एंड इवेल्यूशन"

# हिमुडा में 327 पद समाप्त करने से कर्मचारियों में निराशा : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- **नाहन से डिवीजन ऑफिस शिफ्ट कर घुमारवीं ले गई सरकार**
- **कांग्रेस सरकार में कर्मचारी व बेरोजगारों को बड़ा झटका**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमुडा (हिमाचल अर्बन डेवेलपमेंट अथॉरिटी) में बड़े फेरबदल करते हुए 327 पद समाप्त कर दिए हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार ने नई एडवाइजर की पोस्ट सृजित कर दी है।



इस फैसले से कर्मचारियों और बेरोजगारों में गहरा रोष और निराशा है। इसी बीच सरकार ने नाहन स्थित हिमुडा का डिवीजन ऑफिस शिफ्ट कर घुमारवीं ले जाने का भी निर्णय लिया है।

इस कदम को लेकर विपक्ष ने सरकार पर पूरी तरह राजनीतिक कारणों से निर्णय लेने का आरोप लगाया है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने इस फैसले को जनविरोधी व नौजवान विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि जहां प्रदेश के युवाओं को नई नौकरियों की ज़रूरत है, वहां कांग्रेस सरकार 327 पदों को समाप्त कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल अपने चहेतों को एडजस्ट करने के लिए एडवाइजर जैसी नई पोस्टें बना रही है, जबकि बेरोजगारों को हतोत्साहित कर रही है। विपिन सिंह परमार ने कहा कि सुक्खू सरकार का ध्यान प्रदेश के विकास पर नहीं, बल्कि पदस्थापन और संस्थानों के राजनीतिक शिफ्टिंग पर केंद्रित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा इस फैसले का पुरजोर विरोध करेगी और कर्मचारियों व बेरोजगारों की आवाज को मजबूती से उठाएगी।

इस फैसले से स्थानिय लोगों को काफी समस्याओं का सामना उठाना पड़ेगा।

## बाबा भरथरी दंगल कमेटी का महादंगल 5 को होगा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** गांव गुराला में मिडल स्कूल के नजदीक महादंगल 5 अक्तूबर को आगाज होगा। इस महादंगल में नामी पहलवान अखाड़े में अपनी कुश्तियों के जौहर दिखाएंगे। बाबा भरथरी मेला दंगल कमेटी गांव गुराला दंगल कमेटी के प्रधान बलविंदर सिंह ने बताया मेले का आयोजन 5 अक्तूबर को किया जा रहा है। उन्होंने बताया फाइनल माली के विजेता को 21000 रुपए इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा इस दंगल प्रतियोगिता में हिमाचल पंजाब और हरियाणा के पहलवानों के बीच जोर अजामाइश होगी।

इस दंगल में महिला पहलवान भी हिस्सा ले सकती हैं इस कुश्ती प्रतियोगिता का गांव ब आस पास के लोगों बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कुश्ती प्रेमियों सहित दंगल में ज्यादा से ज्यादा पहलवानों से हिस्सा लेने की अपील की है।

# दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर करवाई संगोष्ठी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हंसराज ने सरस्वती विद्या मंदिर परिसर बैजनाथ में भाजपा संगठनात्मक जिला स्तरीय संगोष्ठी में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही वह इसके वैचारिक मार्गदर्शक और नैतिक प्रेरणा-स्रोत रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और नशा मुक्त भारत विषय पर संबोधन किया। उन्होंने कहा कि यदि हमारा देश का युवा नशा मुक्त रहता है तो स्वयंमेव भारत वर्ष हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी, जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल, जिला महामंत्री अभिमन्यु भट्ट, राजेश राणू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, सुरेंद्र राणा, जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी, महामंत्री अंजू कटोच, मण्डल उपाध्याय सुनील चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर बैजनाथ के छात्र-छात्राओं में कार्यक्रम में भाग लिया इसकी पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हंसराज शर्मा ने प्रशंसा की तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष हंसराज ने बैजनाथ बाजार में व्यापारियों से मुलाकात की तथा हाल ही में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी की दरों के कम होने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी आर्थिक सुधारों के लिए एक बहुत बड़ा कदम है,जिस का लाभ उपभोक्ताओं व व्यापारियों को दीर्घकाल तक मिलता रहेगा।

# सलोल-तियारा सड़क टूटने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, गगल**

भारी बरसात के चलते पिछले दिनों तियारा सलोल के बीच सड़क का हिस्सा गिरने से यातायात पूर्ण रूप से बाधित हो गया था, लेकिन उस समय बच्चों को छुट्टियां होने के कारण कोई परेशानी नहीं आई थी।

अब स्कूल खुल जाने से डीएवी स्कूल त्यारा, दिल्ली पब्लिक स्कूल, माउंट कार्मल स्कूल गगल, आदर्श पब्लिक स्कूल, बैली विहान पब्लिक स्कूल त्यारा आदि के बच्चों को प्रॉपर बस न मिलने से टाइम टेबल बिगड़ गया है ।

डीएवी स्कूल की प्रधानाचार्य एकता अत्री ने कहा है कि स्कूल में बच्चे पहुंच तो रहे हैं, लेकिन बच्चों के भविष्य की राह मुश्किल से कम नहीं है, क्योंकि बच्चे स्कूल तो आ रहे हैं लेकिन समय के भाव के चलते ठीक ढंग से शिक्षा ग्रहण नहीं कर रहे हैं । उन्होंने इस बारे में संबंधित विभाग को जल्द एक्शन लेना चाहिए ताकि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं।



तियारा-सलोल सड़क की खस्ताहालत का दृश्य।

इस समय स्थिति यह बनी हुई है बसें न आ सकती है और न ही जा सकती है केवल छोटे वाहन ही बड़ी मुश्किल से निकल रहे है जिस कारण स्कूली बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे है।

इस बारे लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अनुराग ने कहा कि जल्द तीन-चार दिन में इसकी रूप रेखा बनाने की तैयारी कर दी जाएगी और इस बारे में जिलाधीश हेमराज बैरवा तथा संबंधित विभाग को भी अवगत करवा दिया है और जल्द नए सिरे से इस डैमेज हुई सड़क को अमली जामा पहना दिया जाएगा।

## दो दिन में सड़क पर गिरा पेड़ न हटाया, तो होगा आंदोलन

**शुभम, अनंत ज्ञान, परागपुर।** लोअर करियाड़ा वार्ड नंबर-4 (बाबड़ी के पास) के लोग अब पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से तंग आ चुके हैं। लिंक रोड पर पिछले कई दिनों से गिरे पेड़ ने पूरे रास्ते को जाम कर रखा है, जिससे गांववासियों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है कर्नल हेम राज, कैप्टन रणबीर सिंह, पं. कृष्ण चंद, त्रिलोक राज, पं. जगत राम सहित पूरे इलाके के लोगों ने विभाग को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर तय समय में सडक़ पर गिरा पेड़ नहीं हटाया गया तो वे मजबूरन धरना-प्रदर्शन और सड़क जाम करने जैसे कड़े कदम उठाएंगे। उनका कहना है कि रोजाना स्कूल जाने वाले बच्चों, स्कूल बस चालकों, एलपीजी सप्लाई वाहनों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गांववासियों ने साफ शब्दों में कहा है कि यह सिर्फ एक पेड़ हटाने का मामला नहीं है, बल्कि आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा मुद्दा है। उनका कहना है कि अगर विभाग ने लापरवाही जारी रखी तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन बड़े जनआक्रोश का रूप ले सकता है।

# डॉ. बीआर शर्मा योग विज्ञान की गवर्निंग काउंसिल में सदस्य नामित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** नगर परिषद बैजनाथ पपरोला के वार्ड नंबर 10 खतरेहड़, निवासी प्रो. डाक्टर बीआर शर्मा जो हाल ही में अपना कुलपति, श्रीश्री विश्वविद्यालय, कटक, ओडिशा का कार्यभार पूरा कर लौटे हैं, को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने अंतर विश्वविद्यालयीय योग विज्ञान केंद्र की शासी परिषद का सदस्य नामित किया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए सत्यापित हुआ है । यह नामांकन केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय विश्विद्यालयों के दो कुलपतियों की श्रेणी में किया गया है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2018 में स्थापित यह केंद्र योग शिक्षा के प्रचार-प्रसार, शोध तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनवरत कार्यरत है।



इसकी शासी परिषद देश के प्रसिद्ध व प्रतिष्ठित विद्धानों, योग विशेषज्ञों तथा विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से गठित होती है, जिसका संचालन यूजीसी के अध्यक्ष द्वारा संचालित होता है। गत 40 वर्षों से योग के तथा भारतीय दर्शन ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में प्रो. बी आर शर्मा का योगदान उल्लेखनीय रहा है। जिसके फल स्वरूप उनको अनेक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के लिए योगाभ्यास बेंचमार्क बनाने के लिए दिल्ली में सम्मानित किया गया। डॉ शर्मा वर्तमान में योग सर्टिफिकेशन बोर्ड तथा साइंटिफिक एडवाइजरी बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। उनकी गुणवत्ता के आधार पर भारत में कई योगसंस्थाओं एवं विश्वविद्यालयों नामित क्या गया है।

प्रो. शर्मा के यूजीसी द्वारा इस चयन के साथ हिमाचल प्रदेश विशेषत बैजनाथ पपरोला के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में माना जा रहा है क्योंकि छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्मा व्यक्ति कर्मठता से यहां तक आया है।

# स्वीकृत कार्यों को जल्द किया जाए शुरू : भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने आज संयुक्त कार्यालय के सभागार में उपमंडल स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में नूरपुर उपमंडल के अंतर्गत केंद्र प्रायोजित योजनाओं, सांसद निधि और विधायक निधि से चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। सांसद डॉ. भारद्वाज ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी पंचायती चुनावों से पूर्व आचार संहिता लागू होने से पहले सभी स्वीकृत कार्यों की औपचारिकताएँ शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य आरंभ किए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सांसद व विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों को आगामी 10 दिनों के भीतर प्रारम्भ किया जाए।

साथ ही एसडीएम को इन कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। जल शक्ति विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने निर्देश दिए कि सांसद निधि से स्वीकृत हैंडपंप इंस्टॉलेशन कार्य अगले वर्ष जून माह में ही किए जाएं, ताकि गर्मी के मौसम में भूमिगत जलस्तर का सही आकलन कर उपयुक्त स्थान का चयन किया जा सके।



बैठक की अध्यक्षता करते सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज और मौजूद अधिकारी व अन्य।

उन्होंने बताया कि हाल ही में नूरपुर शहर में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसके समाधान हेतु विधायक रणवीर निक्का ने अपनी निधि से 2 बोरवेल कराए हैं। सांसद ने विभाग को निर्देश दिए कि शीघ्र इन बोरवेल में मोटर लगाकर पाइप को मुख्य टैंक से जोड़ा जाए ताकि भविष्य में पानी की समस्या न आए। बैठक में विद्युत ढांचे को मजबूत बनाने वाली आरडीएसएस योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत पुराने ट्रांसफार्मरों और तारों का नवीनीकरण, नई लाइनों का निर्माण तथा स्मार्ट मीटरिंग को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि नूरपुर उपमंडल में अब तक 28 में से 25 ट्रांसफार्मर अपग्रेड किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पठानकोट-मंडी फोर लेन के कंडवाल से भेडखड्डु खंड में कार्य पहले धीमी गति से चल रहा था, जिससे लोगों को कठिनाइयां झेलनी पड़ीं। अब इस कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है और 15 नवम्बर तक कंडवाल से बौड़ तक का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

सांसद ने निर्माण कंपनी के अधिकारियों को सडक़ की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। सांसद ने कहा कि वे अपने संसदीय क्षेत्र के सभी उपमंडलों में इस तरह की बैठकें कर रहे हैं।

# पौंग झील में 62 .52 लाख मछली का डाला बीज, मछुआरों की आय में होगी वृद्धि

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

- **कतला, रोहू, मोरी और ग्रास कार्प के बीज डाले**

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले की महाराणा प्रताप सागर झील (पौंग झील) में मत्स्य विभाग ने इस वर्ष मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 62.52 लाख मछली बीज डाले हैं।

इन बीजों का आकार 70 मिमी से अधिक रखा गया है ताकि उनकी पैदावार बेहतर हो सके। मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल ने बताया कि इस बार प्रमुख प्रजातियों - कतला (23.46 लाख), रोहू (24.06 लाख), मोरी (5 लाख) और ग्रास कार्प (10 लाख) के बीज संग्रहित किए गए। बीज डालने की यह प्रक्रिया झील के सिहाल, डाडासीबा और जंबल (बेही) जैसे स्थानों पर पूरी की गई।

अंतिम चरण 25 सितंबर को फतेहपुर के सिहाल में सम्पन्न हुआ, जिसमें एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभागीय पर्यवेक्षक, सहायक निदेशक मत्स्य पालमपुर राकेश कुमार, सहायक निदेशक पौंग बांध संदीप कुमार, मत्स्य अधिकारी पंकज पटियाल, अंकुश धीमान,पंचायत नेरना के प्रधान सुशील चौधरी समेत विभागीय स्टाफ और स्थानीय मछुआरे उपस्थित रहे। पौंग झील में हर साल लाखों की संख्या में बीज डाले जाते हैं। वर्ष 2024-25 में झील से 3,87,533 किलोग्राम मछली का उत्पादन हुआ, जिसकी बाजार कीमत लगभग 8.92 करोड़ रही। इससे विभाग को करीब 1.33 करोड़ की रॉयल्टी प्राप्त हुई।

इस साल नंदपुर मत्स्य सहकारी सभा ने मछली की रिकॉर्ड कीमत 312 प्रति किलोग्राम हासिल की, जो अब तक की सर्वाधिक दर है। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल झील के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना है, बल्कि स्थानीय मछुआरों की आय में वृद्धि कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करना भी है।

**आरोप**

## कर्नल कोहली बोले-ओबीसी में 48 जातियां व चार क्षेत्र शामिल, कहा-

# यात्रा को जातिवादी रंग देने की कोशिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ओबीसी सामाजिक यात्रा कोई जाति-आधारित यात्रा नहीं है। ओबीसी वर्ग में 48 जातियां और चार क्षेत्र शामिल हैं। इन चार क्षेत्रों में, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को छोडक़र सभी जातियां ओबीसी वर्ग में आती हैं, जिनमें राजपूत, ब्राह्मण और अन्य सामान्य वर्ग के लोग शामिल हैं। इसलिए, कुछ निहित स्वार्थी तत्व जानबूझकर इस सामाजिक न्याय यात्रा को जातिवादी रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।



यह बात हिमाचल अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंडल (पंजीकृत) के अध्यक्ष और भारतीय क्षत्रिय घृत बाहती चाहंग (बीकेजीबीसी) हिमाचल इकाई के मुख्य सलाहकार कर्नल स्वरूप कोहली ने कही। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 340 का हवाला दिया, जिसके तहत 1953 में श्री काका कालेलकर की अध्यक्षता में पहला ओबीसी आयोग गठित किया गया था और इसकी रिपोर्ट 1955 में सरकार को सौंपी गई थी, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। 1979 में बीपी मंडल की अध्यक्षता में दूसरा ओबीसी आयोग गठित किया गया था और इसकी रिपोर्ट 1980 में सरकार को सौंपी गई थी। तत्कालीन सरकार ने दस साल तक कोई कार्रवाई नहीं की। बीपी मंडल द्वारा की गई सिफारिशें 7 अगस्त, 1990 को लागू की गईं जिसका प्रदेश में पूर्णरूप से कार्यान्वयन अभी भी अपेक्षित है । 93वां संविधान संशोधन 20 जनवरी, 2006 को लागू हुआ, लेकिन हिमाचल प्रदेश सरकार देश की एकमात्र राज्य सरकार है जिसने शैक्षणिक संस्थानों में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू नहीं किया है। कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश से संबंधित 103वां संविधान संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू किया गया और ओबीसी वर्ग को उनके संवैधानिक अधिकारों से बंचित रखना तत्कालीन सरकारों द्वारा ओबीसी वर्ग की प्रति सोचा समझा पक्षपात है ।

कर्नल कोहली ने साक्षात्कारों में ओबीसी उम्मीदवारों को अनुपयुक्त घोषित करने और रिक्त पदों को सामान्य वर्ग में स्थानांतरित करने की साजिश पर भी चिंता व्यक्त की। ओबीसी सामाजिक न्याय यात्रा न केवल एक जागरूकता अभियान है, बल्कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और संवैधानिक न्याय का आह्वान भी है।

## छात्रवृत्ति के लिए मेधावी विद्यार्थियों की सूची जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने मार्च 2025 की परीक्षाओं से सम्बंधित इन्स्पायर स्कालरशिप फॉर हाइर एजुकेशन (भारत सरकार) के लिए मेधावी विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि इस छात्रवृत्ति के लिए वही परीक्षार्थी पात्र होंगे, जिनके विज्ञान संकाय में कुल अंक 465 या उससे अधिक हैं।

योग्य विद्यार्थियों की सूची तथा एडवाइजरी नोट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक परीक्षार्थी एडवाइजरी नोट में दिए गए वेबसाइट लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा बोर्ड कार्यालय द्वारा योग्य मेधावी विद्यार्थियों को पत्र भी भेजे जा चुके हैं, ताकि वे समय पर आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकें।

# धौलाधार की पहाड़ियों पर कार्य कर रहे मजदूरों का इंटक ने जाना हाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




ऑल हिमाचल पीडी आईपीएस एवं कांट्रैक्चुअल वर्कर यूनियन की टीम तथा हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य श्रम कल्याण बोर्ड के श्रम कल्याण अधिकारी धर्ममशाला लोकेश शर्मा व उनके सहयोगियों ने संयुक्त रूप से मनूणी खड्ड में स्थित इंदिरा प्रियदर्शिनी हाइडल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना में कार्यरत कामगारों को श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकरण की प्रक्रिया और बोर्ड से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी तथा उनकी समस्याएं भी सुनीं।

गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट में जुलाई माह में 8 कामगारों की मृत्यु हो गई थी, परंतु वे श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकृत नहीं थे। यदि उनका पंजीकरण हुआ होता तो उनके आश्रितों को मुआवजा राशि प्राप्त हो सकती थी। वर्तमान में प्रोजेक्ट में लगभग 50 कामगार कार्यरत हैं, जिनमें अधिकतर ने 90 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है।श्रम कल्याण अधिकारी ने पंजीकृत कामगारों को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं एवं लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर इंटक अध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि यूनियन मजदूरों के अधिकारों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कंपनी प्रबंधन से आग्रह किया कि कामगारों को समय पर सुरक्षा उपकरण और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

कंपनी प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि पहले से ही सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं और अन्य सुविधाओं में भी सहयोग किया जाएगा। प्रोजेक्ट में कार्यरत 15 से 20 कामगार नेपाल से आए प्रवासी मजदूर हैं, जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं।

अधिकारी ने कहा कि यदि वे दस्तावेज उपलब्ध करवा दें तो उनका भी श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकरण शीघ्र किया जाएगा। जुलाई 2025 में घटी घटना को यूनियन द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उठाया गया था।

## रोटरी क्लब शाहपुर एक माह में देगा बेघर को घर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** इस बार हुई बरसात में दुर्गेला निवासी सुभाष चंद पुत्र कांशी राम का घर ढह गया था। रोटरी क्लब शाहपुर के सदस्यों ने एक सप्ताह में ही आपसी योगदान और अन्य दानवीरों की सहायता से बेघर हुए सुभाष के घर का नींव पत्थर रख कर काम शुरू कर दिया। एक कमरे बाथरूम रसोई का निर्माण एक माह में ही करके घर पीड़ित को सौंपने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

रोटरी क्लब शाहपुर को सोलह सितंबर को इस घटना की जानकारी मिली तो पता चला कि पीड़ित व्यक्ति मानसिक रूप से भी अस्वस्थ है और साथ वाली दुकान के बरामदे में रातें बिता रहा है। उसके पास न आधार न राशन कार्ड और न ही वोटर कार्ड या पंचायत में उसका कोई रिकॉर्ड है। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन सत्येंद्र गौतम ने बताया कि उसी दिन क्लब ने स्थानीय रोटरी क्लब सदस्यों रोटेरियन गंधर्व पठानिया और करनैल चौहान की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। स्थानीय प्रधान भारती सिंह के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया और निर्णय लिया कि क्लब सदस्यों पंचायत प्रधान और अन्य दानदाताओं की सहायता से सुभाष को आवास बनवा कर दिया जाएगा। सत्येंद्र ने कहा कि आवश्यक दस्तावेज बनाने की प्रक्रिया आरंभ की गई है ।

## न्यूज ब्रीफ

### चांदड़ बमियाल में निकला दूधिया पानी पीने योग्य नहीं

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** खंड चिकित्सा अधिकारी भवारना ने ग्राम पंचायत चांदड़ बमियाल की प्रधान को पत्र लिखकर बताया कि चांदड़ गांव में निकल रहे दूधिए पानी का जल शक्ति विभाग ने परिक्षण हेतु नमूना लिया था और उसे परिक्षण करने के लिए लेब भेजा था। जिसकी रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पानी पीने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके उपयोग करने पर बिमारी फैल सकती है। उन्होंने प्रधान सहिबा को कहा कि वह सर्वसाधारण को सूचित करें एवं ऐसे कदम उठाएं ताकि इस पानी को पीने के उपयोग में न लाया जा सके।चिकित्सा अधिकारी भवारना ने इस पत्र की एक-एक प्रतिलिपि उपमंडल अधिकारी पालमपुर व विकास खंड अधिकारी सुलह/ भवारना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया है।

### लोगों की आपत्तियों पर गौर कर बनेगी मतदाता सूची

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उप-मंडलीय अधिकारी (सिविल) पालमपुर नेत्रा मेती ने कहा है कि पालमपुर नगर निगम चुनावों को लेकर जनप्रतिनिधियों और मतदाताओं की आपत्तियों पर गौर करने के पश्चात मतदाता सूची पर उचित कार्रवाई की जाएगी। सूची से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को अपनाते हुए अंतिम मतदाता सूची तैयार की जाएगी ताकि मतदान से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। मामले पर एसडीएम सभागार में बैठक का आयोजन किया गया और उन्होंने बैठक की अध्यक्षता भी की। इस दौरान उन्होंने उपरोक्त बात कही। बैठक में नगर निगम पालमपुर के जन-प्रतिनिधि और विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान 20 सितंबर को जारी निगम क्षेत्र की ड्राफ्ट सूची पर मतदाताओं के आक्षेपों पर चर्चा की गई। नगर निगम के जन-प्रतिनिधियों और विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रक्रियों से संबंधित सवाल भी किए और चुनाव आयोग की ओर से एसडीएम एवं अन्य अधिकारियों ने उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। एसडीएम नेत्रा मेती ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शिता को साथ मतदाता सूची को अंतिम रूप प्रदान करना आयोग की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होनें कहा कि नगर निगम पालमपुर क्षेत्र की ड्राफ्ट सूची पर 26 सितंबर 2025 तक 6 आक्षेप दर्ज किए गए हैं। इनका समाधान नियमों के अनुसार किया गया है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए करवाई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के परीक्षा हॉल में करियर गाइडेंस काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा निम्बस अकादमी चंडीगढ़ के सहयोग से कैरियर और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कौशल और रणनीतियां विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों का करियर मार्गदर्शन करना, रक्षा सेवाओं में अवसर, वर्तमान घटनाओं की समझ और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था। राजीव कुमार और दिनेश वर्मा बतौर रिसोर्स पर्सन मौजूद रहे। राजीव कुमार ने छात्रों को समसामयिक विषयों, समाचार पत्र अध्ययन और सही जानकारी के साथ वर्तमान की घटनाओं को समझने और उसका विश्लेषण करने की तकनीक सिखाई। उन्होंने छात्रों को यह समझाया कि किस प्रकार से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक दृष्टिकोण भी प्रदान करती हैं। मंच संचालन प्रोफेसर साहिल महाजन द्वारा किया गया। अंत में एक प्रश्नोत्तरी करवाई गई और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. अनुपम डोगरा, डॉ. अनुराधा शर्मा, प्रोफेसर धनवीर, प्रोफेसर विवेक चौधरी, प्रोफेसर राजीव भोरिया, डॉ. निशा चंदेल प्रोफेसर तरसेम, प्रोफेसर मयंक, डॉ. दिवाकर प्रोफेसर सुरेश उपस्थित रहे।

### छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विवेका फाउंडेशन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मनसिम्बल के छात्रों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बस स्टैंड पालमपुर पर एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक का सफल मंचन किया। स्वच्छोत्सव थीम पर आधारित यह जागरूकता के जरिए यात्रियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। विद्यालय की थिएटर एवं संगीत विभाग की अध्यापिका नीरा चौहान के मार्गदर्शन तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक सूबेदार मेजर केवल राणा (सेवानिवृत्त) के सहयोग से छात्रों ने अपनी सशक्त प्रस्तुति दी। बच्चों ने जोशीले नारों और अभिनय के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया और केंद्र सरकार की विभिन्न स्वच्छता योजनाओं के बारे में भी जागरूकता फैलाई। इस प्रेरणादायक प्रयास की स्थानीय लोगों और गण्यमान्य व्यक्तियों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम में हिमाचल पथ परिवहन निगम पालमपुर के अधिकारी नितेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुमित ठाकुर सहित कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों के इस कदम की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हर नागरिक का परम कर्तव्य है।

### तीस अक्तूबर से सजेगा डीआईएफएफ का मंच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी धर्मशाला के तिब्बती चिल्ड्रन्स विलेज में 30 अक्तूबर से धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल (डीआईएफएफ) का मंच सजने जा रहा है। 2 नवंबर तक आयोजित होने वाले डीआईएफएफ में दुनिया भर की विभिन्न शैलियों, देशों और भाषाओं की फिल्मों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित होगी। धर्मशाला के लुभावने पहाड़ी परिदृश्यों के बीच चार दिनों तक प्रभावशाली कहानियों, फिल्म निर्माताओं प्रेरक बातचीत देखने व सुनने का मौका दर्शकों को मिलेगा। डीआईएफएफ के लिए चयनित फिल्मों में 100 सनसेट, अलाव, द वोल्वेस ऑलवेज कम एट नाइट, द लव दैट रिमेन्स, नीकैप, कटिंग थ्रू रॉक्स, रोमेरिया, सबर बोंदा, आई द सांग शामिल हैं। डीआईआईएफ के आयोजन रीतू सरीन व तेन्जिन सोनम ने बताया कि इसके अलावा अन्य फिल्मों का भी चयन किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिकों ने की धार्मिक पिकनिक यात्रा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र पालमपुर द्वारा एक दिवसीय धार्मिक पिकनिक यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का आयोजन गढ़ माता मंदिर परौर एवं गोबिंद आनंद आश्रम तक किया गया। गढ़ माता मंदिर परिसर में वरिष्ठ नागरिकों ने आपसी सहयोग से भोजन तैयार कर छोटा भंडारा आयोजित किया। इस दौरान भजन-कीर्तन व नृत्य भी हुए। नवरात्रों के पावन अवसर पर माता जी के दर्शन कर सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत यात्रा दल गोबिंद आनंद आश्रम पहुंचा, जहां सभी वरिष्ठ नागरिकों ने भक्ति और शांति का अद्भुत अनुभव लिया। यह यात्रा वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र पालमपुर के समन्वयक श्री मनीष कुमार (फिजियोथैरेपिस्ट) एवं डॉ. शिल्पी पठानिया के मार्गदर्शन और बुजुर्गों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### आपदा में देवदूत बनी गढ़वाल राइफल्स



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा-संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने 16वीं गढ़वाल राइफल्स की वीरता और सेवा-भाव की सराहना करते हुए बटालियन को प्रशंसा पत्र भेंट किया। हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान सैनिकों ने न केवल जनजीवन की रक्षा की, बल्कि अनुकरणीय साहस और सेवा भाव का परिचय दिया। 17-18 सितम्बर 2025 को कांगड़ा जिले के सुलह विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बछवाई में आए भूस्खलन से 14 मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। इस दौरान ग्रामीण जान-माल के संकट में फंस गए। ऐसे कठिन हालात में 16वीं गढ़वाल राइफल्स के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकाला। साथ ही उन्हें प्राथमिक उपचार, भोजन-पानी व अन्य आवश्यक संसाधन मुहैया कराए। सैनिकों ने प्रभावित घरों से घरेलू सामान और बहुमूल्य वस्तुएं भी सुरक्षित निकालकर परिवारों को सौंपीं। सांसद ने कहा कि गढ़वाल राइफल्स के इस अदम्य साहस और अथक प्रयास ने न केवल ग्रामीणों का जीवन बचाया बल्कि उनका मनोबल भी मजबूत किया है। सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज व विधायक विपिन सिंह परमार ने बटालियन के कमान अधिकारी और सभी सैनिकों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए धन्यवाद कर प्रशस्ति पत्र कर्नल अर्पित पारीक को संयुक्त रूप से भेंट किया। विपिन सिंह परमार ने भी सेना की सराहना करते हुए कहा कि 16वीं गढ़वाल राइफल्स ने न केवल बछवाई पंचायत, बल्कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रभावित गांवों में भी साहसिक और सेवा-भाव से भरे कार्य किए हैं।

### झंडा रस्म के साथ लोअर लंबागांव में रामलीला शुरू

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आशापुरी राम लीला कला मंच लोअर लंबागांव में शुक्रवार को झंडा रस्म के साथ भगवान श्री राम लीला का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर कला मंच के अध्यक्ष मेहर सिंह, विनोद मैहरा, राजेश मेहरा, अमन चौहान, वैभव सूद, अंकू राजू के साथ सभी सदस्य भी उपस्थित रहे।

# जिला को टीबी मुक्त बनाना प्रशासन का लक्ष्य : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



▶ डीसी ने की जिला स्तरीय मल्टी सेक्टोरल बैठक की अध्यक्षता

उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी बैठक कक्ष में जिला स्तरीय मल्टीसेक्टोरल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान तथा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की प्रगति और भावी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई और विशेष अभियान के अंतर्गत अब तक की उपलब्धियों की समीक्षा की गई।

उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि इन दोनों अभियानों का उद्देश्य न केवल रोगों की शीघ्र पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करना है, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना करना भी है। उपायुक्त हेम राज बैरवा ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि आने वाले समय में कांगड़ा जिला को पूर्णत: टीबी मुक्त बनाया जाए और साथ ही महिलाओं एवं परिवारों के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि कमजोर एवं उच्च जोखिम वाले वर्गों तक अभियान का विस्तार किया जाए और इसमें औद्योगिक क्षेत्र, जनजातीय इलाकों, धार्मिक स्थलों, आवासीय विद्यालयों, निर्माण स्थलों, शहरी झुग्गियों और वृद्धाश्रमों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि पोषण हस्तक्षेप और देखभाल के माध्यम से टीबी से मृत्यु दर कम करने का संकल्प लिया जाए।

उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों, कॉर्पोरेट संस्थानों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं को जोड़ा जा रहा है। निक्षय मित्र द्वारा पोषण सहयोग, मनोसामाजिक सहयोग, डायग्नॉस्टिक सुविधा और आजीविका प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

डायबिटीज एवं उच्च बीएमआई वाले टीबी मरीजों को मिलेट आधारित पोषण किट का वितरण किया जा रहा है तथा अन्य मरीजों को पोषण किटें भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीनों और एनएएटी टेस्टिंग मशीनों की मदद से शीघ्र जांच को गति प्रदान की जा रही है। डॉ. आरके सूद ने बताया कि अभियान के दौरान महिला स्वास्थ्य जांच, महिलाओं में हाइपरटेंशन, डायबिटीज और किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया जांच की सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

### मरम्मत के चलते आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सहायक अभियंता विद्युत सुभाष कपूर ने बताया कि विद्युत उपमंडल कुदैल के अधीन आने वाले कुदैल फीडर की मरम्मत कार्य के चलते 27 सितंबर 2025 को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक सकड़ी, कुंसल, चोबू, ठारा, बैजनाथ, शीतला, बाबा काठक, वही के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सुभाष कपूर ने जनता से सहयोग का आग्रह किया है।

## चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में 5वें दिन 5500 श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, योल**

शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन शुक्रवार को चामुंडा नन्दिकेश्वर धाम मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

जैसे ही भोर की पहली किरण फूटी, वैसे ही मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की कतारें दर्शन को उमड़ पड़ीं। दिनभर मंदिर प्रांगण में जय माता दी और हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। करीब 5500 श्रद्धालुओं ने मां चामुंडा और भगवान शिव के दरबार में शीश नवाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। महिलाएं चुनरी और नारियल लेकर पहुंचीं, तो युवा वर्ग व बुजुर्ग भी पूरे उत्साह के साथ दर्शन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मंदिर परिसर में भक्तों की टोलियां भजन-कीर्तन गाते हुए आस्था का माहौल और भी भक्तिमय बना रही थीं।

मंदिर अधिकारी राकेश ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार अभी तक यात्रा कम रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन की ओर से पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।

## जितेंद्र सिंह ने माधोपुर हेडवर्क्स का किया दौरा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**पठानकोट।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह राणा आज खास तौर से जिला पठानकोट पहुंचे ओर माधोपुर हेडवर्क्स का दौरा किया, उनके इस विशेष दौरे के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के प्रधान व विधायक अश्वनी शर्मा, पूर्व डिप्टी स्पीकर दिनेश सिंह बब्बू समेत पार्टी के कई नेतागण व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे । मंत्री जतिंद्र सिंह राणा ने माधोपुर हेडवर्क्स पर हुई घटना को पुरी तरह से अधिकारियों की लापरवाही करार दिया है। उन्होंने कहा की अगर समय रहते हेडवर्क्स की जांच पड़ताल कर ली जाती तो इतनी बड़ी त्रासदी नहीं हो सकती थी।

विधायक अश्विनी शर्मा ने कहा की इस घटना की कसूरवार पंजाब सरकार ओर उनके अधिकारी है जिनकी गैर जिम्मेदाराना हरकत के कारण हजारों लाखों लोग घरों से बेघर हो गए। उन्होंने कहा की इस घटना की जिम्मेदारी फिक्स होनी चाहिए ओर कसूरवार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## सीता स्वयंवर की भव्य प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



धलूं पंचायत में उड़ान फाउंडेशन के बैनर तले आर्यन युवा क्लब द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला के तीसरे दिन वीरवार शाम को सीता स्वयंवर का भव्य मंचन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक संगीतमय धुनों व लोक प्रिय गीतों से हुई, जिन्होंने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। मंच पर राजा जनक का दरबार बड़े ही राजसी अंदाज में सजाया गया, जहां आए हुए राजकुमारों का स्वागत दरबारी पारंपरिक रीति से कर रहे थे। दरबार में शिव धनुष को उठाने के प्रयास में एक-एक कर राजकुमार आते हैं, पर सभी असफल रहते हैं। अंतत: भगवान राम धनुष उठाते हैं और उसे तोड़ते हुए सीता के स्वयंवर के विजेता बनते हैं। रामलीला कमेटी के प्रधान कुणाल ने बताया कि आगामी दिनों में वनवास, रावण-वध जैसे रोचक प्रसंगों का मंचन किया जाएगा।

## स्टूडेंट्स ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी और साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी में मनाया गया। विश्व फार्मेसी दिवस सप्ताह जो की विद्यार्थियों द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप सीएमडी कंवर तुषार पुंज में शामिल थे।

श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बधानी, पठानकोट, पंजाब ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया।

राष्ट्रीय फार्मेसी-डे पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज ने स्टाफ और स्टूडेंट्स को सम्बोदित करते हुए कहा कि फार्मेसी-डे आ गया है और यह कितना रोमांचक समय है। फार्मेसी डे प्रत्येक वर्ष सितंबर 25 के तीसरे सप्ताह के दौरान होता है । उचित दवा पद्धतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए फार्मेसी के छात्रों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक (नुक्कड़ नाटक) का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने किया। एसएसजीआई, बधानी के मुख्य प्रबंध निदेशक कंवर तुषार पुंज ने छात्रों को संबोधित किया और केवल योग्य चिकित्सा चिकित्सकों और फार्मासिस्टों की देखरेख में दवाओं के उपयोग के महत्व पर जोर दिया।

राष्ट्रीय फार्मेसी के अबसर पर प्रिंसिपल डॉ. राजेश गुप्ता ,प्रिंसिपल मुकेश गुप्ता डॉ. गिरीश गुप्ता नीरज , स्टाफ, स्टूडेंट्स शामिल थे।





### सालगिरह मुबारक



कलोहा के प्रदीप चौधरी और साक्षी चौधरी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।


## पर्यटन सांस्कृतिक गौरव जगाने का माध्यम : प्रो . सुनील



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पर्यटन सप्ताह उत्सव के अंतर्गत पांचवें दिन विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं पर्यटन सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में स्टेकोल्डर्स कॉन्क्लेव, ट्रेजर हंट सहित अन्य गतिविधियां शामिल रहीं। प्रतियोगिता छात्रों के बीच टीमवर्क का एक सफल प्रयास साबित हुई।

मुख्यातिथि प्रो. सुनील ठाकुर (अधिवक्ता छात्र कल्याण) ने कहा कि पर्यटन केवल आर्थिक दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह समाज में सांस्कृतिक गौरव जगाने और सामाजिक समावेश सुनिश्चित करने का भी माध्यम है।

विशिष्ट अतिथि विनय धीमान पर्यटन विकास अधिकारी ने कहा कि पर्यटन केवल आर्थिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह समाज का सांस्कृतिक और सामाजिक केंद्र भी है।

## शाहपुर क्षेत्र में 202 करोड़ की पेयजल एवं सिंचाई योजना लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

▶ शाहपुर सहित तीन विधानसभा के 24 हजार से अधिक किसान होंगे लाभान्वित : पठानिया

ज्वाली, शाहपुर और देहरा विधानसभा क्षेत्रों के किसानों की भूमि को सिंचाई सुविधा देने हेतु 213 करोड़ की लागत से सूखाहार मध्यम सिंचाई योजना लागू की जा रही है। इस योजना से लगभग 24,120 किसानों की 2186 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

शाहपुर विधानसभा के चंगर क्षेत्र की चार पंचायतों के दस गांवों में 2000 किसानों की 337 हेक्टेयर भूमि को भी इस योजना से सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। शाहपुर विधानसभा में कुल लगभग 202 करोड़ रुपए की विभिन्न पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इनमें जल जीवन मिशन के तहत 56.31 करोड़, नाबार्ड में 28.76 करोड़, एडीबी के तहत 43.63 करोड़, सीवरेज पर 56.56 करोड़ और अन्य योजनाओं पर लगभग 17 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं। यह बात जल भवन में शुक्रवार को जलशक्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का क्षेत्रवार डाटा तैयार करें, पानी की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करवाएं और जो योजनाएं लगभग पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कर लोकार्पित करवाएं। विभागों से तालमेल कर काम की गति को और बढ़ाएं ताकि निर्धारित समयावधि में योजनाओं को पूरा किया जा सके।

जलशक्ति विभाग के मुख्य अभियंता दीपक गर्ग ने आश्वासन दिया कि उपमुख्य सचेतक के निर्देशों की अनुपालना की जाएगी। अधीक्षण अभियंता विशाल जसवाल ने विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### गांधी जयंती पर निकाली जाएगी प्रभात फेरी :एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एडीसी विनय कुमार ने बताया कि 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के अवसर पर प्रात: छह बजे कचहरी अड्डा हनुमान मंदिर के पास से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें अधिकारीगण, स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक संस्थाएं व शिक्षण संस्थानों के बच्चे भाग लेंगे। यह प्रभातफेरी भजन मंडलियों के साथ पोस्ट आफिस, हॉस्पीटल रोड, नगर निगम कार्यालय से होते हुए गांधी वाटिका तक पहुंचेगी।

गांधी वाटिका में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पमालाएं अर्पित करेंगे। प्रभातफेरी के उपरांत गांधी वाटिका में सर्वधर्म प्रार्थना व कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

एडीसी सभी शहरवासियों से गांधी जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी में शामिल होने का भी आग्रह किया। नगर निगम तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को भी स्वच्छता तथा अन्य तैयारियों के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा है।

## स्कूलों को सीबीएसई में शामिल करने के निर्णय को वापस ले सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश के 100 स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ने पर स्कूल शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ ने कड़ा ऐतराज जताते हुए इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है। संघ का कहना है कि यदि सरकार ने इस पर विचार नहीं किया तो संघ आंदोलन के लिए मजबूर होगा। बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा कुछ सरकारी विद्यालयों को प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से हटाकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जोड़ने का निर्णय पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। संघ का मानना है कि एचपी बोर्ड से श्रेष्ठ अध्यापकों को हटाकर सीबीएसई विद्यालयों में भेजना शिक्षक संघ को कमजोर करने की रणनीति है। सरकार उक्त विषय को गंभीरता से नही लेती है तो संघ सरकार के विरोध में कड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार व बोर्ड प्रशासन की होगी।

**आदेश** अस्पतालों, पेट्रोल पंपों के करीब पटाखों की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

## चिन्हित स्थानों पर ही होगी पटाखों की बिक्री

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** त्योहारी सीजन में जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने, शांति बनाए रखने और मानव जीवन तथा संपत्ति के खतरे को रोकने के लिए उपमंडल प्रशासन पालमपुर ने पटाखों की बिक्री को लेकर आदेश जारी किए हैं। एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की ओर से इस संबंध में आज आदेश जारी किए गए हैं।

बीएनएसएस की धारा 163 जारी आदेशों में पटाखों की अस्थायी दुकानें केवल प्रशासन द्वारा अनुमोदित स्थलों पर ही सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक लगाई जा सकती हैं। इसके अलावा प्रतिबंधित, तीव्र ध्वनि वाले पटाखों की बिक्री और उपयोग पर सख्त रोक है। किसी भी विक्रेता की दुकान स्कूलों, अस्पतालों, पेट्रोल पंपों या धार्मिक स्थलों के करीब नहीं होनी चाहिए।

जारी आदेशों के तहत प्रत्येक विक्रेता के पास पर्याप्त अग्नि सुरक्षा उपकरण रखना अनिवार्य है। अन्य पंचायत क्षेत्रों के विक्रेताओं को भी यह निर्देश दिया गया है कि वे पटाखों की बिक्री केवल खुली जगह में ही करें, जिससे जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके, इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एसएचओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और नगरपालिका प्राधिकरण जिम्मेदार होंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 188 आईपीसी, विस्फोटक अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 25 सितंबर 2025 से 20 अक्तूबर 2025 तक प्रभावी रहेगा।

### पटाखों की बिक्री के लिए ये स्थान किए चिन्हित

**पटाखों** की बिक्री के लिए अधिसूचित मुख्य स्थानों में मुख्य पालमपुर बाजार और आसपास के क्षेत्रों के लिए शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा ग्राउंड पालमपुर, मारंडा बाजार के लिए ट्रक यूनियन के पास खुला स्थान, भवारना बाज़ार के लिए सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना का ग्राउंड (स्कूल बंद होने के पश्चात), पंचरुखी बाजार के लिए बीडीओ पंचरुखी के पीछे का ग्राउंड, पाहड़ा बाजार के लिए बास्केट बॉल ग्राउंड पाहड़ा, परौर बाज़ार के लिए परौर बाजार के पास का ग्राउंड, डाढ़ बाजार के लिए डाढ़ बाजार के पास का ग्राउंड, नगरी बाजार के लिए टैक्सी स्टैंड के पास नगरी ग्राउंड, सुलह बाजार के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के पास सुलह स्टेडियम, गांव डरोह उप-तहसील भवारना के लिए सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल डरोह का ग्राउंड, आर्मी कैंट पालमपुर के पास होलटा के लिए ओपन ग्राउंड, और गांव अपर खैरा उप-तहसील भवारना के लिए माता सुन्यारी मंदिर के पास का ग्राउंड शामिल हैं।

### प्रदेश सरकार ने दी 500 करोड़ की राहत : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि केंद्र ने प्रदेश को 1500 करोड़ रुपए के राहत पैकेज की घोषणा की है लेकिन राज्य सरकार को अभी तक एक पाई भी नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की टीमों ने प्रदेश का दौरा कर नुकसान का मूल्यांकन किया है लेकिन राहत के तौर पर अभी तक कोई मदद नहीं मिली है। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि इस मानसून सीजन के दौरान राज्य को 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान का आकलन किया गया है जिसमें सरकारी व गैर-सरकारी संपत्ति शामिल है। सड़क मार्गों, कृषि आर बागवानी भूमि को ज्यादा नुकसान हुआ है। 2023 में भी आपदा के लिए केंद्र से पर्याप्त राशि नहीं मिली, जबकि प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से 500 करोड़ की राहत प्रदान की। भाजपा नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को करोड़ों की आर्थिक मदद जारी की है। प्रदेश में 20 जून से 19 सितंबर, 2025 तक 427 लोगों ने जान गंवाई है।

## आधुनिक भारत में अपनी विरासत को संजोना जरूरी : प्रो . बंसल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के देहरा परिसर में राष्ट्रीय पहल विकसित भारत पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय विकसित भारत के रंग, कला के संग रहा। इसका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को एक मजबूत और आधुनिक भारत बनाने में उनकी भी अहम भूमिका और इसके साथ ही संस्कृति और विरासत को भी संजोकर किस तरह से रखना था।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि कुलपति प्रो. एसपी बंसल रहे। उनके साथ कुलसचिव प्रो. नरेंद्र सांख्यान, प्रो. प्रदीप (डीन अकादमिक), प्रो. निरुपमा (डीन, विजुअल आर्ट्स), प्रतिमा (वित्त अधिकारी, हिप्रकेवि) और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में डीएवी स्कूल के 250 से ज़्यादा छात्र शामिल हुए। कुलपति प्रो. एसपी बंसल ने अपने भाषण में कहा कि भारत का विकसित राष्ट्र बनने का सपना 2040 तक ही पूरा हो सकता है, 2047 से पहले।

उन्होंने दृश्य कला विभाग के छात्रों की मेहनत की तारीफ की और कहा कि आपने पूरी रात जागकर 75 मीटर लंबे कैनवास पर जो कला बनाई है, वह वाकई काबिले-तारीफ है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय लोग आज दुनिया भर में तकनीक, सेमीकंडक्टर, हेल्थ सेक्टर और कई क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कुलसचिव ने कहा कि कला और संस्कृति ही भारत की आत्मा हैं। कला को 'विकसित भारत' से जोड़ा होगा, वह जरूर कोई कलाकार रहा होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं ने फुटबॉल प्रतियोगिता में जीता रनर-अप का खिताब

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर की अंडर-19 छात्रा फुटबॉल टीम ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता (रनर-अप) का खिताब अपने नाम किया है। इस सफलता के साथ ही विद्यालय के लिए एक और गौरव की बात यह रही कि टीम की छह मेधावी खिलाड़ियों का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में वंशिका, पारुल, काजल, लता कुमारी, अंशिता शर्मा और प्रिया शामिल हैं। विद्यालय के प्रवक्ता एवं शारीरिक शिक्षा अध्यापक, कपिल देव ठाकुर ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'यह सफलता छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन और जज्बे का परिणाम है। हमें पूरा विश्वास है कि यह खिलाड़ी राज्य स्तर पर भी विद्यालय और जिले का नाम रोशन करेंगी।' विद्यालय की प्रधानाचार्या सिमरो भटनागर ने सभी खिलाड़ी छात्राओं और कोच को बधाई दी।

### हरनोडा में लोगों को दी बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बरमाना।** हरनोडा पंचायत में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा के तत्वावधान में नाबार्ड प्रायोजित डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं और योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में हरनोडा बैंक शाखा प्रबंधक हिना मलिक ने ग्रामीणों को विभिन्न बचत योजनाओं के साथ-साथ डिजिटल बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम के सुरक्षित संचालन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में बैंक शाखा प्रबंधक हिना मलिक के साथ वीरेंद्र कुमार सहित बैंक के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्र में लगने चाहिए ताकि वित्तीय साक्षरता की जानकारी से सभी परिचित हो।

### राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन का होगा विशेष कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला बिलासपुर की इकाई 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी और राष्ट्र के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत असहाय बच्चों को फल वितरित किए जाएंगे और वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों के लिए खाने-पीने की सामग्री भी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम से पूर्व जिला बिलासपुर की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर करेंगे। बैठक में बिलासपुर जिले के चारों ब्लॉक अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के सम्मानित सदस्य एवं पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी ठाकुर हीरापाल सिंह ने बताया कि बिलासपुर और हमीरपुर में जल्द ही संकल्प शिविर आयोजित किए जाएंगे। हीरापाल सिंह ने बताया कि अक्तूबर और नवंबर माह में हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में एक दो दिवसीय संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें बिलासपुर, हमीरपुर, उन्ना, देहरा, जसवां और प्रागपुर के ब्लॉक अध्यक्ष या संभावित पदाधिकारी आमंत्रित किए जाएंगे।

### 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** डाहड गांव में महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्कल सुपरवाइजर रेशो देवी ने की, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बेटियों को समाज की असली शक्ति बताया। ग्राम पंचायत प्रधान, एएमओ, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सीएचओ डाहड, पंचायत सदस्यगण, और बड़ी संख्या में ग्रामवासी महिलाएं इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### एआई हमारी रोजमर्रा की जरूरतों में शुमार : कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर राजकीय महाविद्यालय में जेनरेटिव एआई पर एक 2-दिवसीय कार्यशाला के दूसरे और अंतिम दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने इस कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न विभागों के प्राध्यापक और छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर गौरव शर्मा उपस्थित रहे। कार्यशाला के पहले दिन जेनरेटिव आई क्या है और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई और आज कार्यशाला के दूसरे दिन जेनरेटिव एआई को विद्यार्थियों से लेकर टीचर्स भी किस तरह दैनिक जीवन में उपयोग कर सकते हैं उसके विषय में जानकारी दी गई। एआई आज केवल एक मशीन लर्निंग नहीं रही बल्कि हमारी रोजमर्रा की जरूरतों में शुमार हो चुकी है।

### जिले में लघु खनिज खानों की नीलामी संपन्न

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला में वीरवार को कुल 11 चिन्हित लघु खनिज खानों की निविदा और नीलामी अतिरिक्त उपायुक्त, बिलासपुर ओम कांत ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई। ओम कांत ठाकुर ने बताया कि 11 लघु खनिज खानों में से, औपचारिकताएं पूरी करने के उपरान्त 07 खानों को नीलामी समिति द्वारा उच्चतम बोलीदाताओं के पक्ष में स्वीकृत किया गया। इन स्वीकृत खानों को प्रति वर्ष 3,46,14,100 रुपए की दर से नीलाम किया गया। नीलामी के दौरान सफल बोलीदाताओं से 25 प्रतिशत राशि, 86,53,525 रुपए, जमानत राशि के रूप में वसूल की गई, जो खनिज विभाग में सुरक्षित रखी जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं ने खनिजों के निष्पक्ष आवंटन के लिए निर्धारित नियमों का पालन किया। इस अवसर पर सभी जिला खनन अधिकारी हरविंदर सिंह ने विभागीय अधिकारियों, नीलामी समिति के सदस्यों और सफल बोलीदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ताओं को लाभ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जीएसटी दरों में कमी का सीधा लाभ घुमारवीं सहित पूरे देश के व्यापारियों और उपभोक्ताओं को मिलेगा। जीएसटी सुधार भारत की कर प्रणाली में एक ऐतिहासिक कदम है जिसका उद्देश्य व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, डिजिटल और व्यापारियों के लिए सरल बनाना है। यह बात राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने गुरुवार देर सायं घुमारवीं बाजार में दुकानदारों से बातचीत के दौरान कही। सांसद ने कहा कि नई व्यवस्था से टैक्स प्रक्रिया आसान होगी और व्यापारियों को कर अनुपालन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे निर्णयों का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार आम जनता व्यापारी वर्ग व छोटे उद्योगों और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। इस मौके पर पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा छोटे एवं मध्यम उद्योगों को मजबूती मिलेगी और देश की आर्थिक विकास दर तेज होगी।

# छह सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न शुरू

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय लेते हुए बिलासपुर जिले के छह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर बदलने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय पूरे प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि अब तक हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी स्कूल सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध नहीं था। इन विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से सीबीएसई बोर्ड की दिशा-निर्देशों और मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा।



### ये स्कूल होंगे सीबीएसई पैटर्न पर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिलासपुर, घुमारवीं, हटवाड़, भराड़ी, तलाई, झुंखाला स्कूल शामिल हैं।

### निजी स्कूलों से मिलेगा मुकाबले का अवसर

**अब** तक प्रदेश के सरकारी स्कूल केवल राज्य शिक्षा बोर्ड से संबद्ध रहे हैं। इससे बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं और प्रतियोगी माहौल में कठिनाई होती थी, लेकिन अब इन सरकारी विद्यालयों के छात्र निजी सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थियों की तरह ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा और बच्चों को उच्च शिक्षा व करियर निर्माण में अधिक अवसर मिलेंगे।

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

**बिलासपुर** जिले में जिन स्कूलों का चयन किया गया है, वह पूरे तरह संतुलित और दूरदर्शी कदम बताया जा रहा है। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से विद्यालयों का चयन होने से ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

### प्रदेशभर में उठी उम्मीदें

**बिलासपुर** जिले में इस मॉडल की सफलता को देखकर उम्मीद है कि भविष्य में हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों के सरकारी विद्यालय भी सीबीएसई पैटर्न पर परिवर्तित किए जाएंगे। इससे सरकारी शिक्षा प्रणाली में नई ऊर्जा आएगी और बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की चुनौतियों से निपटने का बेहतर अवसर मिलेगा।

### अभिभावकों और शिक्षकों की प्रतिक्रियाएं

**मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए राहत भरा कदम : सुनीता**

**स्थानीय** अभिभावक सुनीता देवी ने कहा कि अब हमें बच्चों को सीबीएसई पैटर्न की पढ़ाई के लिए निजी स्कूलों में भेजने की मजबूरी नहीं रहेगी। यह कदम हमारे जैसे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए राहत लेकर आया है।

**शिक्षा जगत के लिए बड़ा बदलाव : राम लाल**

**भराड़ी** के एक शिक्षक राम लाल का कहना है कि सीबीएसई पाठ्यक्रम से बच्चों का दृष्टिकोण व्यापक होगा और वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। यह पूरे शिक्षा जगत के लिए बड़ा बदलाव है।

**शिक्षा की दिशा में ठोस कदम उठाया : विनोद**

**घुमारवीं** के अभिभावक विनोद ने कहा कि सरकार ने सही मायनों में शिक्षा को समान अवसर देने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। अब हमारे बच्चे भी निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के बराबर प्रतिस्पर्धा कर पाएंगे।

## नयना देवी में नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने करवाए बच्चों के मुंडन संस्कार



मां नयना देवी के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

**अनंत ज्ञान, नयनादेवी**

उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता नयना देवी में शारदीय नवरात्रों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु माता की पूजा-अर्चना, हवन और यज्ञ के साथ-साथ अपने छोटे-छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार करवा कर प्राचीन परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं।

नवरात्रों के शुभ मुहूर्त पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर बच्चों के पहले बाल अर्पित करते हैं। आज पंचमी तिथि पर माता स्कंदमाता स्वरूप की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बच्चों का मुंडन संस्कार करवाया।

पुजारी नीलम शर्मा ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं की कुलदेवी माता नयना देवी हैं, वे अपने बच्चों का पहला मुंडन संस्कार यहीं करवाते हैं और बाल माता महाकाली के चरणों में अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्राचीन परंपरा सदियों से चली आ रही है और आज भी श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ इसका पालन करते हैं।

### नवरात्र का भक्ति और सांस्कृतिक माहौल

**नवरात्र** के दौरान नयना देवी तीर्थनगरी में हर ओर भक्ति का वातावरण बना हुआ है। मंदिर परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में देवी भजनों की गूंज, आरती के मनोहारी दृश्य और श्रद्धालुओं की कतारें माहौल को और भी पावन बना रही हैं। छोटे-छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार, सजावट से सजे मंदिर द्वार और दीपमालाओं से रोशन दरबार दृश्य को और भी आकर्षक बना रहे हैं।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में 80 लोगों ने करवाई जांच



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

चेतना संस्था एवं शिवा इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत मेडिकल जांच शिविर का आयोजन कलोल में किया गया, जिसमें 80 छात्रा एवं महिलाओं का परीक्षण किया गया। इस शिविर में झंडूता क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जीत राम कटवाल उपस्थित रहे एवं चेतना संस्था द्वारा संचालित इन गतिविधियों की सराहना की।

कलोल में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ, मेडिसिन डॉक्टर, पोषण विशेषज्ञ एवं अन्य विशेषज्ञों ने मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं।

### चिट्टे से बचाव और इसका बहिष्कार जरूरी : सुनील

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** चिट्टे पर चोट चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान का घुमारवीं की अग्रणी समाजसेवी संस्था संस्कार सोसायटी ने स्वागत किया है। संस्था ने इसे प्रदेश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। संस्कार सोसायटी के तत्वावधान में चल रहे घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के संयोजक सुनील शर्मा व सहसंयोजक बांके बिहारी चंदेल ने कहा कि यह अभियान संजीवनी संस्था के साथ मिलकर और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ेगा। उन्होंने घोषणा की कि आगामी एक महीने तक जिलेभर में चिट्टे के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

## गोबिंद सागर झील पर गूंजा 'शतुद्री वंदन' अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोबिंद सागर झील बीते दस दिनों तक अनुशासन, साहस और देशभक्ति की मिसाल बनी रही। एनसीसी निदेशालय चंडीगढ़ के तत्वावधान में आयोजित 'शतुद्री वंदन सेलिंग अभियान' का गुरुवार देर शाम घाट पर भव्य समापन हुआ। इस विशेष नौकायन शिविर में हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से आए कुल 70 कैडेट्स (46 छात्र और 24 छात्राएं) ने 318 किलोमीटर लंबा जलमार्ग तय कर नई ऊंचाइयों को छुआ।

समापन समारोह की अध्यक्षता नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने की। उन्होंने कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं को



तीन राज्यों के कैडेट्स के साथ मुख्यातिथि राजेश धर्माणी।

**70 एनसीसी कैडेट्स ने 318 किमी तक किया नौकायन**

शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक भी बनाता है।

उन्होंने घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के पॉलिटेक्निक और फार्मेसी कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी नेवल विंग से जोड़ा जाएगा, जिसका संपूर्ण खर्च सरकार वहन करेगी। अभियान के दौरान कैडेट्स ने बिलासपुर, जगातखाना, रायपुर और नखराना जैसे पड़ावों पर रात्रि विश्राम किया और जलयात्रा में तेज हवाओं, ऊंची लहरों व प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझते हुए अनुशासन, साहस और टीमवर्क का अनुभव हासिल किया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### साक्षी चंदेल ने ऑल इंडिया रैंक में हासिल की पोजिशन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर जिला के मल्यावर गांव की होनहार छात्रा साक्षी चंदेल ने एम्स सीआरई (रेडियोलोजी) परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 10 प्राप्त कर प्रदेश और अपने गांव का नाम पूरे देश में रोशन किया है। साक्षी के



पिता यशवंत सिंह, सीमा सुरक्षा बल में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता शशि चंदेल एक गृहिणी हैं। साक्षी की इस उपलब्धि पर न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और ईश्वर के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही उनकी सफलता की कुंजी रहे। ग्रामवासियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने साक्षी को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## धौलरा मंदिर में भक्ति रस बिखेर गए भजन गायक अभिषेक सोनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शारदीयनव के अवसर पर धौलरा मंदिर में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहे प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक सोनी। उनके भजनों की श्रृंखला ने चौथे नवरात्र पर मां दुर्गा के कुष्मांडा रूप की आराधना को और भी भावपूर्ण बना दिया।

भजन संध्या की शुरुआत गायक महेश बंसल की गणपति वंदना से हुई, जिसके बाद मंच संभालते हुए अभिषेक सोनी ने अपने सुरों से समां बांध दिया।

उन्होंने गुरु वंदना से आरंभ कर बाबा मेरे, नवराते वाली, तेरी जय जयकार, गुफा दे अंदर, नैन तेरे मां नैना देवी, जय हो मेरी ज्वाला माई, मां मेरी लाडलिए, दिल फुलां दा बनाया मेरी मां और तू कितनी अच्छी है जैसे भजनों से माहौल को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया। उनकी आवाज पर श्रद्धालु न केवल भक्ति रस में डूब गए, बल्कि कई बार झूमने पर भी विवश हो उठे। इस अवसर पर दुर्गा

**अभिषेक सोनी और उनकी टीम को किया सम्मानित**

पूजा समिति की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा ने अभिषेक सोनी और उनकी टीम को मां की चुनरी और मां दुर्गा की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। मंच पर मौजूद शिमला से आए पुजारी सुधांशु भट्टाचार्य महाराज के सानिध्य में मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की विधिवत पूजा भी संपन्न हुई। पुराणों के अनुसार मां का यह स्वरूप संपूर्ण ब्रह्मांड की उत्पत्ति का आधार माना जाता है।

कार्यक्रम में मोहित सांख्यान, राम पाल, जस्सी, अश्विनी शर्मा, प्रमोद बिट्टू, राजेंद्र, पार्षदा संतोष जोशी, अशोक सोहड़, निरुपमा सोहड़, देशराज शर्मा, आशीष शर्मा, अभिलाषा शर्मा, अनीता शर्मा (सेवानिवृत्त जिला भाषा अधिकारी), अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा, हरेंद्र गौतम, अमरनाथ शर्मा, विशाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भरत और राम के मिलाप से दर्शकों की हुई नम आंखें

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं बाजार के पुराना बस स्टैंड के प्रांगण में आदर्श रामलीला नाटक समिति के बैनर तले चल रही रामलीला के चैथे दिन भक्ति एवं भावपूर्ण दृश्यों ने ऐसा समां बांधा कि दर्शकों की आंखे नम हो गई।

इस संध्या में प्रभु राम और केवट संवाद, कैकेयपुर, भरत शत्रुघ्न का अयोध्या प्रवेश, भरत कैकेयी संवाद, श्रीराम भरत मिलाप, शूर्पणखा का पंचवटी में प्रवेश दृश्य दिखाए गए। इस संध्या में पूर्व जिला पार्षद हटवाड़ वार्ड सुभाष ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजकों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

इस दौरान राम की भूमिका अभिषेक टेस्सू ने निभाई जबकि लक्ष्मण भुवनेश गौतम, सीता विशाल शर्मा, केवट रविंद्र शर्मा, भरत मोहित धीमान, शत्रुघ्न अभिषेक राणा, राजा कैकय अरविंद ठाकुर, कैकई जगरनाथ राणा, मंथरा अंकू, कौशल्या सुनील उप्पल, सुमित्रा राहुल राणा, स्वरूपनखा का अभिनय सुरेश धीमान ने किया।

## रामलीला में अभिषेक डोगरा के किरदार ने लूटा दर्शकों का दिल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर में चल रही रामलीला की संध्या धार्मिकता और भावनाओं से सराबोर रही। शुरुआत भरत-कैकेई संवाद से हुई, जिसमें भरत की व्यथा और आक्रोश को मंच पर सजीव किया गया। भरत का किरदार निभा रहे पारस गौतम ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को भावुक कर दिया।

लेकिन असली आकर्षण उस समय देखने को मिला जब मंच पर प्रभु राम-केवट संवाद प्रस्तुत हुआ। केवट की भूमिका में उतरे अभिषेक डोगरा ने अपने अद्भुत अभिनय, संवाद अदायगी और भावनाओं से ऐसा वातावरण रचा कि पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। दर्शकों ने इसे अब तक का सबसे यथार्थपूर्ण और भावनात्मक मंचन बताया।

इसके बाद राम-भरत मिलाप का दृश्य आया। चित्रकूट में भरत द्वारा प्रभु राम से अयोध्या लौटने का आग्रह और राम का मां को दिए वचनों का स्मरण—इन संवादों ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। रामलीला में समाजसेवी सोनू ठाकुर मुख्यातिथि रहे, जबकि बंदला पंचायत के प्रधान सतीश विशेष अतिथि उपस्थित हुए। मुख्यातिथि ने समिति को 11,000 की राशि भेंट कर रामलीला आयोजन समिति का उत्साह और बढ़ाया।

**सौगात** जन समस्याएं सुनने के दौरान राजेश धर्माणी ने की घोषणाएं, कहा-

# करयालग में बनेगा 132 केवी विद्युत सबस्टेशन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं (बिलासपुर)**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत करयालग में लगभग 64 करोड़ रुपए की लागत से 132 केवी विद्युत सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा। राजेश आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुमारवीं के टकरेड़ा में जन समस्याएं सुनने के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में बिजली की कम वोल्टेज की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 33 केवी के 2 विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनकी टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बम्म विद्युत उपकेंद्र पर लगभग 10 करोड़ रुपये तथा घुमारवीं विद्युत उपकेंद्र पर भी लगभग इतनी ही धनराशि व्यय होगी। राजेश धर्माणी ने कहा कि कांगू-कंदरौर 33 के.वी.



जनसमस्याएं सुनते मंत्री राजेश धर्माणी।

लाइन के रिकंडक्टिंग कार्य पर लगभग 5 करोड़ तथा 132 केवी सबस्टेशन से नई 33 केवी कोटला-झंडूता-बरठीं नई लाइन पर लगभग 7 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। जिले में तीन नए 33 केवी विद्युत सब स्टेशन को स्वीकृति मिल गई है जिनमें बडोल देवी, जेजवीं तथा चलैहली शामिल है।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 140 नए विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं जबकि 200 ट्रांसफार्मर का सुधारीकरण कार्य किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था का आगामी 25 वर्षों तक स्थाई समाधान हो जाएगा।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि घुमारवीं के सिविल कोर्ट कम्प्लेक्स के समीप लगभग 25 बीघा भूमि केंद्रीय विद्यालय निर्माण के लिए वन विभाग द्वारा स्थानांतरित कर दी गई है तथा आने वाले समय में यहां स्कूल का भव्य भवन बनकर तैयार होगा जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधा सुनिश्चित होगी।

### साढ़े चार करोड़ से बनेगा खेल परिसर

**घुमारवीं** में लगभग साढ़े चार करोड़ की लागत से खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए भी 20 बीघा भूमि युवा सेवा एवं खेल विभाग के नाम कर दी गई है। उन्होंने घुमारवीं पंचायत में हुए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि तरौतड़ा सड़क के टारिंग कार्य पर लगभग 25 लाख व्यय किए हैं। साथ ही पंचायत में लगभग सात लाख की लागत से दो वर्षा शालिकाओं का निर्माण किया गया है। उन्होंने सामुदायिक भवन टकरेड़ा तथा तरौतड़ा के निर्माण कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत करने की मांग पर कहा कि जैसे ही भूमि विभाग के नाम उपलब्ध होगी यथासंभव धनराशि मुहैया करवा दी जाएगी।

### ग्रामीण इलाकों की कई सड़कें अभी तक बंद : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने बरसात के मौसम में बंद और क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की बहाली तथा मरम्मत में देरी को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कई मुख्य सड़कें अभी भी सही ढंग से बहाल नहीं हो पाई हैं। ग्रामीण इलाकों की कई सड़कें तो अभी भी बंद हैं। इसकी वजह से आपदा प्रभावितों तक राहत पहुंचाने के साथ ही कई अन्य मूलभूत सुविधाओं की बहाली का काम बाधित हो रहा है, जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, पैचवर्क के नाम पर गड्ढों में मिट्टी भरकर पल्लू झाड़ा जा रहा है।

त्रिलोक जमवाल ने कहा कि इस बार बरसात के मौसम में आपदा से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। कई लोगों के मकान, रसोईघर, शौचालय और मवेशीखाने ढह गए हैं, जबकि कइयों के क्षतिग्रस्त हुए हैं। आपदा प्रभावितों तक जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के लिए सड़कों का सही हालत में होना बेहद जरूरी है, लेकिन इस मामले में सरकार केवल डींगें हांकने तक सीमित है। बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में कई सड़कें भूस्खलन और जमीन धंसने से बंद हो गई हैं। कई मुख्य सड़कों को बहाल करने के नाम पर कामचलाऊ व्यवस्था करके पल्लू झाड़ लिया गया है। ग्रामीण इलाकों की कई सड़कें तो अभी भी बंद हैं। इससे लोगों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर तरह का जरूरी सामान अपने घरों तक पहुंचाने के लिए उनका लाखा खर्च बढ़ गया है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि ज्यादातर सड़कों की टारिंग उखड़ने से उनमें गहरे गड्ढे बन गए हैं।

## धणी पंचायत में सामुदायिक भवन का लोकार्पण



सामुदायिक भवन के उद्घाटन के दौरान मौजूद विधायक जीतराम कटवाल व अन्य।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र की धणी पंचायत के भैरों मंदिर परिसर में 6.50 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन विधायक जीतराम कटवाल ने किया। उन्होंने कहा कि यह भवन धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पंचायत स्तर की गतिविधियों का केंद्र बनेगा।

कटवाल ने बताया कि पिछले वर्षों में झंडूता क्षेत्र में सड़कों, पुलों और पेयजल योजनाओं के साथ बड़ी प्रगति की है। बिजली आपूर्ति में भी सुधार हुआ है और अब गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की सोच का परिणाम बताया और कहा कि पंचायतों को सशक्त करना ही असली आत्मनिर्भरता है।

इस अवसर पर विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकांश का निपटारा मौके पर किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

इससे पहले कटवाल ने मानव विकास संस्थान कलोल में चेतना संस्था बिलासपुर और शिवा आयुर्वेदिक कॉलेज चांदपुर के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लिया और ग्रामीणों से मुलाकात की।

## न्यूज ब्रीफ

### भराड़ी में लोगों को बताईं बैंकिंग योजनाएं

**अनंत ज्ञान, ककीरा।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा ककीरा की ओर से शुक्रवार को ग्राम पंचायत गरनाला के गांव भराड़ी में नाबार्ड प्रायोजित वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा ककीरा के सह प्रबंधक अनिक कौशल ने की। इस अवसर पर ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 70 से 75 ग्रामीणों ने भाग लिया और योजनाओं की उपयोगिता पर चर्चा की। सह प्रबंधक अनिक कौशल ने कहा कि बैंक की प्राथमिकता ग्रामीणों को आधुनिक बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है।

### चंबा में हो सशस्त्र पुलिस बटालियन की स्थापना

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सदर चंबा विधायक नीरज नैय्यर ने जिले में सशस्त्र पुलिस बटालियन की स्थापना की आवश्यकता को बेहद जरूरी बताया है। उन्होंने कहा कि जिले की भौगोलिक स्थिति, सीमावर्ती क्षेत्र और बड़े धार्मिक आयोजनों को देखते हुए यह निर्णय सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की दृष्टि से बेहद अहम होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में सात सशस्त्र पुलिस बटालियन हैं, परंतु चंबा जैसे सीमावर्ती और संवेदनशील जिले को अभी तक यह सुविधा नहीं मिल पाई है। मणिमहेश यात्रा और मिंजर मेले जैसे आयोजनों में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती होती है। इसके अलावा, चंबा की सीमा पाकिस्तान से लगती है, जहां आतंकी गतिविधियों की संभावना बनी रहती है। सतुंडी कांड इसकी एक मिसाल है। विधायक ने यह मुद्दा मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने की बात कही और जिले को सुरक्षा दृष्टि से सशक्त बनाने की मांग की।

### खड़ामुख बन्नी माता मंदिर में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के खड़ामुख स्थित बन्नी माता मंदिर में श्री मणिमहेश ठेकेदार यूनियन द्वारा शुक्रवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हवन-यज्ञ, पारंपरिक एंचली नृत्य और सामूहिक भक्ति भाव की अद्भुत झलक देखने को मिली। यूनियन के प्रधान शिवकुमार बढ़यालिया ने बताया कि यह आयोजन मां बन्नी के चरणों में पहली बार नवरात्रों में क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ किया गया। उन्होंने घोषणा की कि अगला भंडारा चैत्र नवरात्र में खड़ामुख में और शारदीय नवरात्रि में भरमौर के 84 परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### नैतिक मूल्यों को अपनाने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में एमबीए, एमसीए व एमकॉम विभागों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने की। विभागीय समन्वयक डॉ. विजय कुमार ने कॉलेज की कोर वैल्यूज व आदर्श वाक्य आरोह तमसो ज्योतिः पर प्रकाश डाला। प्रो. अविनाश ने विभिन्न क्लबों और प्रतियोगिताओं की जानकारी दी, जबकि डॉ. शेली महाजन ने अनुसंधान, डॉ. विदुषी शर्मा ने स्वागत और डॉ. संतोष ने संचार कौशल पर विचार साझा किए। डॉ. गुलेरिया ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक दक्षता के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज में इस वर्ष चार नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान की प्रगति का प्रतीक हैं।

### आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री की वितरित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मदनी मदरसा मसवाड़ी और जमीयत उलमा जिला चंबा के संयुक्त प्रयास से जिले के जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की जा रही है। हाल ही में तहसील चुराह के भटार इलाके में करेरी और चरोड़ी पंचायत के करीब 100 गरीब परिवारों को राशन और राहत सामग्री प्रदान की गई। यह सामग्री हरियाणा के अंबाला जिले के मदरसा जीनतुल उलूम नारायणगढ़ से भेजी गई थी। मौलाना रोशन कासमी ने आल इंडिया जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी तथा अन्य अधिकारियों का आभार जताया। जमीयत उलमा चंबा अब तक लगभग 2000 जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री पहुंचा चुकी है, जिससे जिले में सामाजिक समरसता और सहयोग की मिसाल कायम हो रही है।

### इंटरनेट सुविधा न मिली तो बंद करेंगे काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने आयुक्त मध्य जोन मंडी व उपायुक्त मंडी को सौंपे ज्ञापन में स्पष्ट कर दिया है कि यदि 30 सितंबर तक पटवारी व कानूनगो को इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाती है तो वह पहली अक्तूबर से ऑनलाइन कार्य बंद कर देंगे। महासंघ के जिला प्रधान बिशंबर ठाकुर, महासचिव होशियार सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान अमरजीत व मुख्य सलाहकार मोती राम चौहान ने बताया कि आयुक्त मंडी व उपायुक्त मंडी को दिए ज्ञापन देकर बताया गया कि पिछले साल से ही महासंघ के सदस्य अपने निजी संसाधनों से सार्वजनिक ऑनलाइन कार्य कर रहे हैं जबकि वर्तमान समय में लगभग सभी कार्य ऑनलाइन माध्यम से ही संपन्न हो रहे हैं। इसके बावजूद सरकार द्वारा पटवारियों एवं कानूनगो को अभी तक इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई है। ऐसे में यह निर्णय लेने पर विवश होना पड़ेगा।

### उपमुख्यमंत्री 3 अक्तूबर को मंडी प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 3 अक्तूबर को मंडी जिला के बल्ह क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। इस दौरान वे विजय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बड़सू (बगला) के 20वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम बड़सू कैम्पस में ग्राम पंचायत भवन बड़सू (बगला) के समीप आयोजित किया जा रहा है। समारोह का शुभारंभ प्रातः 11:30 बजे होगा। समारोह में भाग लेने के उपरांत वे गोंदपुर जयचंद (ऊना) के लिए रवाना होंगे।

### डॉ. रिचा ने रक्तदान करने का किया आह्वान

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ब्लड सेंटर नेरचौक में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलाया जा रहा है ब्लड बैंक की इंचार्ज डॉ . रिचा गुप्ता ने स्वैच्छिक रक्तदाताओं से आवाहन किया है कि वे इस अभियान में भाग लें और रक्तदान करें रक्तदान आपको जीवन बचाने का अवसर प्रदान करता है आपका दिया हुआ रक्त किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचा सकता है। रक्तदान के बाद शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं, जिससे रक्त ताजा और स्वस्थ रहता है। डॉ. ऋचा गुप्ता ने बताया कि नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन का स्तर संतुलित रहता है और हृदय रोगों का खतरा कम होता है। यही नहीं रक्त की गाढ़ापन कम होने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा घटता है।

### साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नगर परिषद नेरचौक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 के तहत लोक कल्याण मेले का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद उपाध्यक्ष परम देव ने की, जबकि शुभारंभ जिला मिशन प्रबंधक विशाल चंदेल ने किया। मेले में पीएनबी बैंक के चीफ मैनेजर ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, साइबर फ्रॉड से बचाव, डिजिटल भुगतान के लाभ और कैशबैक जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। पथ विक्रेताओं को फुड सेफ्टी नियमों व स्वच्छता के महत्त्व से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में पार्षद अभिषेक चौहान, शक्ति ठाकुर, नगर परिषद कर्मचारी और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उपाध्यक्ष परम देव ने लोगों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

### बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में लगातार जीत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएसएनए इंजीनियरिंग कॉलेज डिंडिगुल तमिलनाडु में चल रही 44वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में हिमाचल प्रदेश की लड़कों और लड़कियों की टीम ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। हिमाचल प्रदेश की लड़कों की सब-जूनियर टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए पहले दिल्ली को कड़े मुकाबले में दो के मुकाबले एक सेट से हराया। इसके बाद टीम ने उत्तर प्रदेश को भी 2-1 से मात दी। तीसरे मुकाबले में मणिपुर को सीधे सेटों में 2-0 से पराजित कर टीम ने अगले दौर में जगह पक्की कर ली। महिला वर्ग में हिमाचल की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले दो मैचों में मणिपुर और जम्मू-कश्मीर को सीधे सेटों में 2-0 से हराया। इस जीत के साथ महिला टीम ने भी अगले दौर में प्रवेश किया है। यह प्रतियोगिता भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

### मंडी से कुल्लू का सफर होगा सुखदायक

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर मंडी से कुल्लू तक का सफर अगले दो दिनों में और अधिक सहज होने जा रहा है। भारी बरसात में क्षतिग्रस्त हुए मार्ग के प्रमुख प्वाइंट्स-कैंची मोड़, डयोड, खोती नाला, जोगनी मोड़ और हणोगी में बहाली कार्य तेजी से चल रहा है। कैंची मोड़ व डयोड को दोतरफा कर दिया गया है, जबकि जोगनी और हणोगी में मार्ग अभी भी एकतरफा है। अथॉरिटी और लोक निर्माण विभाग 27 सितंबर तक अधिकतर मार्ग को दोतरफा करने का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। दशहरे से पहले यातायात व्यवस्था को सामान्य करने के लिए प्रशासन, पुलिस और विभाग संयुक्त रूप से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं।

# उदयपुर के ग्रामीणों ने डीसी से किया प्रभावित क्षेत्रों की सुध लेने का आग्रह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उदयपुर** गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी (डीसी) चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात कर अगस्त–सितंबर 2025 में आई बाढ़ के दुष्परिणामों को लेकर चर्चा की और प्रशासन से राहत कार्यों में तेजी लाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश के कारण बाग और डुध नाला में आई बाढ़ से घरों, दुकानों और निजी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण सड़क निर्माण कार्य के दौरान नाले में डाले गए मलबे को बताया गया, जिससे जल प्रवाह अवरुद्ध हुआ और बाढ़ की स्थिति बनी। हालांकि प्रशासन ने प्राथमिक राहत के तहत मलबा हटाने, पुलिया की सफाई और अन्य कार्यों के निर्देश पहले ही दे दिए थे, ग्रामीणों ने इसके लिए धन्यवाद भी दिया। लेकिन उनका कहना है कि अभी भी कई कार्य धीमी गति से हो रहे हैं और इन्हें युद्ध–स्तर पर करने की आवश्यकता है।



डीसी मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए उदयपुर गांव के ग्रामीण।

**ये हैं प्रमुख मांगें**


- नाले से मलबा हटाकर पुलिया को पूर्णतः खाली कराना।
- पुराने क्षतिग्रस्त क्रेटों की जगह कंक्रीट दीवारों का निर्माण।
- नाला 1 और नाला 2 में नए क्रेट और चेक डैम लगवाना।
- कैचमेंट क्षेत्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना।

डीसी मुकेश रेपसवाल ने ग्रामीणों की बात को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य होंगे।

## मनीष का बीजेपी पर हमला– अगर जीएसटी 2.0 राहत है, तो जीएसटी 1.0 क्या लूट थी?

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता मनीष सरीन ने केंद्र सरकार की नई जीएसटी व्यवस्था (जीएसटी 2.0) को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अगर अब की व्यवस्था को 'राहत भरी' और 'सरल' बताया जा रहा है, तो क्या यह स्वीकार नहीं किया जा रहा कि 2017 से लागू जीएसटी 1.0 में जनता के साथ अन्याय हुआ?

सरीन ने कहा, बीजेपी नेता घर–घर जाकर जीएसटी 2.0 की उपलब्धियों का ढोल पीट रहे हैं, लेकिन जनता पूछ रही है कि जब नया ढांचा सही है तो पुराना गलत क्यों था?



क्या आठ साल तक व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों को जबरन जटिल कर ढांचे में झोंकना सही था? उन्होंने बताया कि कांगड़ा–चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को भी चंबा सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर जीएसटी 2.0 का बचाव करना पड़ा। सरीन ने कहा कि 'अगर सुधार वाकई जनहित में होता, तो उसे जनता खुद महसूस करती व बार–बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

जीएसटी 1.0 में पांच स्लैब और भारी टैक्स बोझ था, जबकि जीएसटी 2.0 को दो सामान्य स्लैब (5% और 18%) और एक 40% लग्ज़री स्लैब तक सीमित किया गया है। सरीन ने सवाल किया कि आठ वर्षों तक जो महंगाई और नुकसान झेलना पड़ा, उसकी भरपाई कौन करेगा? उन्होंने कहा कि कांग्रेस सुधारों का समर्थन करती है, लेकिन भाजपा की जश्न की राजनीति और ढोंग का विरोध करती रहेगी। इस मौके पर राजेश चोभियाल, इच्छा राम टंडन, रजत शर्मा, योगराज महाजन, विशाल सिंह, विकास सिंह और विकास धीमान भी मौजूद थे।

## जीएसटी दरों में कटौती को लेकर भाजपा के प्रचार पर सुरजीत भरमौरी का प्रहार

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

- आठ साल पहले जीएसटी लागू होने पर भी था उत्सव
- राहुल गांधी की जीएसटी को 'गब्बर सिंह कर' बताने की चेतावनी
- बेरोजगारी और महंगाई को लेकर गंभीर चिंता जताई

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) के निदेशक तथा कांग्रेस नेता सुरजीत भरमौरी ने चंबा–कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा जीएसटी दरों में कमी को लेकर किए जा रहे प्रचार अभियान पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को गुमराह कर रही है और अपने ही निर्णय को उत्सव का रूप देकर महिमामंडित कर रही है। भरमौरी ने कहा कि आठ वर्ष पूर्व जब प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी और केंद्र सरकार ने जीएसटी लागू किया था, उस समय भी भाजपा ने इसे एक उत्सव बना कर गुणगान किया था। आज जब इसमें मामूली कटौती की गई है, तो पुनः अलग–अलग जिलों और स्थानों पर पत्रकार वार्ताएं कर इसे उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि पहले वाला जीएसटी सही था या वर्तमान वाला।

उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की उस चेतावनी को भी याद दिलाया, जिसमें उन्होंने जीएसटी को 'गब्बर सिंह कर' करार देते हुए कहा था कि इससे बेरोज़गारी बढ़ेगी, महंगाई चरम पर पहुंचेगी और लघु उद्योग चौपट हो जाएंगे। भरमौरी ने कहा कि आठ वर्षों बाद भी जनता के सामने यह सच्चाई स्पष्ट नहीं की गई है कि कौन–सा जीएसटी देशहित में सही था। उन्होंने कहा कि नोटबंदी जैसे गलत निर्णयों ने भी देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर चोट पहुंचाई। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में प्रतिवर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, किन्तु आज तक करोड़ों नौकरियां तो दूर, देश का युवा रोजगार की तलाश में भटक रहा है। परिस्थितियां ऐसी बन चुकी हैं कि आने वाले समय में युवा वर्ग सरकार के विरुद्ध व्यापक आंदोलन करेगा जैसा कि आज देश के कई जगह देखने को मिल रहा है।

भरमौरी ने अंत में कहा कि चंबा–कांगड़ा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज तथा भाजपा नेताओं को जनता के सामने स्पष्ट करना ही होगा कि पूर्व में लागू किया गया जीएसटी सही था अथवा वर्तमान वाला। उन्होंने कहा कि यह समय है जब सच्चाई देश की जनता को बताई जानी चाहिए।

# बिजली के अघोषित कटों से लोग परेशान

## सुंदरनगर शहर में बिना सूचना के 5–6 बार बिजली गुल होना हुआ आम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** शहर आजकल विद्युत विभाग की लचर कार्यप्रणाली के कारण परेशानी झेलने के लिए मजबूर हैं। क्षेत्र में इन दिनों बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है। बिना पूर्व सूचना दिए की जा रही अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है।

आलम यह है कि दिनभर में पांच से छह बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है, जिससे लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। अचानक बिजली कट जाने से छात्रों की ऑफलाइन तथा ऑनलाइन पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित हो रही है। दुकानदार और कारोबारी बार–बार कामकाज ठप होने से घाटे की मार झेल रहे हैं। नवरात्रि और शादियों का सीजन होने पर जहां व्यापारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद थी वहीं विभाग की कार्यप्रणाली के कारण छोटे कारोबारी, खासकर फोटोकॉपी, प्रिंटिंग और इलेक्ट्रॉनिक मरम्मत का काम करने वाले बिजली पर निर्भर हैं, जिन्हें घंटों खाली बैठना पड़ता है। घरों में भी बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि विभाग को पहले ही तय समय पर बिजली कटौती की जानकारी देनी चाहिए। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा समय–समय पर मरम्मत कार्यों को लेकर बिजली के कट लगाए जाते हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं निकला तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

### संयुक्त व्यापार संगठन करेगा हल्ला बोल

**संयुक्त** व्यापार संगठन के सुंदरनगर अध्यक्ष सुरेश कौशल ने कहा कि बिजली अघोषित कटों के कारण बाजार में आए हुए ग्राहक परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर में डेली निड और डेयरी का कार्य वाले दुकानदारों का सामान खराब होने के साथ-साथ उपकरण भी लगातार खराब हो रहे हैं। सुरेश कौशल ने कहा कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संयुक्त व्यापार संगठन विद्युत विभाग सुंदरनगर के खिलाफ हल्ला बोलने जा रही है।

### नहीं लग रहे हैं कट : एसडीओ राजन गौड़

**हिमाचल** प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड उपमंडल सुंदरनगर के एसडीओ ई. राजन गौड़ ने कहा कि सुंदरनगर में कोई कट नहीं लग रहे हैं।

## सजाओपिपलू में सर्पदंश से हुई महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की सजाओपिपलू पंचायत के ग्रौउडू गांव की महिला को गत रात्रि अपने घर की सीढ़ियां उतरती बार एक जहरीले सांप ने काट दिया जिससे महिला की अस्पताल सरकाघाट को ले जाती बार उसने दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनीता देवी उर्फ अति शाम की अपने परिवार को भोजन कराने के बाद सोने के लिए घर के धरातल पर अपने कमरे में जा रही थी और जब वह सीढ़ियां उतर रही थी, तो उसे एक बहुत ही जहरीले सांप ने काट दिया। अनीता देवी ने चिल्ला कर अपने पति प्रकाश चंद को पुकारा और थोड़ी देर बाद वह बेहोश हो गई। उसके स्वजन उसे निजी वाहन में डालकर नागरिक अस्पताल सरकाघाट को लेकर आए, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया तथा अस्पताल के डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाने के बाद महिला के स्वजनों को सौंप दिया। डीएसपी संजीव सूद ने घटना की पुष्टि की है।

## 230 किसानों ने पशु आहार और चारा प्रबंधन पर प्राप्त की वैज्ञानिक जानकारी



केवीके मंडी में पशु आहार एवं चारा प्रबंधन पर पांच प्रशिक्षण बैच संपन्न।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) मंडी द्वारा द हंस फाउंडेशन के सहयोग से पशु आहार एवं चारा प्रबंधन विषय पर पांच एक दिवसीय प्रशिक्षण बैच सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षणों में गोपालपुर, सुंदरनगर और बल्ह विकासखंडों के कुल 230 किसानों ने भाग लिया और वैज्ञानिकों से नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

शुक्रवार को संपन्न हुए समापन समारोह में प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए। किसानों ने बताया कि अब वे घर पर ही संतुलित पशु आहार तैयार करने, हरे चारे के संरक्षण और पोषक तत्वों की पूर्ति करने के नए तरीकों को व्यवहार में ला पाएंगे। उनका कहना था कि इससे दूध उत्पादन और पशुओं की सेहत दोनों में सुधार होगा तथा खर्च भी कम आएगा। इस अवसर पर डॉ. राकेश वर्मा (डी.डी.एम., नाबार्ड), डॉ. संजय गुप्ता (उप निदेशक बागवानी) एवं डॉ. राजेश शर्मा (एस.एम.एस. बागवानी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और किसानों को संबोधित किया। अतिथियों ने किसानों को तकनीकी जानकारी को व्यवहार में लाने और पशुपालन क्षेत्र को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रेरित किया। केवीके मंडी के प्रभारी डॉ. पंकज सूद ने अपने संबोधन में कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पशुपालन को लाभकारी बनाने के लिए संतुलित आहार एवं चारा प्रबंधन आवश्यक है।

प्रशिक्षणों में डॉ. कविता शर्मा, डॉ. शकुंतला राही, डॉ. डी.एस. यादव, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, डॉ. कल्पना आर्या एवं डॉ. नेहा चौहान ने भी अपने व्याख्यान दिए और किसानों को उपयोगी जानकारी प्रदान की।

## होनहार बच्चों को बांटे पुरस्कार

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी की बड़ा ग्रां पंचायत के बड़ा गांव के निवासी व गत वर्ष कृषि विभाग में बतौर सयुंक्त निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त होने के बाद एसके ठाकुर (सुरिंद्र कुमार ठाकुर) अब समाजसेवा में जुट गए हैं। समाजसेवा के लिए अपनी पहल उन्होंने पंचायत बड़ा ग्रां से कर दी है। उन्होंने अपनी पंचायत में स्थित राजकीय माध्यमिक व प्राथमिक पाठशाला बड़ा ग्रां सहित दूसरे गांव नलहौता में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला नलहौता को गोद ले लिया है, जिसके चलते शुक्रवार के दिन उन्होंने इन दोनों प्राथमिक पाठशालाओं के पहली से पांचवीं कक्षा तक के होनहार बच्चों को 11–11 सौ और माध्यमिक पाठशाला में छठी से लेकर आठवीं तक अब्बल रहने वाले बच्चों को 21–21 सौ रुपए अपनी और से प्रदान किए। सुरिंद्र ठाकुर ने बताया कि इन तीनों पाठशालाओं में अब्बल रहने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए इसी तरह से भविष्य में भी पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ–साथ भविष्य में अगर इन पाठशालाओं के बच्चों के किसी भी अविभावकों माता तथा पिता किसी भी प्रकार की घटना घटित हो जाने पर तथा असहाय, गरीब बच्चा पढ़ता है तो उसकी भी हर संभव सहायता की जाती रहेगी।

### राडी में ट्रांसमिशन लाइन बनी खतरे की घंटी

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** राडी पंचायत से होकर गुजरने वाली तीन हाइड्रो प्रोजेक्टों की ट्रांसमिशन लाइन स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। वेलज, बतोट और जल शक्ति हाइड्रो प्रोजेक्ट की इन लाइनें में लगातार खंभों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। वीरवार देर रात को ट्रांसमिशन लाइन में अचानक इतना तेज धमाका हुआ कि लगभग 20 मिनट तक आग की लपटें उठती रहीं और पूरी पंचायत रोशनी से जगमगा उठी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह दृश्य ऐसा था जैसे कोई बम विस्फोट हुआ हो। लोग डर के मारे अपने घरों से बाहर निकल आए। इन खंभों के नीचे लोगों की निजी भूमि, घर और खेत हैं। वर्तमान में मक्की की फसल की कटाई जोरों पर है, जिससे खेतों में काम करना अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित परियोजनाओं से गुहार लगाई है कि ट्रांसमिशन लाइन की तकनीकी जांच कर जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

### एएसपी अभिमन्यु ने खिलाड़ियों को दी प्रेरक सीख

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में आयोजित दशहरा टूर्नामेंट का उद्घाटन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एएसपी अभिमन्यु ने करकमलों से टूर्नामेंट का उद्घाटन कर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों और दर्शकों की बड़ी संख्या रही, जिन्होंने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का जोश और हौसला बढ़ाया। एएसपी अभिमन्यु ने इस मौके पर सभी खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और लगन के साथ खेलने का संदेश दिया तथा युवाओं को खेलों के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में महासचिव डॉ. अनूप शर्मा का विशेष योगदान रहा। उनके अथक प्रयास और समर्पण ने आयोजन को सहज और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अध्यक्ष शक्ति चौहान एवं उपाध्यक्ष धीरज बड्याल सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्यों ने भी आयोजन की सफलता में योगदान दिया। आयोजन समिति ने सभी का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

### कटि बस्ती से मरीज को पीठ दर्द में मिली राहत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आयुष विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान भारत अभियान के तहत खज्जियार स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक बड़ी चिकित्सकीय सफलता दर्ज की गई है। पंचकर्म चिकित्सा की 'कटि बस्ती' विधि से एक पुराने पीठ दर्द से पीड़ित मरीज का सफल इलाज किया गया। मरीज लंबे समय से पीठ दर्द से परेशान था और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से उसे राहत नहीं मिल रही थी। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में उसे आयुर्वेद की पारंपरिक विधि 'कटि बस्ती' से उपचार दिया गया, जिसमें औषधीय तेल को विशेष तकनीक से पीठ के निचले हिस्से में एक निर्धारित समय तक रखा जाता है। यह विधि मांसपेशियों और नसों को बल प्रदान करती है और दर्द में शीघ्र राहत देती है। उपचार के मात्र तीन दिनों के भीतर मरीज को दर्द से राहत और गतिशीलता में सुधार देखने को मिला। इस उपचार में आयुष फार्मेसी अधिकारी चंदन सिंह, सुरेश कुमार और रमेश कुमार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दिसंबर में होंगे ट्रैकिंग गाइड प्रशिक्षण कोर्स

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के सहयोग से दिसंबर 2025 में 25 युवाओं के लिए 14 दिन का ट्रैकिंग गाइड प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण भरमौर के पर्वतारोहण सब सेंटर में होगा। इच्छुक उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और वे चंबा जिले के मूल निवासी हिमाचली हों, 10वीं पास या अनुभव वाले 8वीं पास आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार 10 अक्तूबर तक आवेदन पत्र जिला पर्यटन विकास कार्यालय, बचत भवन, चंबा में जमा करवा सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 1500 रुपए शुल्क जमा करना होगा। आवेदन के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आयु प्रमाणपत्र, आधार/मतदाता कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, अनुभव प्रमाणपत्र और यदि लागू हो तो जाति या बीपीएल प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला पर्यटन विकास कार्यालय से संपर्क करें।

### चंबा में नशामुक्त भारत अभियान को मिलेगी गति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने नशा मुक्त भारत अभियान के लक्ष्यों को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी विभाग नशे के हॉटस्पॉट की पहचान कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। अक्टूबर तक सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों को नशा निवारण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, नशा विरोधी सामग्री तैयार करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एक विशेष समिति गठित होगी। उपायुक्त ने ऐसे युवाओं को 'ड्रग चैंपियन' के रूप में सामने लाने पर बल दिया, जिन्होंने नशा छोड़ा है। बेहतर समन्वय के लिए साझा व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए। बीड़ी-सिगरेट की खुले में बिक्री पर प्रतिबंध और सभी खुदरा विक्रेताओं का 15 अक्तूबर तक पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। राज्य कर विभाग द्वारा अब तक ₹1.65 लाख जुर्माना वसूला जा चुका है।

**अनंत Classifieds**

**ज्योतिष**

**P3Y शक्ति से काम बने।**

**P3Y शक्ति से रुका हुआ काम बनता है**, रोग में राहत मिलती है, इनकम वृद्धि, कर्ज मुक्ति होते हैं, विद्यार्थी की पढ़ाई में याद शक्ति बढ़ती है, अच्छी करियर बनती है, परिवार में सुख शांति, व्यसन मुक्ति होते हैं। यह टेक्नीक है, अपने धर्म पूजा पाठ को मानते हुए यह विद्या का लाभ ले सकते हैं।

**संपर्क: विजय किरण (बीएससी बी एड MA इंग्लिश) और 94185 56001, 82192 21963 यू – ट्यूब और फेसबुक – P3y thf Kangra HP . प्रेरक : डॉ. अजीत MBBS, MS DGO Laparoscopist, E & Medical Suprintendent. 9898772036**

**प्रचार व प्रसार- सुरेश ठाकुर मो. 9816849444**

**BEFORE THE ASSISTANT COLLECTOR 2ND GRADE DHALWAN DISTT. MANDI H.P.**

**In the matter of:** Sh Jai Ram Sharma alias Jai Vardhan S/O Sh Todar R/O Vill. Jakher, P.O. Kalkhar, Sub Tehsil Dhalwan Distt. Mandi H.P. ..........*Applicant*

**Versus**

**General Public**

.......*Respondent*

**Subject:- Notice for correction of name in revenue record.**

Whereas Sh Sh Jai Ram Sharma alias Jai Vardhan S/O Sh Todar R/O Vill, Jakher, P.O. Kalkhar, Sub Tehsil Dhalwan, Distt. Mandi H.P. has filed an application in the court of undersigned, in which he has stated that his name was wrongly written as Jai Vardhan S/O Sh Todar in the revenue record of Patwar Circle Majhwan, Muhal Jakher, while actual name of the applicant is Jal Ram Sharma Alias Jai Vardhan S/o Sh Todar. He has also produced copies of Aadhar Card, School certificate, army record, panchayat Nakkal record and an affidavit in this regard alongwith Nakkal jamabandi for the year 2021-2022. Therefore, the General Public is hereby informed through this notice that if any person having any objection regarding this correction, may file his objections either personally or through an agent in writing before this court on or before 24-10-2025. In case no objection is received by 24-10-2025, it will be presumed that there is no objection to the aforesaid correction and same will be corrected under the relevant Act accordingly.

Issued under my hand and seal of this court today on 23rd Sept 2025.

Before The Assistant Collector 2nd Grade Dhalwan Distt. Mandi H.P.

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायब–तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 94/NT/2025

तारीख पेशीः 27.09.2025

कामना रानी पुत्री बालक राम हाल पत्नी बेसर राम निवासी गांव वुशेहर, डाक घर गलमा तहसील बल्ह, जिला मण्डी हि.प्र.।

**बनाम आम जनता।**

**वजरिया ईश्तहार**

कामना रानी पुत्री बालक राम हाल पत्नी बेसर राम निवासी गांव वुशेहर, डाक घर गलमा तहसील बल्ह, जिला मण्डी हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव टाण्डा, डाकघर राजपुर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा में दिनांक 03.03.1970 को हुआ है, लेकिन सम्वन्धित ग्रांम पंचायत टाण्डा हाल नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है। अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 27.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर, को पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 08.08.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायब–तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 90/NT/2025

तारीख पेशीः 27.09.2025

जुध्या देवी पत्नी देश राज निवासी गांव घुघर डाक घर व तहसील पालमपुर, जिला कॉंगड़ा हि.प्र.।

**बनाम आम जनता**

**वजरिया ईश्तहार**

जुध्या देवी पत्नी देश राज निवासी गांव घुघर डाक घर व तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी की पुत्री कंचना का जन्म गांव घुघर, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 06.10.1994 को हुआ है, लेकिन सम्वन्धित ग्रांम पंचायत घुघर हाल नगर निगम पालमपुर, के अभिलेख में दर्ज न है।

अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 27.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी की पुत्री के जन्म पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर को दर्ज करने के पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 12.08.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायब–तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 93/NT/2025

तारीख पेशीः 27.09.2025

संगीता पत्नी नरेश कुमार निवासी गांव लोहना, वार्ड नम्वर 1 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।

**बनाम आम जनता।**

**वजरिया ईश्तहार**

संगीता पत्नी नरेश कुमार निवासी गांव लोहना, वार्ड नम्बर 1 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी के पति नरेश कुमार पुत्र मोती राम की मृत्यु गांव लोहना वार्ड नम्वर 1 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा में दिनांक 18.10.2007 को हुई है, लेकिन सम्वन्धित ग्रांम पंचायत लोहना हाल नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।

अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 27.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के पति की मृत्यु पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 09.09.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर**

**द्वेष** बुद्धि को हम द्वेष से नहीं मिटा सकते, प्रेम की शक्ति ही उसे मिटा सकती है। –**विनोबा भावे**

## संपादकीय

# गांवों को बाजार

सूक्खू सरकार ने ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी लागू कर एक बड़ा और क्रांतिकारी कदम उठाया है। अब तक गांवों में सड़क किनारे, मेलों में या बाजारों के आसपास बिना किसी नियम-कायदे के रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले लोग प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई के डर में जीते थे। उन्हें न तो कानूनी सुरक्षा मिलती थी और न ही स्थायी ढांचा। सरकार का यह निर्णय न सिर्फ आम जनता को सुगम आवागमन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराएगा, बल्कि वेंडरों को भी मान्यता और सम्मानजनक स्थिति देगा। पॉलिसी के तहत अब हर रेहड़ी-फड़ी चलाने वाले को पंचायत से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। हर ग्राम पंचायत को वेंडिंग जोन निर्धारित करने और वहां कम से कम चार गुणा चार फुट जगह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। जहां-जहां पारंपरिक रूप से हाट-बाजार लगते आए हैं, उन्हें भी इस श्रेणी में रखा जाएगा।

इस कदम से साफ-सफाई बढ़ेगी, पारंपरिक बाजारों को कानूनी मान्यता मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती भी मिलेगी। इस नीति के कई लाभ स्पष्ट रूप से नजर आते हैं। गांवों में बेतरतीब फैली दुकानों और कचरे से मुक्ति मिलेगी। वेंडरों को सुरक्षा और आत्मविश्वास मिलेगा कि वे अब कानूनी तौर पर अधिकृत हैं। पंचायतों को लाइसेंस और फीस के जरिए राजस्व मिलेगा जिससे विकास कार्यों को गति मिल सकती है। युवाओं को गांव में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे और पलायन की प्रवृत्ति कुछ हद तक रुकेगी। साथ ही उपभोक्ताओं को भी साफ-सुथरा और अनुशासित बाजार उपलब्ध होगा। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। सबसे बड़ी समस्या लाइसेंस प्रक्रिया को लेकर आएगी, क्योंकि ग्रामीण वेंडरों के पास अक्सर पढ़ाई-लिखाई या दस्तावेज पूरे नहीं होते। उन्हें फार्म भरने, फीस जमा करने और कागजी कार्यवाही में दिक्कत आ सकती है।

इसमें भ्रष्टाचार का खतरा भी बराबर बना रहेगा। कहीं ऐसा न हो कि पंचायतें या कर्मचारी लाइसेंस जारी करने में पक्षपात करें या रिश्वतखोरी बढ़े। बाहरी वेंडरों के लिए क्या शर्तें होंगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पारंपरिक ढांचे में बदलाव की दिक्कत भी हो सकती है, क्योंकि जिन वेंडरों की आदत वर्षों से जहां-तहां दुकान लगाने की है, उन्हें नई व्यवस्था स्वीकारने में कठिनाई होगी। साथ ही कई गांव ऐसे हैं जहां जगह की कमी है और वहां वेंडिंग जोन चिन्हित करना आसान नहीं होगा।

इन चुनौतियों को देखते हुए पॉलिसी में कुछ सुधार और अतिरिक्त प्रावधान शामिल करने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो लाइसेंस प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। हर वेंडर को एक यूनिक आईडी या स्मार्ट कार्ड दिया जा सकता है, जिसमें उसका नाम, पता, कारोबार का प्रकार और लाइसेंस की अवधि दर्ज हो। यह कार्ड सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सुविधा से भी जुड़ सकता है। दूसरी बात, सरकार को वेंडरों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, जिनमें स्वच्छता, ग्राहक सेवा और खाद्य सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जानकारी दी जाए।

तीसरा सुधार माइक्रो-फाइनेंस सुविधा से जुड़ा होना चाहिए, क्योंकि वेंडर अक्सर साहूकारों से कर्ज लेकर फंस जाते हैं। यदि उन्हें बैंकों या स्वयं सहायता समूहों के जरिए सस्ते ब्याज पर लोन मिले तो वे अपने कारोबार को बेहतर बना सकते हैं। स्वच्छता व्यवस्था के लिए वेंडिंग जोन में साझा कचरा निस्तारण प्रणाली, सार्वजनिक शौचालय और पानी की सुविधा अनिवार्य की जानी चाहिए। इसके लिए हर वेंडर से नाममात्र का शुल्क लिया जा सकता है, ताकि पंचायत इस व्यवस्था को बनाए रख सके।

लाइसेंस वितरण में पारदर्शिता के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन या खुले लॉटरी सिस्टम पर आधारित होनी चाहिए। इससे न पक्षपात होगा और न ही भ्रष्टाचार की संभावना रहेगी। महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को वेंडिंग जोन में प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण रोजगार दोनों को बढ़ावा मिले। नीति में यह प्रावधान भी होना चाहिए कि वेंडिंग जोन में स्थानीय और पारंपरिक उत्पाद बेचने वालों को प्रोत्साहन मिले। जैसे कुल्लू और मंडी में ऊनी वस्त्र, चंबा में चंबा रूमाल, किन्नौर में हस्तशिल्प और शिल्पकारी उत्पाद या पारंपरिक व्यंजन बेचने वालों को विशेष छूट या सुविधा दी जा सकती है। इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि संस्कृति को भी पहचान मिलेगी।

इसके अलावा, पंचायत स्तर पर एक शिकायत निवारण केंद्र होना चाहिए जहां वेंडर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकें और त्वरित समाधान पा सकें। गांवों में मेलों, धार्मिक आयोजनों और पर्यटक स्थलों पर अस्थायी वेंडिंग की काफी संभावना रहती है। ऐसे अवसरों के लिए अस्थायी या सीजनल लाइसेंस की व्यवस्था होनी चाहिए। इससे एक ओर वेंडरों को अवसर मिलेगा और दूसरी ओर सरकार को अतिरिक्त राजस्व। साथ ही इस पूरी पॉलिसी के क्रियान्वयन की निगरानी और मूल्यांकन अनिवार्य होना चाहिए। हर साल एक समीक्षा रिपोर्ट तैयार होनी चाहिए जिसमें देखा जाए कि जनता को कितनी सुविधा मिली और वेंडरों का जीवन कितना सुरक्षित और व्यवस्थित हुआ। कुल मिलाकर, हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स पॉलिसी एक प्रगतिशील और दूरगामी सोच पर आधारित पहल है। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के प्रमुख राष्ट्रीय नेता

**विट्ठलदास** झवेरभाई पटेल भारत के प्रमुख राष्ट्रीय नेता और सरदार वल्लभ भाई पटेल के बड़े भाई थे। अपनी बैरिस्टरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद ही यह देश को आजादी दिलाने के कार्य में जुट गए। पटेल का जन्म नाडियाड, गुजरात में हुआ था। 1905 ई. में इन्होंने अपनी बैरिस्टरी पूरी की और वकालत करने लगे, परंतु शीघ्र ही भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में खिच आए। इन्हें केंद्रीय असेंबली का सदस्य भी चुना गया, किंतु कांग्रेस की असहयोग की नीति के अनुसार सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। बाद में यह स्वराज्य पार्टी में सम्मिलित हो गए। वियना में उनकी भेंट नेताजी सुभाषचंद्र बोस से हुई। नेताजी पर उनका पूरा विश्वास था और उन्होंने उनको अपनी इच्छानुसार राष्ट्रीय कार्यों में खर्च करने के लिए दो लाख रुपए की वसीयत कर दी। इसके बाद ही वियना में उनकी मृत्यु हो गई। 1933 ई. में उनकी मृत्यु पर छोटे भाई सरदार पटेल ने असहयोग के सिद्धान्तों में विश्वास करते हुए भी भारत में ब्रिटिश अदालत में मुकदमा दायर कर दिया और बड़े भाई की वसीयत रद्द करा दी। विट्ठलदास झवेरभाई पटेल महान् देशभक्त थे और भारत के अंग्रेज शासक भी उनसे डरते थे। ■



**विट्ठलदास झवेरभाई पटेल**
**जन्म :** 27 सितंबर, 1873
**मृत्यु :** 22 अक्तूबर, 1933



कविता

### पेड़-जीवन के साथी

दिशांत शर्मा, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर

*ऊपर बढ़ते, कभी न रुकते, चुपचाप खड़े, कभी न झुकते।*
*हवा हमें दें, बारिश भी लाएं, गिरना नहीं, संभलना सिखाएं।*
*आंधियों में भी अडिग खड़े,*
*हर मुश्किल में हिम्मत से बड़ें।*
*पंछी बनाते सुंदर-सुंदर घोंसले,*
*लगते घर सबसे अनमोल, भले।*
*फल हमें खाने को देते,*
*खट्टे-मीठे स्वाद जगाते।*
*छाया में ठंडी शांति मिलती, इनसे ही जीवन राहें खिलती।*
*हरियाली लाओ, धरती बचाओ, जन्मदिन पर एक पेड़ लगाओ।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है भारत




विश्व पर्यटन दिवस मनाने का उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

विश्व पर्यटन दिवस मनाने से हमें पर्यटन के हम पर और हमारे आसपास की दुनिया पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है। इसमें दुनियाभर में इसके आर्थिक प्रभाव के साथ-साथ नैतिक, नैतिक और पशु कल्याण संबंधी विचार भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की तरफ से साल 1980 में हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाने की शुरुआत की गई। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। हर साल यह दिवस विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम है-पर्यटन और हरित निवेश। यह थीम स्थायी पर्यटन अवसंरचना और परियोजनाओं में निवेश की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है जो समुदायों और अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध बनाने के साथ हमारे ग्रह की रक्षा में भी मदद करे। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की नवीनतम आर्थिक प्रभाव प्रवृत्ति रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2025 में विश्व की सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में अपने पिछले दसवें स्थान से 8वें स्थान पर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रिपोर्ट में वैश्विक यात्रा क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद पर प्रकाश डाला गया है और अनुमान है कि अगले दशक में यह चौथे स्थान पर होगा। भारत का पर्यटन क्षेत्र 2025 में 231.6 अरब डॉलर का योगदान देगा जो बुनियादी ढांचे, विपणन और सेवा वितरण में मज़बूत वृद्धि और रणनीतिक विकास को दर्शाता है। यह बढ़ता रुझान एक वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में भारत की क्षमता को रेखांकित करता है और आर्थिक विस्तार एवं रोजगार को बढ़ावा देने में इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। यूरोपीय देश जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली और स्पेन प्रमुख खिलाड़ी बने हुए हैं।

वहीं हांगकांग एसएआर, मलेशिया और फिलीपींस जैसे एशियाई गंतव्य पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन खर्च में तीव्र वृद्धि देखने वाले देशों में सऊदी अरब (+91.3%), तुर्की (+38.2%), केन्या (+33.3%), कोलंबिया (+29.1%), और मिस्र (+22.9%) शामिल हैं। देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नए रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है।

भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर ऑफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है। पर्यटन डिप्लोमा डिग्री हासिल करने के बाद स्वरोजगार के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए राहें भी खुलती है। इसीलिए जरूरी नहीं कि लंबे अरसे तक नौकरी के लिए आवेदन भेज कर हाथ पर हाथ रखकर खाली बैठा जाए। टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट जैसे काम बहुत कम पूंजी से शुरू किए जा सकते हैं। जिनमें स्थानीय साइट सीन, पर्यटक भ्रमण कार्यक्रम से लेकर तीर्थ यात्रा टूर, दूरदराज के पर्यटक स्थल की यात्रा शामिल है। आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश हैं, जहां पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय, वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# नशे के कारोबार में महिलाओं की भागीदारी समाज के लिए चेतावनी

समाज में नशा एक ऐसा जहर बन चुका है, जो युवाओं, परिवारों और पूरी पीढ़ी को खोखला कर रहा है। नशा का शौक पहले केवल पुरुषों तक ही सीमित हुआ करता था, परंतु धीरे-धीरे आधुनिकता की होड़ में अब इसमें महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के लिए और भी गंभीर खतरे का संकेत है। नशे के काले धंधे में अब महिलाएं केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि कारोबार का हिस्सा बनती जा रही हैं।

आर्थिक तंगी, बेरोजगारी, लालच और दबाव जैसे कई कारण महिलाओं को इस गलत रास्ते पर धकेल रहे हैं। एक ओर जहां महिलाएं घर और समाज की आधारशिला मानी जाती हैं, वहीं दूसरी ओर उनका इस गंदे कारोबार में शामिल होना आने वाली पीढ़ी पर गहरा प्रभाव डाल रहा है-कल तक संभालती थी,जो नारी घर-संसार, आज वही कर रही, नशे का गंदा कारोबार। हिमाचल प्रदेश में स्थानीय अभियान व अन्य रिपोर्टों के अनुसार गत 2 वर्षों में लगभग 100 महिलाओं को ड्रग तस्करी के विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें पुलिस ने महिला तस्करों व पेडलरों की गिरफ्तारी और हीरोइन व चिट्टा जैसे नशीले पदार्थों की भारी मात्रा में बरामदगी की है।



**केशव शर्मा**
घुमारवीं, बिलासपुर

नशे के कारोबार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से कानून व्यवस्था की चुनौतियां भी और कठिन होती जा रही हैं। कई बार महिलाएं कानून से बचने के लिए ढाल बनती हैं, जिससे पुलिस और प्रशासन को कार्रवाई करने में मुश्किल होती है।



नशे के इस गंदे कारोबार से महिलाओं को बाहर निकालने के लिए सरकार को जहां और कड़े कानून बनाने की आवश्यकता है, वहीं महिलाओं के नाम पर चल रहे नशे के कारोबार पर विशेष अभियान चलाकर पुलिस को और प्रभावी बनाया जाए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गरीब और बेरोजगार महिलाओं को स्वरोजगार व कौशल विकास योजनाओं से जोड़ा जाए। इसके अलावा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाएं। सरकार के साथ-साथ हर परिवार को भी सतर्क रहना चाहिए।

इस समस्या को जड़ से मिटाने के लिए स्वयंसेवी संगठन, महिला मंडल और पंचायतें मिलकर नशा विरोधी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा जो महिलाएं इस कारोबार में फंस चुकी हैं, उनके लिए पुनर्वास केंद्र और काउंसिलिंग की व्यवस्था की जाए। इस बढ़ती भागीदारी को रोकने के लिए सरकार, समाज और परिवार—तीनों को मिलकर प्रयास करने होंगे। महिलाओं को आर्थिक अवसर, आत्मनिर्भरता और जागरूकता देना सबसे अहम कदम है। शिक्षा और संस्कारों के साथ-साथ प्रशासनिक सख्ती भी जरूरी है ,ताकि नशे के इस अंधकारमय जाल को तोड़ा जा सके।

नशे के कारोबार में महिलाओं की भागीदारी केवल अपराध की समस्या नहीं है, बल्कि यह समाज की नैतिकता और संतुलन पर भी चोट है। यदि समय रहते सख्त कदम न उठाए गए तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। इसलिए सरकार, समाज और परिवार—तीनों को मिलकर इस बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना ही होगा,अगर अब भी इसे गंभीरता से नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां एक असुरक्षित और खोखले समाज की विरासत पाएंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**देश** में भ्रष्टाचार के कई कारण होते हैं। सबसे बड़ा कारण है जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी। जब अधिकारियों पर सख्त निगरानी नहीं होती, तो वे अपने पद का दुरुपयोग करने लगते हैं। लालफीताशाही की वजह से आम लोगों को अपने कार्यों के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है, जिससे वे जल्दी काम करवाने के लिए रिश्वत देने को मजबूर हो जाते हैं। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने का डर कम होता है, जिससे वे अपने कर्तव्यों को गंभीरता से नहीं लेते। राजनीतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार के मामलों में कड़ी कार्रवाई का न होना भी इस समस्या को बढ़ाता है। जब तक सख्त कानून, पारदर्शिता और नैतिक प्रशासन नहीं होगा, तब तक सरकारी कार्यालयों से भ्रष्टाचार हटाना कठिन रहेगा।

**–अभय सिंह, धर्मशाला**

# संघ शताब्दी एवं राष्ट्र जागरण पर्व में हिमाचल की सहभागिता

दुनिया में शायद ही कोई ऐसा संगठन होगा जिसने अविरल 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण की हो। ऐसा ही एक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो 1925 से लेकर अभी तक 100 वर्षों की यात्रा को बिना रुके, बिना टूटे पूर्ण कर रहा है और समरस भारत, सशक्त भारत, विश्व शांति, समृद्धि के कार्य को अनवरत गति प्रदान कर रहा हैं। संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार एवं कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी की तैयारी चल रही है। 'आ गया शताब्दी वर्ष हैं-स्वयंसेवकों के मन में हर्ष हैं' सभी स्वयंसेवक इस गीत को गुनगुनाते हुए पूरे देश में देशभक्ति के वातावरण को बनाए हुए हैं। इस अवसर को ध्यान में रखते हुए संघ ने कार्य-विस्तार, कार्य की गुणवत्ता तथा समाज-परिवर्तन की दिशा में कई संकल्प लिए हैं। इसी क्रम में 2018-21 और 2021-24 में संघ कार्य की विस्तृत योजना पूरे देश में हुई थी। मार्च 2025 तक प्रत्येक मंडल और बस्ती को शाखा युक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जो कि पूर्ण होकर आगामी विस्तार की ओर अग्रेसर हो रहे हैं। समाज की 'सज्जन शक्ति' के साथ मिलकर कुछ सामाजिक कार्यक्रम उनके नेतृत्व में करने की योजना बनी है।



**प्रताप समयाल**
**शिमला**
Pssamyal1989@gmail.com

समाज की समस्याओं, चुनौतियों के समाधान हेतु मिलकर प्रयास करने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता रहती है। इस कारण से सभी एकमुखी होकर कार्य करें ऐसी संघ की अपेक्षा है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रक्रिया को गति देने हेतु संघ ने 'पंच प्रण' पर विशेष बल दिया है। इन पंच प्रणों के माध्यम से राष्ट्र के पुनरुत्थान हेतु समाज में आवश्यक परिवर्तन लाने का लक्ष्य है। जिसमें सर्वप्रथम 'पर्यावरण संरक्षण'-पॉलिथीन हटाओ, पानी बचाओ, पेड़ लगाओ प्रकृति के संरक्षण और संतुलन को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना। दूसरा 'सामाजिक समरसता'-जहां जाति, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर एकात्मता का भाव विकसित हो। सभी के लिए एक जलाशय, एक देवालय, एक शमशान हो,




सहजभोज, रोटी-बेटी का व्यवहार यह भाव सभी में विकसित करने का प्रयास करना। तीसरा 'कुटुम्ब प्रबोधन'-सामूहिक भजन, सामूहिक भोजन, सामूहिक भ्रमण आदि परिवार को संस्कारयुक्त, देशभक्ति से ओतप्रोत, मूल्य और परंपरा का आधार बनाते हुए समाज की सुदृढ़ इकाई बनाए रखना। चौथा 'स्व के भाव का जागरण'-प्रत्येक व्यक्ति में आत्मसम्मान और राष्ट्र के प्रति गर्व जागृत करना। अपने भारत देश का मान-सम्मान रखना, अपने देश के गौरवशाली इतिहास का जानना, यहां की परंपराओं, जीवन मूल्यों, नैतिक मूल्यों की रक्षा करना।

पांचवां 'नागरिक कर्तव्य'' - कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ समाज व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाना। अधिकारों से अधिक देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना। संविधान अनुसार नियम पालन करना, ट्रैफिक नियमों का पालन करना, सरकारी संपत्ति को अपना मानकर उसकी रक्षा करना और देश को अनुशासित एवं समृद्ध करने में अपना योगदान सुनिश्चित करना, इसी दिशा में सर्वत्र 'पंच प्रण' की चर्चा करना एवं सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन नागपुर से प्रारंभ हुई थी। संगठन की यह ज्योति धीरे-धीरे संपूर्ण भारत में फैलती गई और वर्ष 1938 में हिमाचल प्रदेश की धरती तक पहुंच गई। हिमाचल में संघ कार्य का आरंभ मंडी के प्रतिष्ठित समाजसेवी लाला कन्हैया लाल सराफ से हुआ, इसके उपरांत 1940 में कुल्लू के सेउ बाग में एक प्राथमिक शिक्षा वर्ग का आयोजन हुआ, जिसमें स्व. कुंजलाल ठाकुर, टशी दवा (अर्जुन गोपाल) जैसे कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

हिमाचल में प्रत्यक्ष शाखा का शुभारंभ 1942 में कांगड़ा और मंडी में हुआ। इसी समय हमीरपुर के ठाकुर रामसिंह जी, जो लाहौर में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे, संघ से जुड़े। उन्होंने संघ का शिक्षण प्राप्त किया और 1942 में प्रचारक के रूप में कार्य करना शुरू किया। उन्हें कांगड़ा में प्रचारक की जिम्मेदारी दी गई। उनके प्रयासों से वर्ष 1943 तक कांगड़ा जिले में 16 शाखाएं संचालित होने लगीं। इसके पश्चात परम् पूजनीय सरसंघचालक श्री गुरुजी के हिमाचल प्रवास हुए। उन्होंने 1947 में धर्मशाला, 1953 में मंडी व शिमला, 1962 में कांगड़ा, 1963-64 में नगरोटा, 1967 में बिलासपुर, मंडी, सोलन, 1968 में कुल्लू तथा 1971-72 में पुन: शिमला में प्रवास कर कार्य विस्तार एवं प्रबुद्धजनों से संवाद के माध्यम से संघ कार्य को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। संघ की शताब्दी यात्रा हिमाचल के लिए न केवल गौरव का अवसर होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को संगठन, समर्पण और समाज-परिवर्तन का संदेश देने वाला ऐतिहासिक 'जागरण पर्व' के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल में खरीफ की फसल तबाह, अब बुआई का काम प्रभावित

हिमाचल प्रदेश में इस साल बरसात में भारी तबाही हुई है। बारिश होने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। पहाड़ी प्रदेश होने के कारण बादल फटने से आई बाढ़ और भूस्खलन से हुई दर्दनाक घटनाओं से काफी कुछ मिट्टी में दफन हो गया है। फसलें भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

अब मौसम खुल जाने से किसान भारी मन से रही सही फसलों को समेटने में लगे हैं। इस बार फसल पूरी तरह भी नहीं पकी थी कि बारिश नहीं थमी। जब फसलों के पकने के समय था। तब धूप व उचित तापमान नहीं रहा। इससे पहले बारिश के साथ मामूली हवा चलने से मक्की के पौधे पकने से पहले ही खेतों में बिछ गए। प्रदेश के मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लोग मक्की की फसल पर ही निर्भर रहते हैं। इन स्थानों में गंदम की फसल कम होती है। मौसम की इस दगाबाजी के चलते खरीफ की फसल तो खराब हुई ही जबकि भूस्खलन होने से अधिकतर खेत खराब हो गए हैं। इसलिए अब रबी की फसल की बुआई करनी मुश्किल हो गई है।



**रामलाल पाठक**
स्वतंत्र लेखक

भूस्खलन से प्रभावित खोतों से मिट्टी के ढेर समतल करने पड़ेंगे तथा डंगे लगाने के बाद ही उनमें जोताई हो सकेगी। अन्यथा उन में अगली फसल भी नहीं हो पाएगी। इससे किसानों की लगातार दो फसलें खराब हो गई है। मौसम की इस मार से किसानों को अन्न संकट का सामना भी करना पड़ सकता है। इस बार फसल पकने से पहले ही जंगली जानवरों और पक्षियों ने काफी नुकसान कर दिया है। लगातार बारिश होने से मक्की के भुट्टों के अंदर से ही अंकुर फूट गए। दलहन और तिलहन फसलें तो न के बराबर है।



इसलिए किसान अब बची-खुची फसल को इकट्ठा करने लगे हैं। किसानों का मानना है कि इस बार पशु चारे का भी संकट होगा। फसल से निकलने वाला घास और भूसा लगातार बारिश के कारण खराब हो गया है। कई जगह तो अभी भी खेतों में पानी भरा है। उसकी भी निकासी की जा रही है। भूस्खलन होने से पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियां (चल्ले) भी खराब हो गए। इसलिए पानी खेतों में ही जमा रहा। इससे बार-बार भूस्खलन हुआ।

किसानों को इतना समय भी नहीं मिल पाया कि उन निकास नालियों से मिट्टी हटाई जा सकें। पहाड़ी ढलानों में बने खेतों में भूस्खलन बहुत अधिक हुआ है। कई खेतों की स्थिति ऐसी हो गई है कि उनमें अगली फसल की बुआई ही नहीं हो पाएगी। इस बार प्रदेश के ऊंचाई वाले स्थानों में बादल फटने की अनेक घटनाएं हुई है। बाढ़ से कई गांव तबाह हो गए हैं। मृतकों की संख्या साढ़े चार सौ तक पहुंच गई है। बाढ़ में बह जाने की आशंका के चलते लापता लोगों के शव भी बरामद नहीं हो पाए हैं। सैकड़ों मवेशी बाढ़ में बह गए तथा मिट्टी में दफन हो गए। इससे पशुपालकों को भी भारी नुकसान हुआ है। सब्जी और फल उत्पादक टूटी सड़कों के कारण अपने उत्पाद बाजार तक नहीं पहुंचा पाए। इस बार लोगों में दहशत का माहौल रहा।

लोग अपने देवी-देवताओं से यही अरदास करते रहे कि यदि जान बच गई तो नुकसान को झेल लेंगे। फिर भी जब तक सांस तब तक आश के महावरे को चरितार्थ करते हुए अपने काम में जुटे रहे, लेकिन बहुत से स्थानों का कई दिनों तक दुनिया से संपर्क कट रहा। सड़कें और पुल टूट गए। किसानों की लाखों रुपए की सब्जियां खराब हो गई। मुख्य सड़कों की हालत अभी भी खराब है, जबकि संपर्क सड़कों पर छोटे वाहन ले जाना खतरे से खाली नहीं है। इस बार तो मध्यम ऊंचाई वाले स्थानों में भी बादल फटने की घटनाएं हुई। ऊपरी क्षेत्रों में सेव की फसल तैयार है, लेकिन सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# लेह में हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई : जयराम ठाकुर

## कहा–लोकतंत्र में ऐसी हिंसा के लिए नहीं कहीं कोई स्थान, राहुल गांधी पर भी साधा निशाना

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



मंडी में भाजपा के नए पार्टी कार्यालय का शुभारंभ करते हुए जयराम ठाकुर व अन्य।

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लेह हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। मंडी में भाजपा के जिला कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि लेह में जो हिंसक घटनाक्रम हुआ है वो निंदनीय है। केंद्र सरकार इस विषय पर लगातार नजर बनाए हुए है और उचित कार्रवाई की जा रही है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन इस तरह की हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। इसलिए जिन लोगों ने ऐसी अप्रिय घटना को अंजाम दिया है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। जयराम ने वोट चोरी मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरफ से भाजपा पर लगाए जा रहे आरोपों पर मीडिया के सवाल पर बोलते हुए कहा कि आज यह आरोप उस पार्टी के नेता लगा रहे हैं, जिन्होंने खुद वोट चोरी करके सत्ता चलाई थी।

इससे पहले जयराम ने भाजपा के संगठनात्मक जिला मंडी के अस्थाई कार्यालय का विधिवत शुभारंभ भी किया। उन्होंने बताया कि स्थाई कार्यालय के लिए जमीन तलाशी जा रही है व उसके बाद इसका निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री सिद्धार्थन, मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य और मंडी जिला भाजपा के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### सराज में लोगों से की जीएसटी सुधारों की चर्चा

**जयराम** ने सराज विधानसभा क्षेत्र के केलोधार, सरोआ व कांढा बाजार में पहुंचकर स्थानीय व्यापारियों से भेंट की और 'नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों' पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने व बढ़ावा देने तथा उपभोक्ताओं को नई जीएसटी दरों की जानकारी देकर अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम मोदी के दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में लागू हुए नए जीएसटी स्लैब आमजन को राहत देने के साथ-साथ व्यापार को और अधिक सरल, पारदर्शी व मजबूत बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल साबित हो रहे हैं। यह नई जनरेशन की जीएसटी देश को बचत का एक नया उत्सव दे रही है। जिसका लाभ हर भारतीय उठाएगा।

# थलौट का पीडब्ल्यूडी डिवीजन शिफ्ट होते ही फूटा गुस्सा

## पंडोह में स्थानांतरण के विरोध में लोगों ने की नारेबाजी, आंदोलन की दी चेतावनी

**नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



थलौट का पीडब्ल्यूडी डिवीजन शिफ्ट करने पर विरोध-प्रदर्शन करते हुए लोग।

> लोनिवि थलौट का मंडल कार्यालय अस्थायी तौर पर पंडोह में शिफ्ट किया गया है, चूंकि पंडोह में एनएच का भवन खाली पड़ा है और जब तक थलौट में सरकारी भवन का निर्माण नहीं हो जाता तब तक तो कार्यालय पंडोह में कार्यरत रहेगा।
>
> **-विनोद कुमार शर्मा, अधिशाषी अभियंता।**

**बालीचौकी।** लोक निर्माण विभाग का थलौट स्थित मंडल कार्यालय विधानसभा क्षेत्र मंडी सदर के पंडोह में शिफ्ट कर दिया गया है और मंडल कार्यालय का सामान उठाना भी शुरू कर दिया गया है। शुक्रवार को सरकार के इस निर्णय की भनक लगते ही स्थानीय लोगों ने सरकार एवं विभाग के इस निर्णय को लेकर मंडल कार्यालय के सामने प्रदर्शन भी किया।

प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान अधिशाषी अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि अगर शिफ्ट करने की प्रक्रिया रोकी नहीं गई तो वे अपना आंदोलन और तेज करेंगे। इस दौरान नौजवान सभा के नेता महेंद्र राणा ने कहा कि उक्त संस्थान अफसरशाही की सहूलियत के लिए दूसरे विधानसभा क्षेत्र में शिफ्ट किया जा रहा है, जो किसी भी तरह से व्यावहारिक नहीं है। इस दौरान मंडल कांग्रेस के पूर्व प्रधान टेक सिंह चौहान ने कहा कि वे इस विषय पर शीघ्र ही मुख्यमंत्री के साथ अपना पक्ष रखेंगे। प्रदर्शनकारियों में नगवाई वार्ड की जिला परिषद सदस्य भी शामिल रही। गौरतलब है कि थलौट में पूर्व भाजपा सरकार ने बालीचौकी एवं द्रंग की सड़कों को गति प्रदान करने के लिए मंडल कार्यालय की स्थापना की थी। इस मंडल कार्यालय में बालीचौकी, पनारसा और पंडोह सब डिविजन शामिल किए गए थे और वर्तमान में यह कार्यालय एक निजी भवन में चल रहा था। जुलाई माह में विभाग ने इस कार्यालय को शिफ्ट करने की अधिसूचना जारी की थी, लेकिन स्थानीय नेताओं के दबाव के चलते इसे ठंडे बस्ते में डाला गया था। लेकिन शुक्रवार को जब लोगों को यह सूचना मिली कि कार्यालय को खाली किया जा रहा है, तो वे भड़क गए और अधिकारियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।

वहीं इस बारे सराज कांग्रेस नेता विजय पाल सिंह ने कहा कि उन्होंने एक सितंबर को मुख्यमंत्री को क्षेत्रीय भावनाओं से अवगत करवा दिया है और उन्होंने इसे यथावत रखने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि मामले की लोक निर्माण मंत्री के संज्ञान में भी फोन के माध्यम से लाया गया है और उन्होंने भी इस विषय पर पुनर्विचार की बात की है।

लोक निर्माण विभाग के मंडल कार्यालय को शिफ्ट करने पर समाजसेवी बंटी ने भी कार्यालय के बाहर लोगों को संबोधित किया और चेतावनी दी कि अगर अधिसूचना वापस नहीं ली गई, तो वे चक्का जाम करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर में दुर्गा उत्सव की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के जवाहर पार्क मेला ग्राउंड में 28 सितंबर से 3 अक्तूबर तक भव्य दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मां शक्ति जन कल्याण समिति सुंदरनगर के प्रधान अमित शर्मा ने बताया कि इस उत्सव में कोलकाता से विशेष रूप से आए पुजारी मां दुर्गा की आराधना करने के लिए पहुंच चुके हैं और सहारनपुर से विशेष रूप से आए हुए कारीगर रावण कुंभकर्ण और मेघनाथ के चालीस फुट ऊंचे पुतले को अंतिम रूप दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन संध्या में सुंदरनगर के सभी स्कूल और अकादमियों के बच्चे भव्य स्टेज पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे और दशहरे वाले दिन शाम 4 से लेकर रात 8 बजे तक भव्य आतिशबाजी और रावण कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतला का अग्नि दहन किया जाएगा 3 अक्तूबर को दोपहर 3 बजे मां दुर्गा जी की मूर्ति का सुंदरनगर के बीबीएमबी जलाशय में विसर्जन करने के उपरांत कार्यक्रम समापन किया जाएगा।

### एसडीएम के माध्यम से डीसी को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** 15 सितंबर की रात को सोनखड्ड में आए भारी जलभराव से धर्मपुर कस्बे में बाढ़ ने कहर बरपाया। इस आपदा में लगभग 150 व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा, धर्मपुर बस डिपो की 20 बसें बह गईं और दो लोग लापता हो गए। वीरवार को प्रभावित व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम कार्यालय धर्मपुर पहुंचा और एसडीएम जोगिंद्र पटियाल के माध्यम से उपायुक्त मंडी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि एसडीएम कार्यालय की भूतल मंजिल पर खाली पड़ी दुकानों को प्रभावित व्यापारियों को आवंटित किया जाए। व्यापारी विनीत कटवाल और मुकेश लखनपाल ने बताया कि लगातार आ रही प्राकृतिक आपदाओं के कारण व्यापारी अब पुराने स्थानों पर व्यापार करने से डर रहे हैं। उधर, एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने बताया कि व्यापारियों द्वारा सौंपा गया ज्ञापन उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा और प्राप्त आदेशों के अनुसार प्रभावित व्यापारियों को अवगत कराया जाएगा।

### जोगिंद्रनगर में मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शहर के बीचों-बीच साईं मार्केट में स्थित लगभग 30 वर्ष पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य जागृति सेवा समिति ने बड़े पैमाने पर शुरू कर दिया है। यह पहल मंदिर को एक नई और मजबूत संरचना देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो दशकों से शहरवासियों की आस्था का केंद्र रहा है। समिति ने सबसे पहले बरसात के दौरान मंदिर में होने वाली बड़ी समस्या का समाधान किया है। लंबे समय से मंदिर की छत से पानी टपकने के कारण भक्तों और पूजा-पाठ में व्यवधान आता था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए, जागृति सेवा समिति ने हाल ही में नई और मजबूत छत का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इससे न केवल मंदिर की संरचना सुरक्षित हुई है, बल्कि भक्तों को भी अब बिना किसी रुकावट के पूजा-अर्चना करने की सुविधा मिल गई है। यह जानकारी जागृति सेवा समिति के प्रधान प्यार चंद ठाकुर ने दी है।

### यूथ आइकन सचिन ने किया युवाओं को प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा क्षेत्रीय निदेशालय चंडीगढ़ के सहयोग से 'विकसित भारत युवा कनेक्ट' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार मुख्य अतिथि रहे। इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को युवाओं तक पहुंचाना और राष्ट्र निर्माण में उनके नेतृत्व को सशक्त करना था। कार्यक्रम में यूथ आइकन सचिन कोरला ने प्रभावशाली पीपीटी प्रेजेंटेशन देकर युवाओं को प्रेरित किया। इस पहल से छात्र-छात्राओं में विकासोन्मुख सोच और सहभागिता की भावना को बढ़ावा मिला।

### वीर सिंह अध्यक्ष व मनीराम बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** मंडी व कुल्लू जिलों की सीमा पर राजकीय महाविद्यालय पनारसा में वर्ष 2025-26 के लिए अभिभावक-अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष वीर सिंह, उपाध्यक्ष मनीराम, संयुक्त सचिव निशा देवी तथा कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद को सर्वसहमति से चुना गया। इसके अतिरिक्त हरि शर्मा, कंचन और संजय कुमार को सदस्य चुना गया। प्राचार्य डॉ. उरसेम लता की अध्यक्षता में सम्पन्न गठन के दौरान डॉ. चारु अहलूवालिया, प्रो. हीरा सिंह, डॉ. डिंपल जामटा, कृष्ण लाल एवं बिंदु सूर्यवंशी मौजूद रहे। इस मौके पर महाविद्यालय को नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने बारे विचार विमर्श किया गया।

### कोटली में होगा रामलीलाओं का मंचन

**अनंत ज्ञान, कोटली।** उपमंडल मुख्यालय के सामुदायिक किसान भवन में आयोजित होने वाले रामलीला उत्सव के लिए मंच को सजाकर तैयार कर लिया गया है। रामलीला कमेटी के समर्पित व सक्रिय कर्मठ कार्यकर्ताओं की कुछ दिनों से लगातार की गई मेहनत व कोशिशों के परिणाम स्वरूप भगवान श्री राम की लीलाओं के मंचन के लिए एक बेहतरीन भव्य मंच बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है। कोटली कस्बे में आगामी 5 दिनों तक धार्मिक आस्था का समागम तथा मनोरंजन का यह सिलसिला 28 सितंबर से आरंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। कमेटी के प्रधान प्रशांत मोहन ने बताया कि 28 सितंबर रविवार को एसपीयू की पूर्व प्रोवीसी प्रोफेसर अनुपमा सिंह विधिवत शुभारंभ करेंगी।

### लडभड़ोल में पीटीए कार्यकारिणी का गठन 29 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में 29 सितंबर को अभिभावक-शिक्षक संघ कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। यह आयोजन महाविद्यालय परिसर में प्रातः 11 बजे से होगा। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में समय पर उपस्थित हों और अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अभिभावकों से विद्यार्थियों के भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए रचनात्मक सुझाव भी अपेक्षित हैं।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर ने कहा कि अभिभावकों की उपस्थिति और सहयोग संस्थान के लिए अत्यंत मूल्यवान है। उन्होंने सभी को इस आयोजन को सफल बनाने हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया है।

### जिला स्वच्छ भारत मिशन की बैठक 1 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की तिमाही बैठक 1 अक्तूबर को अपराह्न 3 बजे डीआरडीए कॉन्फ्रेंस हॉल मंडी में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी एवं अध्यक्ष जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अपूर्व देवगन करेंगे। जिला विकास अधिकारी डीआरडीए मंडी गोपी चंद पाठक ने बताया कि बैठक में मिशन के अंतर्गत स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ओडीएफ प्लस गतिविधियों और जन-जागरूकता अभियानों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा होगी।

# एचपी शिवा परियोजना की उपज को बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा एपीएमसी : संजीव गुलेरिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



किसान-खरीददार विक्रेता बैठक के दौरान सम्मानित करते हुए अधिकारी।

**एपीएमसी चेयरमैन ने की किसान-खरीददार विक्रेता बैठक की अध्यक्षता**

कृषि उपज मंडी समिति धनोटू में संजीव गुलेरिया अध्यक्ष एपीएमसी मंडी की अध्यक्षता में एक किसान-खरीददार विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक किसानों और खरीददारों के बीच एचपी-शिवा ब्रांड के तहत उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाली उपज को एपीएमसी से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। संजीव गुलेरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा कृषि-बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अनेक पहल की गई है।

डॉ. संजय गुप्ता, उपनिदेशक बागवानी मंडी एवं विपणन समिति एचपी शिवा परियोजना के प्रमुख ने इस अवसर पर कहा कि विभाग परियोजना के तहत क्लस्टरों की उपज के बेहतर विपणन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में किसानों को उनकी उच्च गुणवत्ता वाली उपज का सर्वोत्तम मूल्य सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में एपीएमसी के विक्रेताओं और सीएचपीएमए क्लस्टरों के किसानों ने भाग लिया। इस दौरान जिला मंडी के क्लस्टरों से आने वाली उपज के विपणन (मार्केटिंग) को लेकर खरीदारों और विक्रेताओं के बीच विस्तार से चर्चा हुई। शीघ्र ही किसानों से 550 किलोग्राम फलों की खरीद की जाएगी। बैठक में डॉ. राजेश शर्मा, जिला समन्वयक एचपी शिवा, भूपिंदर सिंह ठाकुर, सचिव, एपीएमसी और बागवानी विभाग तथा हिमाचल प्रदेश राज्य विपणन बोर्ड के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# प्रधान ने पंचायत कर्मियों के खिलाफ भेजी शिकायत

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** चनौता पंचायत की प्रधान सविता गुप्ता ने पंचायत कर्मचारियों के पंचायत से नदारद रहने पर इसकी शिकायत जिला पंचायत अधिकारी मंडी, बीडीओ धर्मपुर को भेजी है और इसके साथ-साथ स्थानीय विधायक से भी अपील की है। उन्होंने कहा कि वह पंचायत में आई तो यहां कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं था और न ही पंचायत चौकीदार वहां मौजूद था। इसकी कोई सूचना नहीं दी गई कि वह किन कारणों से पंचायत से नदारद हैं, वहीं लोग पंचायत से सम्बंधित कार्य करवाने के लिए पंचायत घर पहुंच रहे हैं और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इस समस्या का जल्दी हल नहीं हुआ तो आने वाले समय में इसके खिलाफ उन्हें संघर्ष करने को मजबूर होना पड़ेगा।

**कहा, कर्मचारी नदारद रहने से लोगों के कार्य हो रहे प्रभावित**

बीडीओ धर्मपुर बालम राम ने कहा कि पंचायत प्रधान की ओर शिकायत आई है, जांच की जा रही है। पंचायत सचिव व पंचायत के तकनीकी सहायक के पास दो से तीन पंचायतों का कार्यभार है और अलग अलग पंचायतों में वह अपना कार्य करते हैं। वह स्वयं भी मौका पर जाकर इसकी जांच करेंगे।

# भाजपा ने ख्योड़ मेले को बनाया राजनीति का अखाड़ा : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**बोले- दुख की घड़ी में कुछ नेता अपने ऐशो आराम के लिए लगा रहे थे नाटियां**

नाचन में ख्योड़ मेले के आयोजन और संचालन को लेकर पूर्व उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग ने ब्रह्मदास चौहान ने नाचन भाजपा और नेता प्रतिपक्ष पर मेले में राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने धनोटू में पत्रकार वार्ता में कहा कि इस ऐतिहासिक मेले को भाजपा के नेताओं ने राजनीति का अखाड़ा जानबुझ कर बनाया है। उन्होंने कहा कि मेले के संचालन में सरकार की भागीदारी को जानबूझ कर अनदेखा किया गया। उन्होंने कहा कि मेले सामाजिक समरसता के होते हैं न कि किसी राजनीतिक दल की अगुवाई में होते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे तो सराज और नाचन में आई आपदा के हिसाब से इस साल मेले का संचालन करना ही खेद जनक है, जबकि इस मेले में जिस तरह से सिर्फ भाजपा का ही चेहरा दिखा वह चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि मेले में सत्ता पक्ष की भागीदारी सुनिश्चित होती तो शायद नाचन को कोई तोहफा मिलता, मगर जिस तरह से सत्ता पक्ष को उपेक्षित कर दिया गया। उससे स्पष्ट हो गया कि मेले की आड़ में भाजपा नेताओं को खुश करना था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मेले में न आने की वजह उनका विदेश प्रवास था, जबकि भाजपा ने उसका भी परिहास उड़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस बार मेले में जनता की उपस्थिति दिखी है। उससे साफ दिख रहा था कि सराज और नाचन में दुख की घड़ी में कुछ नेता अपने ऐशो आराम के लिए नाटियां लगा रहे थे।

इस मौके पर पूर्व महिला कांग्रेस की सचिव मीरा ठाकुर और अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश सहसंयोजक सिद्धू राम भारद्वाज उपस्थित रहे।

# कॉलेज भवन का निर्माण शुरू करने के लिए गाड़ागुशैण में होगा आंदोलन

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**प्राचार्य के माध्यम से लोक निर्माण मंत्री को भेजा ज्ञापन**

**मंडी।** स्वराज क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय गाड़ागुशैण के विद्यार्थी महाविद्यालय भवन का निर्माण पूरा न होने से लाल हो उठे हैं। इसके चलते महाविद्यालय के स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया की इकाई द्वारा लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को प्राचार्य के माध्यम से मांग पत्र सौंपा।

उल्लेखनीय है कि कॉलेज भवन का निर्माण कार्य पिछले 10 वर्षों से लटका हुआ है। कॉलेज भवन में सरिया बिना शटरिंग के लटका हुआ है। भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि विभाग और ठेकेदार की मिलीभक्त के चलते कॉलेज भवन की सरिया, सीमेंट व शटरिंग बेच डाली गई है। ऐसे में विभिन्न संगठनों ने मांग की है कि दोषी अधिकारियों व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए, उनके वेतन से कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। इन विद्यार्थियों ने क्षेत्र में तमाम संगठनों व विभिन्न पूर्व और वर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए आगामी रूपरेखा बनाई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 29 सितंबर को लोनिवि के अधिशाषी अभियंता बंजार व एसडीएम बंजार को मांग पत्र दिया जाएगा। इसमें 15 दिनों में कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू करने को कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर तब भी कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है तो विभिन्न संगठन व तमाम लोग मिलकर 13 अक्तूबर को गाड़ागुशैण में स्थानीय जनता को शामिल करते हुए प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर किसान सभा में राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा, स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य अध्यक्ष अनिल कुमार, पूर्व समिति सदस्य राजू, जिप सदस्य वार्ड बरियोगी मीरा चौहान, मेघ सिंह, वार्ड सदस्य डाबर लाल, कॉलेज इकाई प्रधान दिलाराम, मनमोहन सिंह, चंद्रेश डोगरा तिलक राणा, कमलेश ठाकुर सहित कई लोग व कॉलेज छात्र उपस्थित थे।

# प्रभावित परिवारों ने जताई पीड़ा, मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा ज्ञापन

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के कुनड्डी, नेर घरवासड़ा, बुन्हला महरौली, निक्का ठाणा, कोटला समेत अन्य गांवों के 82 से अधिक आपदा प्रभावित परिवार अपनी पीड़ा लेकर शुक्रवार को हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रभावितों ने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भेजा। कुशाल भारद्वाज ने बताया कि इस बार की आपदा में उपमंडल के सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए हैं। नेर घरवासड़ा पंचायत के कुण्डुनी, नेर, मनोह सहित 68 परिवार जमीन धंसने और भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं। कई घर जमींदोज हो चुके हैं जबकि अन्य को खतरे के चलते घर खाली करने पड़े। टिकरी मुशैहरा पंचायत के निक्का ठाणा व बुन्हला महरोला गांवों के 12 परिवार पिछले ढाई महीने से शिविर में रह रहे हैं। किसान सभा ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिलाधीश कार्यालय व प्रदेश सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

# अभिलाषी विवि में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर–मॉडल स्पर्धा से किया जागरूक, 'थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट' रहा विषय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



फार्माकोविजिलेंस सप्ताह और फार्मासिस्ट दिवस पर मौजूद मुख्यातिथि व अन्य।

**फार्मेसी प्रोफेशन की महत्ता पर छात्रों ने ली शपथ, रंगोली और कला में दिखी रचनात्मकता**

**कुलपति प्रो. एचके चौधरी व रजिस्ट्रार डॉ. कपिल ने किया समापन समारोह में मार्गदर्शन**

अभिलाषी विश्वविद्यालय में फार्माकोविजिलेंस सप्ताह और फार्मासिस्ट दिवस का आयोजन किया गया। इसके समापन अवसर पर अभिलाषी विवि के कुलपति प्रो. एचके चौधरी तथा रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ में छात्रों ने चैलचौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को फार्मेसी प्रोफेशन की महत्वता के बारे में भी जागरूक किया। इसी कड़ी में पोस्टर और मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका विषय थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट रहा। वहीं रंगोली प्रतियोगिता द्वारा छात्रों ने फार्मासिस्ट की विभिन्न भूमिकाओं को रंगों के माध्यम से पेश किया।

इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. देव प्रकाश दहीया, डीन ऑफ फार्मेसी, डॉ. चीनू विभागाध्यक्षा फार्म डी, निशांत शर्मा विभागाध्यक्ष डी फार्मेसी, डॉ. सुनीता देवी तथा अन्य अध्यापक अध्यापिकाएं भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन के साथ छात्रों द्वारा 'फार्मासिस्ट शपथ' ली गई। कार्यक्रम के समापन में डीन स्कूल ऑफ फार्मेसी डॉ. देव प्रकाश दहिया ने छात्रों के जीवन और फार्मेसी प्रोफेशन में अनुशासन को बहुत जरूरी बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी व कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने आयोजकों की सराहना की व अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी व सचिव नरेंद्र कुमार ने बधाई दी।

# सरकाघाट कॉलेज में फेस्टिवल में छात्रों ने लगाए फूड और गेम स्टॉल



सरकाघाट कॉलेज में फूड-कम-म्यूजिक फेस्टिवल में उपप्रधानाचार्य व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के बी वॉक (बैचलर ऑफ वोकेशनल स्टडीज) विभाग ने कॉलेज परिसर में एक भव्य फूड-कम-म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कौशल विकास को बढ़ावा देने और छात्रों में उद्यमशीलता की भावना को जगाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के बी वॉक के छात्रों के साथ-साथ नजदीक के स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी फूड स्टॉल लगाए, जिसमें पौंटा और नबाही स्कूल के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। फेस्टिवल में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन और फास्ट फूड और विभिन्न प्रकार के गेम के स्टॉल लगाए गए। छात्रों ने खुद इन स्टॉलों का प्रबंधन किया, जिससे उन्हें व्यापार और ग्राहक प्रबंधन का व्यावहारिक अनुभव मिला। कॉलेज के उपप्रधानाचार्य नरेश चंदेल ने बी वॉक विभाग के इस सफल आयोजन की सराहना की और छात्रों के उत्साह की प्रशंसा की।

**रामलीला** धार्मिक रंग में रंगा महादेव, रामलीला के मंच पर जीवंत हुए रामायण के प्रसंग

# भगवान राम को हुआ चौदह वर्ष का वनवास

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**



महल में मृत्यु शैय्या पर पड़े राजा दशरथ श्रीराम के वियोग में दम तोड़ देते हैं।

**कैकेयी की मांग और राजा दशरथ की बेबसी ने मंच पर रच दिया भावनात्मक दृश्य**

**कमेटी ने नशे से दूर रहने का दिया संदेश, दर्शकों ने की सराहना**

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के गांव घांघल व महादेव में आयोजित रामलीला मंचन तीसरे दिन में प्रवेश कर गया है। वीरवार शाम को रामलीला की शुरुआत 'बोल सियापति रामचंद्र की जय' के जयघोष और पूजा-अर्चना के साथ हुई। आयोजन की शुरुआत भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के दृश्य से की गई, जिसने दर्शकों को अध्यात्म के रंग में डुबो दिया।

रामचरितमानस के अनुसार, तीसरे दिन के प्रसंग में राजा दशरथ, कैकेयी और मंथरा के बीच की बातचीत को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। रामलीला कमेटी ने पारंपरिक गीत-संगीत और संवादों के माध्यम से दर्शकों को न केवल धार्मिक ज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया, बल्कि सामाजिक संदेश भी दिया। कमेटी ने विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया, जिसे दर्शकों ने सराहा। तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण रहा मंथरा की चालबाज़ी और कैकेयी द्वारा राम के लिए 14 वर्षों का वनवास मांगने का दृश्य। कलाकारों ने इस दृश्य को इतनी भावनात्मक गहराई के साथ निभाया कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं। मंथरा का नकारात्मक किरदार और कैकेयी का निर्णय, राजा दशरथ के जीवन को झकझोर कर रख देता है। राजा दशरथ का दर्द और बेटे राम को वनवास भेजने की मजबूरी को कलाकार ने सजीव रूप में प्रस्तुत किया। राम का सीता और लक्ष्मण के साथ वनगमन का दृश्य भी अत्यंत मार्मिक रहा। माता कौशल्या और सुमित्रा की विछोह की पीड़ा, सीता का अडिग निर्णय और लक्ष्मण की भक्ति दर्शकों को भावविभोर कर गई। रामलीला के इस मंचन में यह भी दिखाया गया कि किस प्रकार राम ने पिता की आज्ञा को सर्वोपरि मानते हुए राज्य, वैभव और सुखों का त्याग कर धर्म का पालन किया।

राजा दशरथ की मृत्यु का दृश्य, जिसमें वे राम के वियोग में प्राण त्यागते हैं, ने कार्यक्रम के भावनात्मक स्तर को चरम पर पहुंचा दिया। इस दौरान मंच पर सन्नाटा छा गया और दर्शकों ने मौन होकर राजा के त्याग और राम के कर्तव्यबोध को महसूस किया।

इस पूरे आयोजन के माध्यम से न केवल धार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया, बल्कि समाज के लिए एक संदेश भी दिया गया कि कर्तव्य, मर्यादा और संयम ही जीवन की सच्ची राह हैं। रामलीला कमेटी की ओर से यह मंचन हर दृष्टि से सफल रहा और आने वाले दिनों में और भी रोचक प्रसंगों की झलक दिखेगी।

# अंशिका हत्याकांड : फौजी पति ने सेना से मिले चाकू से किया था हमला

अनंत ज्ञान, बड़ूही

हैवान और शैतान दिमाग ने साजिश उसके साथ रच डाली, जिसके साथ जन्म-जन्म तक साथ निभाने की कसमें खाई थीं। ऐसा भी था कि हैवान बन चुके इंसान ने एक नहीं दो का जीवन लील लिया। प्रेमिका जो पत्नी बनने वाली थी और ऊपर से गर्भवती भी थी। अपने प्यार की निशानी मानकर गर्भ न गिराना ही उसका गुनाह बन गया।

उपमंडल बंगाणा की उपतहसील जोल की बैरियां पंचायत की 24 वर्षीय अंशिका की निर्मम हत्या ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक व गुस्से से भर दिया है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा, जिसके बाद वीरवार सुबह अंशिका का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। उस समय पूरे गांव में मातम का माहौल रहा, जहां 24 सितंबर को उसकी डोली सजने वाली थी, वहीं 25 सितंबर को उसकी अर्थी उठी। गांववासी और परिजन दुल्हन की विदाई के सपने संजोए हुए थे, लेकिन अगले ही दिन कंधों पर बेटी की अर्थी उठाकर श्मशान घाट तक

अनंत ज्ञान फॉलोअप

ले जाने को मजबूर हो गए। महिलाओं के करुण क्रंदन और परिजनों के विलाप से पूरा गांव गूंज उठा। अंशिका की अंतिम यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी। बच्चे, जवान और बुजुर्ग सभी की आंखें नम थीं। हर जुबान पर यही मांग थी कातिल को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। इस हत्याकांड में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की है। अंशिका के पति प्रवेश कुमार को पुलिस ने जम्मू से पकड़कर चौकी जोल लाया, जबकि उसके चाचा संजीव कुमार को पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी फौजी प्रवेश कुमार ने सनसनीखेज खुलासे किए। प्रवेश ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने 23 सितंबर की रात अंशिका को बुलाकर सेना से मिले धारदार चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या की। प्रवेश ने बताया कि अंशिका उससे लगातार पैसों की मांग कर रही थी। उसके पास

### चाचा संजीव हत्या में नहीं थे शामिल

इस मामले में पुलिस ने प्रवेश के साथ उसके चाचा संजीव कुमार को भी आरोपी बनाया था, जो कि सेवानिवृत्त फौजी है। हालांकि, जांच में यह सामने आया है कि संजीव हत्या में शामिल नहीं थे। घटना के बाद प्रवेश ने उन्हें यह कहकर भ्रमित किया कि उसे इमरजेंसी ड्यूटी पर बुलाया गया है। संजीव केवल उसे जम्मू तक छोड़ने गए थे, जहां 24 सितंबर को अंशिका की डोली उठनी थी, वहीं 25 सितंबर को उसकी अर्थी उठ गई। पूरे गांव में इस घटना को लेकर गुस्सा और सदमा है। ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और सभी साक्ष्यों को जोड़ा जा रहा है। आज आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया और जज द्वारा 30 तारीख तक रिमांड पर भेजे गए।

प्रवेश का एटीएम कार्ड भी था, जिससे वह अब तक करीब 8 लाख रुपए खर्च कर चुकी थी। बार-बार पैसों की मांग और झगड़ों से परेशान होकर प्रवेश ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई और हत्या को अंजाम दिया। प्रवेश और अंशिका की पहले भी शादी हो चुकी थी, लेकिन बाद में उनका तलाक हो गया था। इसके बावजूद दोनों के बीच संबंध फिर से गहरे हो गए और उन्होंने कोर्ट मैरिज कर ली ओर प्रवेश कुमार यह भी कबूल किया कि अंशिका के पेट में पल रहा बच्चा मेरा ही था। हालांकि, परिवारों ने शुरू में इस रिश्ते को स्वीकार नहीं किया, बाद में सहमति बनी और 24 सितंबर को सामाजिक रीति से उनकी शादी तय की गई थी। परिवार डोली की तैयारियों में जुटा था, लेकिन उससे एक दिन पहले ही 23 सितंबर की रात प्रवेश ने अंशिका की बेरहमी से हत्या कर दी। जांच में सामने आया है कि हत्या में इस्तेमाल चाकू प्रवेश को सेना से मिला था, जहां ट्रेनिंग के दौरान इसका इस्तेमाल सिखाया जाता है। वारदात के बाद पहचान मिटाने के लिए आरोपी ने अपनी बाइक से पेट्रोल निकालकर शव को जलाने की कोशिश की।

## दीपिका ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

अनंत ज्ञान, बड़ूही। मेहनत और लगन हमेशा सफलता की कुंजी होती है। इसका एक और उदाहरण पेश किया है गुरु नानक पब्लिक स्कूल दिलवां की होनहार छात्रा दीपिका पूनर, पुत्री मदन लाल पूनर ने। दीपिका ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे क्षेत्र व स्कूल का मान बढ़ाया है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि दीपिका की इस उपलब्धि से पूरा स्कूल परिवार गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि दीपिका की मेहनत व समर्पण अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। उल्लेखनीय है कि गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कई विद्यार्थी अब तक अपनी काबिलियत के बल पर सरकारी नौकरी हासिल कर चुके हैं और समाज में अलग पहचान बना चुके हैं। स्कूल प्रबंधक शिव कुमार ने दीपिका और उसके परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी लगन और कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि दीपिका भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, शिक्षकों और क्षेत्र का नाम और अधिक रोशन करेगी।

## मां चिंतपूर्णी के दरबार में चढ़ाया चांदी का छत्र

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान

चिंतपूर्णी। शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन पंजाब के एक श्रद्धालु ने मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी पर एक चांदी का छत्र अर्पित किया। लुधियाना पंजाब से आए श्रद्धालु पुनीत मित्तल और उनके परिवार ने यह छत्र माता को भेंट किया, जिसका वजन लगभग डेढ़ किलो है।

यह शुद्ध चांदी का छत्र आधुनिक कारीगरी से युक्त है और इसके चारों तरफ घंटियां लगी हुई हैं। यह छत्र मां की पावन पिंडी व दरबार को अति सुशोभित कर रहा है। पुजारी रोहन कालिया ने विधि पूर्वक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई। पुनीत मित्तल ने बताया कि वह और उनका परिवार मां चिंतपूर्णी के दरबार में आते रहते हैं और उनकी गहरी आस्था और असीम श्रद्धा भाव है। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले मां चिंतपूर्णी जी ने रात्रि स्वप्न के माध्यम से उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे।



### माता को सोने की नथली भेंट की

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। शारदीय नवरात्र के दौरान पंजाब के एक श्रद्धालु ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में माता रानी को सोने की नथ अर्पित की। मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने सोने की नथ चढ़ने की पुष्टि की है। मां चिंतपूर्णी मंदिर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में स्थित एक प्रमुख शक्तिपीठ है, जहां देवी सती के शरीर के अंग गिरे थे। इस मंदिर में माता की पिंडी स्थापित है और श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए यहां आते हैं। माता चिंतपूर्णी को लोगों की चिंता हरने वाली माता के रूप में जाना जाता है।

### एडीसी ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में लगाई हाजिरी

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने अपनी धर्म पत्नी के साथ मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई और वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मां की पूजा-अर्चना करवाई। इस दौरान उन्हें माता रानी की चुनरी भेंट स्वरूप प्रदान की गई। एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलाई जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि बाबा श्री माई दास सदन से लेकर मंदिर परिसर तक सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस, होमगार्ड और एक्स सर्विसमैन के जवान तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से शरारती तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। एडीसी ने बताया कि चिंतपूर्णी क्षेत्र में बढ़ रही भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा एक विशेष टीम तैयार की गई है, जो भीख मांगने वाले लोगों पर नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई करेगी। एडीसी ने बताया कि श्रद्धालुओं के वाहनों की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बड़े वाहनों को भरवाई चौक पर ही रोकने के आदेश दिए गए हैं। ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर यातायात नियमों संबंधी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एडीसी ने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा संचालित सुगम दर्शन प्रणाली के तहत बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुगम पास बनाकर लिफ्ट मार्ग के माध्यम से सुगम दर्शन प्राप्त कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दो तक चलेगा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थानों में 2 अक्तूबर तक स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ऊना डॉ. संजीव वर्मा ने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भी स्वास्थ्य टीम द्वारा प्रतिदिन किशोरियों व महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच के उपरांत लोगों को निशुल्क उपचार की सुविधा भी दी जा रही है। डॉ संजीव वर्मा ने लोगों से अपील की है कि 2 अक्तूबर तक चलने वाले इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भरपूर लाभ उठाएं।

### ऊना में 30 सितंबर को लगेगी पेंशन अदालत

अनंत ज्ञान, ऊना। डाकघर ऊना मंडल के अधीक्षक भूपिंदर सिंह ने बताया कि ऊना मंडल में 30 सितंबर को पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह पेंशन अदालत 30 सितंबर को सायं 4 बजे आयोजित की जाएगी। इस दौरान डाक पेंशनभोगियों और डाक फैमिली पेंशन भोगियों की पेंशन संबंधी शिकायतों व समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। भूपिंदर सिंह ने कहा कि यदि किसी की पेंशन संबंधी शिकायत है, तो उसे कार्यालय अधीक्षक डाकघर ऊना को 30 सितंबर, दोपहर 1 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें।

### ड्राइविंग टेस्ट रद्द, वाहनों की पासिंग प्रक्रिया यथावत

अनंत ज्ञान, ऊना। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ऊना अशोक कुमार ने बताया कि 27 सितंबर को आरटीओ ऊना और पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकरण (आरएलए) ऊना में निर्धारित ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों के चलते रद्द कर दिए गए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि वाहनों की पासिंग प्रक्रिया 27 सितंबर को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

### कैडेट्स ने कक्षाओं, गलियारों की सफाई की



अनंत ज्ञान, बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा की 6 एचपी (आई) कंपनी एनसीसी ऊना के कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक स्वच्छता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर, सीटीओ डॉ. विनोद कुमार और जेसीओ राकेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिन्होंने कैडेट्स को सक्रिय भागीदारी और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान यूनिट के रैंक होल्डर्स अंडर ऑफिसर कौशल, सार्जेंट अनामिका, सार्जेंट वंश, कॉर्पोरल रोहित ठाकुर, कॉर्पोरल कृति, कॉर्पोरल कृतिका और लांस कॉर्पोरल स्वस्तिक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कैडेट्स ने कक्षाओं, गलियारों और खेल मैदान की सफाई की तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने एनसीसी यूनिट की पहल की सराहना की और छात्रों को स्वच्छता को दैनिक आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। सीटीओ डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन की गतिविधि नहीं, बल्कि जीवनभर की जिम्मेदारी है। वहीं जेसीओ राकेश कुमार ने कैडेट्स की टीमवर्क और महाविद्यालय व समाज के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। कैडेट्स की सक्रिय भागीदारी ने एनसीसी के मूलमंत्र-एकता और अनुशासन की सच्ची भावना को प्रदर्शित किया।

## उपमुख्यमंत्री आज ऊना के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 27 सितंबर से ऊना जिले के प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ-साथ विकास कार्यों की सौगात देंगे। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री शनिवार 27 सितंबर को दोपहर 12 बजे मुबारिकपुर के चिंतपूर्णी हिल्स स्थित नव-निर्मित 1971 कैफे व रेस्टोरेंट का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वे 3 बजे माता श्री चिंतपूर्णी जी, शाम 4:30 बजे माता श्री ज्वालामुखी जी और शाम 6:15 बजे माता श्री बगलामुखी जी मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम गोंदपुर जयचंद में रहेगा। इसके बाद, 29 सितंबर को सुबह 10 बजे वे प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली में गर्ल्स हॉस्टल की आधारशिला रखेंगे। उसी दिन 10.30 बजे वे प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन द्वारा पालकवाह ऑडिटॉरियम में आयोजित प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री जयंती समारोह में भी शामिल होंगे।

## पत्नी को प्रति माह 5000, बेटे को 3000 देने का आदेश बरकरार

# पति की याचिका कोर्ट ने की खारिज

अनंत ज्ञान, ऊना

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-एक ऊना राजिंदर कुमार ने घरेलू हिंसा के मामले में पति की याचिका को खारिज करते हुए निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। निचली अदालत ने 2020 में मामले की सुनवाई के दौरान पत्नी को 5,000 रुपए प्रति माह और नाबालिग बेटे को 3,000 रुपए प्रति माह भरण-पोषण का फैसला सुनाया था। कोर्ट ने दंडनीय अपराध अधिनियम की धारा 12 के तहत आवेदन दायर करने की तिथि से भुगतान करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने मुआवजे के रूप में 20000 रुपए देने का आदेश भी बरकरार रखा है। शिकायतकर्ता अनीता भाटिया पत्नी योगेश कुमार भाटिया निवासी सुरेंद्र कुमार सूद आदर्श कॉलोनी नंदा अस्पताल का आरोप था कि जुलाई 2003 में उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार दिल्ली में हुई थी। आरोप है कि इस दौरान पति ने क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया। इस पर पति ने जवाब दाखिल कर शिकायत का विरोध किया और निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी।



### आरोपी की अपील खारिज, कारावास के साथ देनी होगी जुर्माना राशि

ऊना। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-द्वितीय ऊना कांता वर्मा की अदालत ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए आरोपी की अपील को खारिज कर दिया। निचली अदालत ने 27-03-2025 को अपीलकर्ता सन्नी कपिला पुत्र हरिओम, निवासी 40 रॉयल सिटी नंगल जिला रूपनगर पंजाब को दोषी ठहराया था। उसे छह महीने के साधारण कारावास और डेढ़ लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई थी। जुर्माना अदा न करने पर तीन महीने के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भी सुनाई थी। जुर्माने की राशि वसूल होने के बाद उसे शिकायतकर्ता को मुआवजे के रूप में देने का आदेश दिया था। मुकेश कुमार पुत्र स्व. बोध राज निवासी गांव सासन, उपतहसील मैहतपुर बसदेहड़ा का आरोप था कि वह आलू उगाता है। उन्हें आगे आरोपी सन्नी कपिला को बेचता था। उसकी नंगल शहर में सब्जी की दुकान है। आरोपी ने मई 2019 में उससे 75,000 रुपए के आलू खरीदे और भुगतान के लिए सिंडिकेट बैंक शाखा नंगल का चेक दिया, जब उसे पीएनबी मैहतपुर में लगाया, तो वह धन की कमी के चलते अस्वीकृत कर दिया। इसके बाद आरोपी को सूचना दी। आरोपी ने जून 2019 में फिर चेक दिया। फिर चेक अस्वीकृत हो गया। चार बार ऐसा करने के बाद शिकायतकर्ता ने वकील के माध्यम से आरोपी को कानूनी नोटिस भेजकर भुगतान करने के लिए कहा। इसके बावजूद आरोपी ने न जवाब दिया और न भुगतान किया। बाद में आरोपी ने कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए याचिका लगाई थी। वीरवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-द्वितीय ऊना कांता वर्मा की अदालत ने सभी दलीलों को सुनने के बाद आरोपी की अपील को खारिज कर दिया।

## कांग्रेस सरकार ने सीमेंट के दाम बढ़ाकर किया कुठाराघात : भाजपा

अनंत ज्ञान, ऊना

भाजपा ऊना मंडल अध्यक्ष दविंदर कौशल, मैहतपुर बसदेहड़ा मंडल अध्यक्ष राहुल देव शर्मा, मंडल महामंत्री तिलक राज, मोहिंदर छिब्बर, परमिंदर, नरेंद्र ठाकुर व ऊना मंडल प्रवक्ता बलविंदर गोल्डी ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार जनता को राहत देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हाल ही में केंद्र सरकार ने जीएसटी में कमी कर आम नागरिकों, व्यापारियों, किसानों और उद्योगों को सीधी राहत दी है।

यह कदम महंगाई पर लगाम लगाने और जनता के हित में केंद्र सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है, लेकिन दुख की बात है कि दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता पर बोझ डालने के नए-नए तरीके निकाल रही है। ताजा उदाहरण है सीमेंट के दामों में 16 प्रति बोरी की भारी वृद्धि। कांग्रेस सरकार का यह निर्णय हर उस व्यक्ति पर सीधा हमला है, जो घर बनाने का सपना देखता है, जो रोजगार के लिए निर्माण कार्य करता है, और जो पहले से ही महंगाई की मार झेल रहा है। यह वृद्धि केवल आम आदमी को परेशान करने के लिए नहीं है, बल्कि प्रदेश की जनविरोधी कांग्रेस सरकार की नाकामी और कुशासन का प्रतीक है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार बार-बार जनता के हितों से खिलवाड़ कर रही है। इस सरकार की प्राथमिकता केवल सत्ता सुख और भ्रष्टाचार हो, वह कभी भी आम लोगों के हितों की रक्षा नहीं कर सकती। भाजपा यह सवाल पूछती है कि जब केंद्र सरकार जनता को राहत देने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है, तो कांग्रेस सरकार को जनता से इतनी नफरत क्यों है? क्यों बार-बार ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं, जो जनता की जेब काटते हैं? क्या यह वही गर्जन करती और तराजू तौलती कांग्रेस है, जो सिर्फ वादे करने में माहिर है और जमीन पर जनता को केवल महंगाई और तकलीफें देती है?

## स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन यूनिट अंब ने की बैठक

# भूपेंदर सिंह अध्यक्ष, मुनिश बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान

अंब। हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन अंब की बैठक होटल अंब में चेयरमैन कॉमरेड दत्त शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में आगामी 18वां राज्य स्तरीय अधिवेशन, जो कि 15 अक्तूबर को शिमला में प्रस्तावित है, उसकी तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि बिजली बोर्ड में लंबे समय से बंद पड़ी नियुक्तियों को बहाल किया जाए, कर्मचारियों को स्थायी रोजगार दिया जाए, आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण रोका जाए तथा रिटायरमेंट की आयु को 60 से घटाकर 58 वर्ष करने के निर्णय को वापस लिया जाए। यूनियन का कहना है कि वर्तमान में बिजली बोर्ड में 9000 से अधिक पद रिक्त



प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन अंब की बैठक में मौजूद अधिकारी।

पड़े हैं, जिससे कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक बोझ बढ़ गया है। उन्हें 15 से 25 किलोमीटर तक के फीडरों की जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। बैठक में यह भी मांग उठाई गई कि बिजली बोर्ड में शीघ्र नियुक्तियां की जाएं और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना पुनः बहाल की जाए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यूनियन के सभी सेक्शन कर्मचारी 18वें राज्य स्तरीय अधिवेशन, शिमला में भाग लेंगे। इसके साथ ही यूनियन की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें भूपेंदर सिंह को अध्यक्ष, मुनिश महिता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकुश शर्मा व रजिंद्र सिंह को तकनीकी उपाध्यक्ष, सतीश कुमार को मंत्री उपाध्यक्ष, अतुल कुमार को ड्राइंग उपाध्यक्ष तथा विनोद कुमार को उपाध्यक्ष (सबस्टेशन) चुना गया। बैठक में मुनिष कुमार, मनोज सूद, दिनेश परमार, नितिन भारद्वाज, विनोद कुमार, पंकज कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक विवेक आज डंगोली में नव निर्मित पंचायत भवन का करेंगे उद्घाटन

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा शनिवार को पंचायत डंगोली पहुंचेंगे। यहां वे नव निर्मित पंचायत भवन का विधिवत उद्घाटन करेंगे। निजी सचिव ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे आयोजित होगा। पंचायत भवन के लोकार्पण के अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

विधायक विवेक शर्मा इस अवसर पर पंचायत भवन का उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे और इसके बाद पंचायत क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को भी सुनेंगे। उनके साथ पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के समाधान के आदेश दिए जाएंगे, ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके। निजी सचिव ने बताया कि विधायक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ाना है। नव निर्मित पंचायत भवन के बनने से स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक और सामाजिक गतिविधियों को एक सशक्त मंच मिलेगा। यहां पंचायत बैठकों के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की समीक्षा और लोगों से सीधा संवाद भी आसानी से संभव होगा। विधायक विवेक शर्मा पहले भी अपने क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को लेकर सक्रिय रहे हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी समस्याओं पर वे नियमित रूप से जनता के बीच जाकर समाधान का प्रयास करते रहे हैं। डंगोली में पंचायत भवन का उद्घाटन इसी दिशा में एक और कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोग भी उम्मीद कर रहे हैं कि इस भवन के बन जाने से पंचायत के कामकाज में पारदर्शिता व सुविधा बढ़ेगी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।

## रामलीला मंचन से मिली धर्म और संस्कारों की प्रेरणा

अनंत ज्ञान, संतोषगढ़। स्थानीय नगर के जय दुर्गा बाबा नांगा ड्रामेटिक क्लब संतोषगढ़ द्वारा वीरवार देर शाम को रामलीला मंच का आगाज हुआ। जानकारी देते हुए क्लब के नरेश चौधरी ने बताया कि इसमें रविंद्र पाराशर, वरिंदर मोहन प्रभाकर व पूर्व जेई अमर सिंह सैनी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथियों ने रामलीला मंच का शुभारंभ पंडाल से बुलाकर एक छोटी सी कन्या से रिबन कटाकर शुभारंभ करवाया। वहीं, मुख्यातिथि ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम प्रेरणादायक होते है, यहां से हमें धर्म के प्रति शिक्षा मिलती है क्योंकि आज की युवा पीढ़ी नशे की लत में लग चुकी है, जो धीमा जहर समाज मे फेल रहा है, क्योंकि समाज में चिट्टा सबसे बड़ा नशा हवा की तरह फैल रहा है। इस कारण युवा अपनी जिंदगी हार चुके हैं। हमारा दायित्व बनता है कि ऐसे लोगों पर नजर रखकर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## आयोजन | सीता स्वयंवर देखने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, ढोल की थाप पर नाचे बाराती, सीता विदाई पर रोया पंडाल

# सीता स्वयंवर का भव्य मंचन, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में चल रही 67वीं शुद्ध रामायण मंचन शृंखला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर का भव्य आयोजन हुआ।

नवरात्र की पावन बेला में आयोजित इस पौराणिक प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्ति और मर्यादा के अद्भुत माहौल में बांध दिया। पंडाल में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ उमड़ी कि बैठने के लिए कुर्सियां तक कम पड़ गईं। चारों ओर जयकारों और शंखनाद से वातावरण गूंजायमान रहा। सीता स्वयंवर के मंचन में दर्जनों राजाओं ने शिरकत की। लंका पति रावण का प्रवेश होते ही पूरा पंडाल गर्जना से गूंज उठा। रावण के स्वरूप का मंचन करने वाले कलाकार की संवाद शैली और तेजस्वी अभिनय ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दूसरी ओर, भगवान श्रीराम ने धनुष उठाकर माता सीता का स्वयंवर जीता और



हटली क्लब में धूमधाम से हुआ सीता स्वयंवर, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।

वेद मंत्रों के बीच दोनों का पावन विवाह संपन्न हुआ। इस पावन विवाह प्रसंग ने वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि माता सीता का अभिनय करने वाले पूर्व बाल कलाकार संजीव पटियाल उर्फ गोगी, जो भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर वर्तमान में हिमाचल पुलिस में सेवाएं दे रहे हैं, वह भी मंचन में शिरकत करने पहुंचे। उनके आने से श्रद्धालुओं व ग्रामीणों में अलग ही उत्साह देखने को मिला। वहीं उनकी बहन बल्टीना देवी, जो पड़ियौला गांव से यहां पहुंचीं, उन्होंने भी रामलीला मंचन का आनंद लिया और आशीर्वाद स्वरूप सहयोग का संकल्प जताया। इस अवसर पर हटली क्लब के प्रधान मदन सोनी ने कहा कि जनता का अपार स्नेह और आशीर्वाद ही श्रीराम नाटक क्लब की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बताया कि पिछले 67 वर्षों से हटली क्लब मर्यादा व अनुशासन के साथ शुद्ध रामायण मंचन करता आ रहा है और यह शृंखला आने वाली पीढ़ियों तक भी ऐसे ही जारी रहेगी। मंच संचालन कर रहे विपिन साजन ने कहा कि हटली मंच के कलाकार केवल धार्मिक प्रसंग ही प्रस्तुत नहीं करते, बल्कि समाज को सकारात्मक संदेश भी देते हैं। उनके अनुसार रामायण केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की मर्यादा का अद्भुत उदाहरण है, जिसे हर पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए।

पड़ियौला से भगवान श्रीराम की बारात बैंड-बाजों के साथ मंच पर पहुंची, तो पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालु विवाह समारोह में शामिल होकर अपने आपको भाग्यशाली मानते रहे। सीता स्वयंवर के इस भव्य आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद प्रदान किया, बल्कि समाज में मर्यादा, आस्था व एकजुटता का संदेश भी दिया। लगातार बढ़ती भीड़ इस बात का प्रतीक है कि हटली की रामलीला ने जनमानस के हृदय में गहरी जगह बनाई है और आने वाले दिनों में इसकी गूंज और भी प्रखर रूप से सुनाई देगी। कुल मिलाकर तीसरे नवरात्र के उपलक्ष्य पर आयोजित सीता स्वयंवर का यह आयोजन श्रद्धा, उत्साह व भक्ति का संगम बनकर लोगों की स्मृतियों में लंबे समय तक अंकित रहेगा। श्री राम जी की भूमिका में अवनीश सोनी लक्ष्मण की भूमिका में दिनेश खत्री, सीता की भूमिका में तरुण कौशल, जनक की भूमिका में मदन गोपाल, रावण की भूमिका में संजय सोनी, राजा की भूमिका में विवेक शील शर्मा अरमान, समर धीमान, राज कुमार धीमान, अजय धीमान, कमल देव शास्त्री, किशन देव शर्मा, ओम प्रकाश सोनी, पूर्ण सिंह राणा, सुरेंद्र राणा, राहुल शर्मा, अमन शर्मा, आदित्य सोनी, शुभम शर्मा ने अपने अभिनय से सभी को भावुक भोर किया।

## दौलतपुर में भाजपा का जीएसटी बचत उत्सव जनजागरण अभियान

# रैली निकालकर आम जनमानस को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, ऊना

नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत भाजपा द्वारा दौलतपुर मंडल में विशेष जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय बाजार में व्यापारी बंधुओं व उपभोक्ताओं से मुलाकात कर उन्हें केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियों व जीएसटी सुधारों से अवगत कराया गया। व्यापार मंडल प्रधान एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजीव राजू की अगुवाई में व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने इस ऐतिहासिक कदम का स्वागत करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार न केवल देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि महंगाई को भी न्यूनतम स्तर तक लाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुरतथा प्रदेश




दौलतपुर चौक बाजार में जीएसटी बचत उत्सव के तहत रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

आईटी संयोजक अनिल एवं अनुज लाडी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि नेताओं ने अपने संबोधनों में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और गरीब-कल्याणकारी नीतियों के परिणामस्वरूप देशवासियों को राहत मिल रही है। पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा देश के छोटे व्यापारियों, मध्यम वर्ग और उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता दी है। नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार उसी दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है, जिससे सीधे तौर पर आम जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय महंगाई कम करने, व्यापार को सरल बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मील का पत्थर साबित होगा। मोदी सरकार का लक्ष्य केवल विकास नहीं, बल्कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को साकार करना है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर, पर्चे बांटकर और संवाद स्थापित कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी।

# दशहरा उत्सव में नहीं दिखेगी देश-विदेश के कलाकारों की झलक

## अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति की बैठक में अहम निर्णय, आपदा प्रभावितों के लिए समर्पित रहेगा उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

इस बार अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में देश के अन्य राज्यों सहित विदेशी कलाकारों के कार्यक्रमों की झलक नहीं दिखेगी।

यह निर्णय शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि पिछले दो वर्षों में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव को बेहतर से बेहतरीन करने का प्रयास किया गया है। उत्सव को इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस के कैलेंडर में भी शामिल किया गया और विदेशी सांस्कृतिक दलों ने इसमें अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी हैं। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश को भारी प्राकृतिक आपदा ने झकझोर कर रख दिया है और जिला कुल्लू भी गंभीर रूप से प्रभावित रहा है। ऐसे में जनता के फीडबैक और सुझावों को देखते हुए इस बार विदेशी सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित नहीं किया गया है। सभी सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश के लोक कलाकारों, सांस्कृतिक दलों और स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी आयोजनों में खर्चों में की गई इस बचत को आपदा प्रभावितों के पुनर्वास और राहत कार्यों के लिए दिया जाएगा। उत्सव के इस बार केवल एक ही सांस्कृतिक मंच लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र रहेगा और सारी सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति कुल्लू की महत्वपूर्ण बैठक अटल सदन में समिति के अध्यक्ष एवं विधायक कुल्लू सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड़, विधायक बंजार सुरेंद्र शौरी, विधायक आनी लोकेंद्र कुमार, मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह, महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी, एपीएमसी के अध्यक्ष राम सिंह मियां, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, नगर परिषद के अध्यक्ष केवल महंत, एडीसी अश्वनी कुमार सहित उत्सव समिति के सरकारी और गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।


दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक के दौरान कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर

### कुल्लू दशहरा देवी-देवताओं का उत्सव

**उन्होंने** कहा कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा केवल एक सांस्कृतिक पर्व ही नहीं, बल्कि देवी-देवताओं का उत्सव है। इस दौरान जिले भर से देवी-देवता कुल्लू पधारते हैं और उनकी अगवानी करना तथा उन्हें हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराना उत्सव समिति की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देवताओं के ठहरने, बैठने, भोजन और अन्य आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। समिति का उद्देश्य यह है कि देवताओं और उनके साथ आने वाले बजंतरियों, गूर व कारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि यदि देवताओं और उनके लिए किसी भी प्रकार की नई सुविधा का सृजन अथवा व्यवस्था करने की आवश्यकता पड़ेगी, तो उत्सव समिति इसके लिए पूरी तरह सक्षम और तत्पर है। समिति इस बात को सुनिश्चित करेगी कि धार्मिक आस्था और परंपरा के अनुरूप इस भव्य उत्सव का आयोजन गरिमा के साथ संपन्न हो। उत्सव के दौरान देवताओं के आगमन मार्गों और समारोह स्थल से लावारिस पशुओं को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर भेजने और उनके लिए अस्थायी बाड़े बनाने के लिए शीघ्र कमेटी गठित करने के निर्देश दिए।

### व्यवस्था और सुरक्षा के निर्देश

बैठक में उत्सव के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा, ट्रैफिक और पार्किंग सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। उत्सव के दौरान पुलिस के लगभग 1500 जवान ट्रैफिक, कानून व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। उन्होंने कहा कि भूत नाथ पुल को दशहरा उत्सव से पूर्व छोटे वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके लिए प्रशासन दिन-रात कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि दशहरे के दौरान लोगों की सुविधा के लिए पूर्व की भांति शटल बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर पार्किंग के लिए नगर परिषद द्वारा रेट निर्धारित किए गए हैं और इसके लिए सभी पार्किंग संचालकों को तय रेट ही लेने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने सभी शहर वासियों से अपील की, कि उत्सव के दौरान वाहनों का प्रयोग कम करें।

### लोक कलाकार आपदा की पीड़ा से जुड़े

**प्रदेश** के लोक कलाकार भी आपदा की स्थिति को देखते हुए बेहद कम मेहनताना या कुछ बिना किसी शुल्क के उत्सव में शामिल होने के लिए आगे आ रहे हैं। यह आपसी सहयोग और समाज के प्रति समर्पण की भावना का अनुकरणीय उदाहरण है। अध्यक्ष ने कहा कि इस बार का अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव आपदा प्रभावितों के नाम समर्पित रहेगा। खर्चों में की गई कटौती से बचने वाली राशि सीधे तौर पर आपदा प्रभावितों के पुनर्वास और सहायता कार्यों में लगाई जाएगी। यह उत्सव परंपरा, देव संस्कृति और सामाजिक उत्तरदायित्व का सामंजस्य प्रस्तुत करेगा।

### कार्निवाल में दिखेगी कुल्लू की सांस्कृतिक झलक

**उन्होंने** बताया कि इस बार कल्चरल परेड का आयोजन नहीं किया जा रहा है। पूर्व की भांति कुल्लू कार्निवाल आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कुल्लू की संस्कृति की झलक के साथ-साथ सुरक्षित निर्माण और आपदा प्रबंधन पर एक टेबलो प्रस्तुत किया जाएगा।

# एक माह बाद मनाली से दिल्ली जालंधर के लिए बस सेवा शुरू

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**



**मनाली।** हिमाचल पथ परिवहन निगम ने मनाली से दिल्ली और मनाली से जालंधर के लिए अपनी बस सेवा शुरू कर दीं।

बीते दिनों मनाली में आई आपदा के बाद से राइट बैंक से नेशनल हाईवे बाधित था। हिमाचल पथ परिवहन निगम ने एक बार फिर से आपदा के बाद मनाली से दिल्ली और मनाली से जालंधर के मध्य राइट बैंक नेशनल हाईवे से होकर अपनी बस सेवा को आरंभ कर दिया है। इन दोनों बसों की समयसारिणी भी तय की गई है। इसमें मनाली से दिल्ली के लिए बस दोपहर बाद 3 बजकर 24 मिनट पर और मनाली से जालंधर के लिए 4 बजकर 36 मिनट पर बस मनाली से रवाना हुई। इसके साथ ही मनाली से अमृतसर के लिए लेफ्ट बैंक होकर भी बस सेवा आरंभ होने जा रही है। लगभग एक माह बाद शुरू होने वाली इस बस सेवा से राइट बैंक के लिए लोगों को भी काफी राहत मिली है। बता दें कि बीते महीने में मनाली में आई बाढ़ के कारण मनाली से कुल्लू के मध्य नेशनल हाईवे-3 पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। इसे अब दुरुस्त किया जा रहा है, ऐसे में अब जैसे-जैसे सड़क ठीक हो रही है, तो अब धीरे-धीरे वाहनों की आवाजाही भी इस मार्ग से आरंभ हो गई है। प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो दशहरा तक कुल्लू-मनाली सभी वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा, तो अब हिमाचल पथ परिवहन निगम ने भी अपनी बसों को एक बार पुनः इस मार्ग से शुरू कर दिया है।

अड्डा प्रभारी कुल्लू खूबराम ने जानकारी देते हुए कहा कि आपदा के बाद अब जब हालात सामान्य हुए हैं, तो अब एक बार फिर हिमाचल पथ परिवहन निगम के कुल्लू डिपू ने अपनी मनाली से लंबी रूट की बस सेवा को पुनः बहाल कर दिया है। जिससे लोगों को भी काफी राहत मिलेगी।

# भाजपा पूरे देश में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे रही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के देव सदन में जिला कुल्लू भाजपा की परिचय बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा मौजूद रहे। वहीं बैठक में जिला कुल्लू भाजपा के आगामी कार्यक्रमों के लिए भी रूपरेखा तैयार की गई। इस बैठक में केंद्र सरकार के द्वारा जीएसटी के नए स्लैप के बारे में भी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई और आत्मनिर्भर भारत तथा स्वावलंबी भारत अभियान के बारे में भी चर्चा की गई। इस बैठक में कार्यकर्ताओं का परिचय प्रदेश भाजपा सचिव प्रियंता शर्मा के द्वारा लिया गया और बीते दिनों हुए कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। परिचय बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा हाल ही में जीएसटी रिफॉर्म लागू किया गया है। इससे देश के करोड़ों लोगों को अब इसका सीधा फायदा मिल रहा है। 22 सितंबर से देश भर में नई जीएसटी प्रणाली लागू की गई और नए स्लैब के तहत अब लोगों को बाजार में खरीददारी पर पैसों की काफी बचत मिल रही है, ऐसे में इसे भारत में जहां रोजमर्रा की वस्तुए सस्ती हुई। तो वहीं आम जनता भी जीएसटी के स्लैब की नई दरों के लागू होने से काफी खुश है। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि भाजपा के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेशी चीजों के महत्व पर जोर दिया है और उनके आह्वान पर भाजपा सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से इसे देशभर में बढ़ावा देने का आग्रह किया है। भाजपा पूरे देश में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे रही है। इसका अर्थ अन्य उत्पादों को नजरअंदाज करना नहीं है, बल्कि अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है। भाजपा घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने और इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि जीएसटी व्यवस्था में अब सिर्फ दो दरें-5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रह गई हैं। इसके चलते दूध, पनीर, साबुन, टूथपेस्ट, दवाइयां और बच्चों की पढ़ाई की सामग्री या तो जीएसटी मुक्त होगी या न्यूनतम दर पर होगी। इसके अलावा जीवन बीमा को पूरी तरह कर-मुक्त कर दिया गया है।


ढालपुर में आयोजित हुई जिला कुल्लू भाजपा की परिचय बैठक में मौजूद अधिकारी।

# साहित्यकारों से जुड़े प्रसंगों को सुनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में साहित्यिक परिषद के वार्षिक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य ने बतौर मुख्यातिथि पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने कहा कि साहित्य में सुंदरता किसी वस्तु में नहीं, बल्कि देखने वालों की आंखों में होती है। उन्होंने कहा कि साहित्य में सुंदरता, नैतिकता और बौद्धिकता का समावेश जरूरी है। इस दौरान प्राचार्य ने कई साहित्यकारों से जुड़े प्रसंगों को सुनाया तथा विद्यार्थियों को साहित्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साहित्यिक परिषद की अध्यक्ष डॉ. मही योगेश ने बताया कि भाषण में परिक्षिता प्रथम, अदिति द्वितीय व तृषा तृतीय, वाद-विवाद प्रतियोगिता में सुजान शर्मा प्रथम, साक्षी द्वितीय, प्रश्नोत्तरी में सुजान शर्मा व काशीन शर्मा टीम प्रथम, सोरेन व गीतांजलि टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# बड़े शहरों की तर्ज पर कुल्लू के प्रदर्शनी मैदान में लगे फव्वारे

## करीब 15 लाख रुपए की लागत से लगे फव्वारे लोगों के लिए बने आकर्षण का केंद्र

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रदर्शनी मैदान में अब दिल्ली-चंडीगढ़ सहित अन्य बड़े शहरों की तर्ज पर फव्वारे मैदान की शोभा बढ़ा रहे हैं।

मैदान में करीब 15 लाख की लागत से तीन फव्वारों का शुक्रवार को कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। यह फव्वारे लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हैं। कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मैदान के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से मैदान में पानी के यह सुंदर तीन फव्वारे लगाकर यहां के लोगों को एक और तोहफा दिया है। इस मैदान में पहले ही सीनियर सिटिजन के लिए बैठने का स्थान बनाया गया है, साथ ही यहां पर दो छोटे-छोटे आर्टिफिशियल झरने भी बनाए गए हैं। अब कुल्लू शहर की जनता सहित बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को ढालपुर के साथ लगते इस मैदान में यह फव्वारे भी देखने को मिलेंगे, जो रात के समय रंग-बिरंगी रोशनी के साथ पानी की बौछारें बिखेरेंगे। इसके साथ ही यहीं से भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर तक कूहल का भी निर्माण करवाया जा रहा है।

इन फव्वारों के दोनों तरफ कोटा स्टोन लगाया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाए स्थान से लेकर मैदान के दूसरे छोर तक एक कूहल की आकृति बनाई गई है। इसमें रंग-बिरंगी लाइटें लगाई गई हैं, जो रात की रोशनी में अपनी रोशनी से इस मैदान की शोभा बढ़ा रही हैं। उद्घाटन के अवसर पर गीत-संगीत कार्यक्रम का भी विशेष आयोजन किया गया और अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव से पहले ही कुल्लू शहर में एक मेले की तरह नजारा देखने को मिला। इस मौके पर विधायक ने कहा कि करीब 15 लाख की लागत से नगर परिषद कुल्लू के द्वारा इन फव्वारों का निर्माण किया गया है, जो कि लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण का कार्य लगातार जारी रहेगा और इसी मैदान से एक कूहल बनाई जा रही है, जो कि भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर तक निकलेगी। वहीं, उसके बाद आगे दूसरे मैदान में भी फव्वारे बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। वहीं, इस मौके पर नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने इसके लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक के नेतृत्व में कुल्लू विधानसभा क्षेत्र विकास की नई गाथा लिख रहा है।


कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर प्रदर्शनी मैदान में फव्वारे का उद्घाटन करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### 610 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** कुल्लू पुलिस ने चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। भुंतर पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड नंबर-4 बड़ा भूईन स्थित एक रिहायशी मकान की तीसरी मंजिल पर दबिश दी। तलाशी के दौरान कमरे से 610 ग्राम चरस बरामद की गई। यह चरस आरोपी राजकुमार (32 वर्ष) पुत्र धर्म चंद निवासी वार्ड नंबर-2, गांव सुईभरा, डाकघर पिपलागे, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू से बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया गया है, अब यह जांच की जा रही है कि आरोपी नशे की यह खेप कहां से लाया था और किन लोगों तक इसकी सप्लाई की जानी थी। पुलिस ने बरामद चरस को जब्त कर लिया है और पूरे नेटवर्क की छानबीन की जा रही है। कुल्लू के एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करी में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में नशा तस्करों में खलबली मच गई है।

### रंजना कौशल अध्यक्ष, नेहा बनी उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में सत्र 2025-26 के लिए केंद्रीय छात्र संघ (सीएससीए) का गठन किया गया। इसमें रंजना कौशल को अध्यक्ष तथा नेहा को उपाध्यक्ष चुना गया। मीनाक्षी देवी को महासचिव और रनिका को सहसचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कॉलेज केंद्रीय छात्र संघ में मधुबाला, मनोज कुमार, निशा ठाकुर, ईशा, दामिनी शर्मा, रुचिता, नेहा और ऋषिका पॉल को कक्षा प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त रंजीत कुमार, भवानी, आशित, दिव्यांशी नेगी, आरती देवी, सलीम, विवेक, यशवरी, भूषण, आरती ठाकुर, पायल शर्मा, सुनिधि चौहान और राहुल को विभिन्न क्लबों एवं सोसायटी के सदस्य मनोनीत किया गया।

# राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान, रिवाड़ी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी**

राधे-राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान, रिवाड़ी ने वेटरनरी फार्मासिस्ट कोर्स सत्र 2025-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। यह संस्थान हिमाचल प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त है। सीएसके एचपीकेवी पालमपुर से संबद्धन तथा हिमाचल पैरा-वेटरनरी कौंसिल से रजिस्टर्ड है।

यह संस्थान कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, मंडी एवं शिमला के आधे क्षेत्र में एकमात्र मान्यता प्राप्त संस्थान है। संस्थान प्रबंधक डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि दो वर्षीय वेटरनरी फार्मासिस्ट डिप्लोमा कोर्स की अंतिम प्रवेश तिथि 10 अक्तूबर तय की गई है। इस कोर्स में केवल मेडिकल स्ट्रीम से जमा (+2) उत्तीर्ण छात्र ही प्रवेश ले सकते हैं। अन्य संकायों से संबंधित प्रवेश प्रक्रिया उच्च न्यायालय के निर्णयाधीन है। संस्थान के समन्वयक डॉ. निशु चौहान ने जानकारी दी कि फिलहाल केवल 20 सीटें शेष हैं। इच्छुक छात्र समय रहते आवेदन करें।

उन्होंने बताया कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्थान आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व अनुभवी शिक्षकों के सहयोग से छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध करवा रहा है। हाल ही में घोषित परिणामों में सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की और संस्थान का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। संस्थान से प्रशिक्षित छात्रों के लिए सरकारी व निजी क्षेत्र दोनों में सुनहरे रोजगार अवसर उपलब्ध हैं। संस्थान में वेटरनरी फार्मासिस्ट कोर्स के अलावा कंप्यूटर डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स भी संचालित किए जा रहे हैं, जो भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। इन कोर्सों के लिए प्रवेश 15 अप्रैल से आरंभ होगा। राधे राधे सोसायटी की प्रधान कृष्णा देवी ने बताया कि संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को घर-द्वार पर ही व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# चचोगी में लगाए देवदार के 101 पौधे

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जगत राम ने चचोगी क्षेत्र में जन्मदिवस के अवसर पर 101 देवदार के पौधे लगाए। इस पौधरोपण अभियान में उनके साथ वन रक्षक नग्गर व रुमसू बीट भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जगत राम ने कहा कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक होते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह एक अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने आम लोगों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। वन विभाग के कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तिगत प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलती है। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में हरित आच्छादन बढ़ाना और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखना है। स्थानीय लोगों ने भी जगत राम के इस योगदान की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे और प्रयासों का समर्थन करने का संकल्प लिया।

# साहब! मुख्यमंत्री सेवा संकल्प 1100 पर दर्ज की शिकायत, 1 वर्ष बाद भी नहीं हुआ समाधान

**अनंत ज्ञान सैंज**

वर्ष 2023 में आई भीषण प्राकृतिक आपदा ने सैंज तहसील क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी, जिससे अनेक परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बावजूद इसके, दो वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रभावित परिवारों को न तो पूरी राहत राशि मिल पाई है और न ही सरकार द्वारा घोषित विशेष पैकेज का लाभ।



स्थानीय व्यापारी, दुकानदार, किरायेदार और मकान मालिक आज भी अपने हक की लड़ाई लड़ते हुए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। व्यापार मंडल सैंज के अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प योजना 1100 पर इस मामले की शिकायत क्रमांक 1053728 दर्ज की थी। यह शिकायत 24 सितंबर 2024 को दर्ज की गई थी, जिसके बाद मुख्यमंत्री सेवा संकल्प कार्यालय ने बीते एक वर्ष में 63 बार यह शिकायत जिला कुल्लू के विभिन्न अधिकारियों को उचित कार्रवाई के लिए भेजी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

वहीं, आंकड़ों की बात करें, तो शिकायत को डीसी कुल्लू को 21 बार, एसडीएम बंजार को 24 बार, तहसीलदार सैंज को 4 बार, नायब तहसीलदार सैंज को 10 बार और कानूनगो को 4 बार प्रेषित किया गया, मगर कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ। इससे स्पष्ट होता है कि जिला प्रशासन इस संवेदनशील विषय को गंभीरता से नहीं ले रहा है। व्यापार मंडल सैंज के अन्य पदाधिकारियों वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलदेव, महासचिव लीलाधर चौहान, कोषाध्यक्ष बुधि सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष वीना, लगन चंद, गुमत राम, सचिव पवित्रा, मीडिया प्रभारी दीवान नेगी व अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही के कारण आपदा पीड़ितों को दो साल बाद भी राहत नहीं मिल पाई है।

प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 में घोषित 4500 करोड़ के विशेष राहत पैकेज के बावजूद सैंज और बंजार क्षेत्र के प्रभावित अभी भी अपने नुकसान की भरपाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा राहत राशि बढ़ाए जाने के बाद भी प्रशासन ने सरकार के मापदंडों को अब तक लागू नहीं किया है। व्यापार मंडल ने चेताया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने पर विवश होंगे। प्रभावित परिवारों ने मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि उन्हें उनका न्याय और हक मिल सके।

# करोड़ों का नुकसान, कोई राहत नहीं, बंजार की पीड़ा से बेपरवाह सरकार: सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रदेश सरकार की उदासीनता और क्षेत्र की उपेक्षा पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि आपदा को घटित हुए पूरे तीन माह बीत चुके हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार और इसके मंत्री बंजार क्षेत्र की सुध लेने तक नहीं आए। विधायक शौरी ने कहा कि क्षेत्र की सभी प्रमुख व ग्रामीण सड़कें बंद हैं और आज तक बंजार मुख्यालय तक बड़े वाहनों की आवाजाही बहाल नहीं हो पाई है। इससे आमजन व बागवानों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा है। बावजूद इसके सरकार की ओर से अब तक न तो कोई समीक्षा बैठक की गई है और न ही राहत व पुनर्वास की कोई ठोस नीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि तीर्थन घाटी के लिए बस सेवाएं पूरी तरह बंद हैं। बंजार-गाड़ागुशैनी सड़क पर ग्रामीण स्वयं वैकल्पिक पुल लगाकर आवागमन कर रहे हैं और जान जोखिम में डालकर सफर करने पर मजबूर हैं। बहुत से सरकारी संस्थानों व सरंचनाओं का विधानसभा क्षेत्र में नुकसान हुआ है और सरकार इस ओर उदासीन है। बंजार बस डिपो से कोई भी बस सेवा संचालित नहीं हो रही, लेकिन सरकार का कोई नुमाइंदा अब तक आश्वासन देने तक नहीं आया। क्षेत्र के कई प्रभावित परिवारों को फौरी राहत तक नहीं मिल पाई है, जबकि सरकार व प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। विधायक शौरी ने कहा कि प्रदेश सरकार का रवैया ऐसा प्रतीत होता है मानो उसने बंजार विधानसभा क्षेत्र के अस्तित्व को ही नकार दिया हो। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी त्रासदी के बावजूद प्रदेश सरकार का कोई मंत्री तक अब तक क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेने नहीं आया, जो कि बेहद निराशाजनक और अमानवीय रवैया है। विधायक शौरी ने प्रदेश सरकार से मांग की कि वह तुरंत क्षेत्र में समीक्षा बैठकें आयोजित करे, प्रभावित परिवारों को फौरी राहत उपलब्ध कराए और सड़क व बस सेवाओं को प्राथमिकता से बहाल करे, ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके।



**रैली** 140 प्रतिभागी शामिल होंगे, जिनमें 75 राइडर, 70 ड्राइवर और को-ड्राइवर

# 9 अक्तूबर से रैली ऑफ हिमालयाज का रोमांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

5वीं रैली ऑफ हिमालयाज का आयोजन हिमालयन एक्स-ट्रीम मोटर स्पोर्ट्स द्वारा जिला प्रशासन लाहौल और स्पीति के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

यह जानकारी डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने शुक्रवार को यहां एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 12 अक्तूबर तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की मोटरस्पोर्ट्स रैली है, जिसमें बाइक और चार-पहिया वाहनों की भागीदारी होगी। रैली की कुल अवधि चार दिन की है। इसमें कुल 575 किलोमीटर की दूरी तय की जाती है। उन्होंने बताया कि रैली के लिए सड़क मार्ग निर्धारित कर लिया गया है, जो कि मनाली-कोक्सर-ग्रांफू-बातल-केलांग-जिस्पा-शिंकुला पास और इसी मार्ग से वापस मनाली पहुंचेगी। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी केलांग कल्याणी तिवाना जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविंदर ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डीसी ने बताया कि इस रैली में कुल 140 प्रतिभागी शामिल होंगे, जिनमें 75 राइडर, 70 ड्राइवर और को-ड्राइवर हैं। महिला प्रतिभागियों की संख्या 4 है और एक विदेशी प्रतिभागी यूके से शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य खासकर लाहौल-स्पीति क्षेत्र में साहसिक पर्यटन को प्रोत्साहित करना, सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना तथा एडवेंचर स्पोर्ट्स कौशल के विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। कार्यक्रम का समापन अवसर पर मनाली में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

यह रैली हिमालय की चुनौतीपूर्ण और मनोहारी भौगोलिक परिस्थितियों में आयोजित की जाती है, जो प्रतिभागियों की साहसिक क्षमता, तकनीकी दक्षता और धैर्य की परीक्षा लेती है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल उत्कृष्ट स्पोर्ट्समैनशिप को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय पर्यटन उद्योग एवं आर्थिक गतिविधियों को भी सुदृढ़ बनाना है।

# मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का कड़ाई से करें पालन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के भंडारण कक्ष का त्रैमासिक निरीक्षण किया।



यह निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन उपकरणों और लॉगबुक संधारण जैसी व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार निर्वाचन पवन कुमार भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहे और उन्होंने व्यवस्थाओं से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान की और बताया कि सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सीलिंग और भंडारण नियमों के अनुरूप की गई है तथा परिसर में किसी भी प्रकार की अनधिकृत पहुंच को पूर्णतः प्रतिबंधित है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने भी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी केलांग कल्याणी तिवाना विशेष रूप से उपस्थित रही।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान में महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पतलीकूहल में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर बीडीसी अध्यक्ष खेख राम ठाकुर, बीडीसी सदस्य पल्लवी कटोच और बीएमओ नग्गर डॉ. कर्णजीत सिंह ठाकुर, सीएचसी इंचार्ज डॉक्टर मोहित शर्मा मौजूद रहे।

बीडीसी अध्यक्ष खेख राम ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की और कहा कि नारी के स्वास्थ्य से ही परिवार और समाज की नींव मजबूत होती है। उन्होंने अस्पताल में दाखिल मरीजों का हालचाल जाना और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा भी की। बीडीसी सदस्य पल्लवी कटोच ने महिलाओं से अपील की कि वे अपनी सेहत को प्राथमिकता दें और नियमित स्वास्थ्य जांच अवश्य करवाएं। बीएमओ नग्गर डॉ. कर्णजीत सिंह ठाकुर ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बीमारियों की रोकथाम करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। एनीमिया, स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, शुगर और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच पर जोर है। गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण परामर्श और आयरन-फोलिक एसिड की खुराक उपलब्ध कराई जा रही है।

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर महिलाओं को योग, ध्यान और काउंसलिंग की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने स्थानीय जनता से अपील की कि वे इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों और महिलाओं की जांच की। महिलाओं को संतुलित आहार और नियमित जांच के महत्व के बारे में बताया। इस प्रकार स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान नग्गर क्षेत्र में महिलाओं की सेहत सुधारने व परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रहा है। नारी ही परिवार और समाज की धुरी है। यदि नारी स्वस्थ होगी, तो परिवार में खुशहाली और समाज में निरोगी वातावरण अपने आप स्थापित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत प्रधान पर फर्जी बिल बनाने का आरोप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के पांवटा उपमंडल के तहत आने वाले रामपुर भारा पुर पंचायत में वर्तमान पंचायत प्रधान पर उसी पंचायत के उप प्रधान ने फर्जीवाड़े से लाखों के घोटाले के आरोप लगाए हैं। उप प्रधान रजनीश चौधरी ने बताया कि प्रधान ने फर्जी बिल औरफर्जी खनन फार्म तैयार करके लाखों के घोटाला को अंजाम दिया। इन फर्जी बिल ओर फर्जी खनन (एक्स) फार्म के आधार पर मोटर साइकल पर सैकड़ों क्विंटल रेत, बजरी, सीमेंट व अन्य खनन सामग्री की ढुलाई कर दी। पंचायत के उपप्रधान रजनीश चौधरी ने ठोस सबूतों के आधार पर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था व मुख्य न्यायाधीश से शिकायत की थी। घोटाला वित्तिय वर्ष 2024/2025 का है जिसमें लगभग 35 लाख का घोटाला होने का अनुमान है। आरटीआई से ली गई सूचना से घोटाला सामने आया और उन्हें अब विजिलेंस कार्यालय में बुलाया गया जहां पर सरे कागजात उन्हें सौंपे हैं। उपप्रधान रजनीश चौधरी ने बताया कि पंचायत प्रधान व सहयोगियों ने षड्यंत्र के तहत सरकारी खजाने को लूटने के लिए दो मोटरसाइकल पर चार चक्रों में 270 क्विंटल रेत, बजरी, सीमेंट व अन्य खनन सामग्री पांवटा साहिब से ग्राम पंचायत रामपुर भारापुर में पहुंचाई। पांवटा में स्थित क्रेशर ओर पंचायत घर के बीच की दूरी आना जाना लगभग 42 किलोमिटर है और हैरानी की बात तो यह है कि एक ही ड्राइवर दो वाहनों को ड्राइव कर पांवटा साहिब से रामपुर भारापुर पंचायत तक 42 किलोमीटर का रास्ता तय करने में 10 मिनट का समय लगा। यह समय अवधि खनन फार्म में साफ लिखी है। ढुलाई में लगभग सभी फर्जी खनन फार्म तैयार करके लगाए ओर सरकारी खजाने से पैसे हड़प लिए। चार पहिया वाहन जिसकी भार ढुलाई क्षमता 945 किलोग्राम थी और खनन सामग्री लगभग 2170 किलोग्राम ढुलाई कर दी। आरटीओ ऑफिस नाहन व पंचायत से ली आरटीआई में यह गड़बड़ सामने आई। उन्होंने आशा जताई की अब न्याय होगा और दोषियों को सजा मिलेगी।

### बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की राजगढ़ शाखा द्वारा सैर जगास पंचायत के पबियाना गांव में एकदिवसीय वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक पूनम ठाकुर ने की। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक पूनम ठाकुर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत करवाया और ग्रामीणों को इनसे लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने व्यक्तिगत ऋण, केसीसी लोन, वेतन तथा वाहन ऋण जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को फर्जी कॉल्स व धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए भी जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं तथा स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को मिली कानूनी अधिकारों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर की ओर से कोटड़ी ब्यास पंचायत में एक विधिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को नालसा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पांवटा साहिब से एडवोकेट आमना, पीआरवी संजीव कुमार, पीआरवी मीना, पीआरवी सरिता, पंचायत प्रधान सुरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। साथ ही मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता (एडवोकेट) और संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी दी। संस्था की अध्यक्ष ने संगठन द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक अभियानों व मुहिमों की जानकारी साझा की और ग्रामीणों को कानूनी सहायता व अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। पंचायत प्रधान सुरेश कुमार ने भी इस अवसर पर ग्रामीणों के सवाल सुने और उनके समाधान पर चर्चा की।

### सोलन कॉलेज व संस्कृति विभाग के मध्य एमओयू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन और भाषा एवं संस्कृति विभाग सोलन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का उद्देश्य शिक्षा, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना व महाविद्यालय के छात्रों को एनएसएस और एनसीसी गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस एमओयू पर डीसी सोलन मनमोहन शर्मा और राजकीय महाविद्यालय सोलन की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. चमन शर्मा और डॉ. अनिल ठाकुर भी उपस्थित रहे। इस एमओयू के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सोलन को कोठो स्थित भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार का उपयोग प्रति माह कम से कम एक बार शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं महाविद्यालयीन गतिविधियों के आयोजन के लिए करने की अनुमति प्रदान की गई। सभागार के उपयोग की तिथियां व समय पूर्व अनुमोदन लेकर निर्धारित किए जाएंगे, ताकि जिला स्तर की अन्य गतिविधियों से इसका टकराव न हो। साथ ही कॉलेज के एनएसएस व एनसीसी स्वयंसेवक जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, जन-जागरूकता अभियानों, सांस्कृतिक आयोजनों व सामुदायिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। छात्र आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा सामाजिक अभियानों में भी सहयोग प्रदान करेंगे। यह समझौता कॉलेज के छात्रों को नई संभावनाओं से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें समाज सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों में योगदान देने का अवसर प्रदान करेगा।

### वित्तीय नुकसान को लेकर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश कॉर्पोरेट सेक्टर रिटायरीज कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक सोलन में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण निगमों एवं बोर्डों को हो रहे भारी वित्तीय नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। साथ ही, कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। वर्ष 2004 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की पेंशन बंद किए जाने पर आपत्ति जताते हुए इसे जल्द बहाल करने की मांग की। कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए चिकित्सा भत्ता प्रदान किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। विभिन्न निगमों व बोर्डों के कार्यालयों को पर्यटन निगम में स्थानांतरित करने के निर्णय का विरोध किया। सामान्य उद्योग निगम के माध्यम से शराब की बिक्री पर गंभीर चर्चा व चिंता व्यक्त की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि उपरोक्त सभी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए एक संघर्ष समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति द्वारा तैयार किए जाने वाले मांग पत्र व आगामी कार्यक्रमों को कॉर्पोरेट सेक्टर कॉर्डिनेशन कमेटी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

# विश्व हेरिटेज के चंबाघाट रेलवे फाटक को बंद करने की अधिसूचना से मुखर हुए लोग

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** कालका-शिमला के विश्व हेरिटेज रेल मार्ग चंबाघाट में पुराना एनएच-5 के रेलवे फाटक को बंद करने की अधिसूचना से स्थानीय लोग लामबंद हो गए।

इसको लेकर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की। रेलवे फाटक के पास जमा हुए लोगों ने प्रशासन पर उन्हें गुमराह करने का आरोप लगाया। साथ ही इस बारे में किसी भी तरह की विज्ञप्ति प्रकाशित नहीं किए जाने का भी संज्ञान लिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने रेलवे अधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखा। स्थानीय निवासी व अधिवक्ता नीरज भारद्वाज ने तर्क दिया कि रेलवे फाटक आजादी के समय से ही लगा है। फोरलेन बनने से चंबाघाट में फ्लाईओवर बनने से बाहरी वाहन फाटक से होकर नहीं जाते, लेकिन सोलन शहर, सलोगड़ा, ब्रुरी और पड़ग गांव के लोग फाटक को क्रॉस करके


रेलवे फाटक बंद करने की अधिसूचना को लेकर मौके पर पहुंचे लोग रेलवे अधिकारियों से बात करते हुए।

वाहनों की आवाजाही करते हैं। यदि फाटक बंद होता है तो चम्बाघाट और पड़ग निवासियों को घर पहुंचने के लिए फ्लाई ओवर से होकर करीब एक किलोमीटर का सफर करना पड़ेगा। स्कूली बच्चों और दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। फाटक बंद होने से श्मशानघाट की सड़क भी सोलन की तरफ से बंद हो जाएगी। रेलवे प्रशासन ने डीसी सोलन को रेलवे फाटक शुरू में अस्थायी तौर पर और एक महीने बाद दीवार लगाकर बंद करने लेकर पत्र जारी किया है। साथ ही एनएचएआई ने निर्माण कंपनी को भी इस बारे सूचित किया गया है। आरोप है कि स्थानीय प्रशासन ने बंद कमरे में रेलवे को फाटक बंद करने की संस्तुति दे दी। वहीं एनएचएआई और रेलवे के बीच हुए एमओयू को भी छुपाया गया। वार्ड-17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर ने कहा कि फाटक को बंद करने का निर्णय गलत है। इससे स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इस मुद्दे को सरकार सहित प्रशासन और नगर निगम के समक्ष उठाकर समाधान निकाला जाएगा। लोगों ने प्रशासन पर गुमराह करने का भी आरोप लगाया है कि बिना जनता की उचित सहमति व परामर्श के फाटक बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

चंबाघाट रेलवे फाटक बंद करने का मकसद जाम और अव्यवस्था रोकना है, लेकिन स्थानीय लोगों की रोजमर्रा की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संतुलित फैसला न होने पर असंतोष की स्थिति बनी है। स्थानीय पार्षद वार्ड-4 संगीता ठाकुर का तर्क है कि वैकल्पिक सड़क मार्ग या पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराई जाएं, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही प्रभावित न हो। चंबाघाट रेलवे फाटक पर पहुंचे तहसीलदार ने कहा कि लोगों से लिखित शिकायत मांगी गई है। फिलहाल लोग फाटक लगाने का विरोध कर रहे हैं। सभी शिकायतों को सुनकर प्रशासन मामले को रेलवे और एनएचएआई के समक्ष रखेगा।

## सीता-राम व लक्ष्मण आज्ञा लेकर वन को हुए रवाना

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**



**अर्की।** अर्की नगर पंचायत के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही रामलीला के पांचवें दिन रामलीला के मंचन का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ।

जानकारी देते हुए क्लब के निदेशक हेमेंद्र गुप्ता व प्रधान अजय रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान राम-लक्ष्मण का आज्ञा लेकर वन को जाना, दशरथ मरण, भरत मिलाप, सहित कई अन्य दृश्य मंचित किए गए, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। उन्होंने बताया कि पुरानी परंपरा के अनुसार रामलीला के मंचन के दौरान हर दिन एक मुख्यातिथि को बुलाया जाता है। रामलीला के पांचवें दिन पूनम महंत ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की व रामलीला के सफल मंचन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला का मंचन परोक्ष रूप में देखने से आनंद आता है तथा बौद्धिक विकास होता है। इस अवसर पर रामलीला क्लब द्वारा मुख्यतिथियों को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि द्वारा आयोजकों को सहयोग राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि हर दिन होने वाली रामलीला के पश्चात उस दिन की रामलीला से संबंधित प्रश्न उपस्थित दर्शकों से पूछा जाता है तथा पर्ची के माध्यम से प्रश्न का सही उत्तर देने वाले विजेता को मुख्यातिथि द्वारा पर्ची निकालकर ईनाम दिया गया। उन्होंने क्षेत्र की जनता से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने व कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया है। इस अवसर पर रामलीला क्लब अर्की के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# यमुना में डूबे तीनों युवकों के शव बरामद

**अनंत ज्ञान, पांवटा/ नाहन**

- गांव ग्वाली सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर
- दो दिनों तक एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने चलाया सर्च अभियान

जिला सिरमौर के शिलाई क्षेत्र के तीनों युवकों के शव मिल गए हैं। इनमें से एक युवक का शव 24 सितंबर को, जबकि दूसरे का शव 25 को और तीसरे युवक का शव शुक्रवार को बरामद किया गया। जानकारी के मुताबिक 23 सितंबर को गुरु की नगरी पांवटा साहिब में गुरुद्वारे के समीप यमुना नदी में शिलाई क्षेत्र के गवाली गांव के रहने वाले तीन युवक यमुना नदी में नहाने उतरे थे।

इस दौरान तेज बहाव के चलते नदी में डूब गए। इसकी सूचना जैसे ही प्रशासन को चली, तो प्रशासन ने सर्च अभियान आरंभ किया। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक युवक अमित का शव दूसरे दिन कलेसर के पास मिला, जबकि दूसरे युवक रजनीश का शव 25 सितंबर को यमुनानगर के समीप यमुना नदी में पाया गया। तीसरे युवक रजनीश का 26 सितंबर को तड़के हथिनी कुंड बैराज के पास मिला। जानकारी के मुताबिक इनमें से रजनीश और कमलेश दोनों सगे भाई थे, जबकि अमित भी इसी गांव का रहने वाला था। अमित का अंतिम संस्कार परिजनों द्वारा गत दिन अपने

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पैतृक गांव में किया गया। जानकारी के अनुसार, 25 सितंबर की रात करीब 9 बजे पुलिस थाना प्रतापनगर (जिला यमुनानगर, हरियाणा) को सूचना मिली कि यमुना नहर में एक युवक का शव मिला है।

पुलिस ने शव को बाहर निकालकर यमुनानगर शवगृह में रखा। मौके पर हुई शिनाख्त में मृतक की पहचान कमलेश कुमार (23 वर्ष), पुत्र प्रेम सिंह, निवासी गांव ग्वाली, तहसील शिलाई, जिला सिरमौर के रूप में हुई। शव को नागरिक अस्पताल पांवटा साहिब लाया गया, जहां पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा जाएगा। वहीं, 26 सितंबर की सुबह लगभग 9:15 बजे, हथनीकुंड बैराज से आगे यमुना नदी में स्थानीय मछुआरों ने एक और शव तैरता हुआ देखा। सूचना पर पुलिस टीम व परिजन मौके पर पहुंचे। शिनाख्त में मृतक की पहचान रजनीश कुमार (20 वर्ष), पुत्र प्रेम सिंह, निवासी गांव ग्वाली, तहसील शिलाई, जिला सिरमौर के रूप में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पांवटा साहिब लाया गया। कमलेश व रजनीश का अंतिम संस्कार पांवटा साहिब के यमुना घाट पर किया जाएगा।

दो दिनों तक एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने सर्च अभियान चलाया, लेकिन जब सफलता नहीं मिली, तो प्रशासन ने सेना की मदद ली। सेना के जवानों ने लापता दोनों युवकों के शव ढूंढ लिए। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों द्वारा पांवटा साहिब के यमुना घाट पर ही दोनों का अंतिम संस्कार किया जाएगा। एक ही परिवार के दो बेटों की असमय मौत से गांव ग्वाली सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पीड़ित परिवारों के प्रति हर किसी ने संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## 365 दिन गोताखोरों की तैनाती और घाट प्रबंधन ट्रस्ट की आवश्यकता : चीमा

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**पांवटा साहिब।** पिछले 10-15 वर्षों में यमुना नदी पांवटा साहिब क्षेत्र में कई दर्दनाक हादसे हुए हैं और अब तक 60 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि घाट पर गोताखोरों की स्थायी तैनाती नहीं है। केवल बरसात व धार्मिक आयोजनों के समय ही गोताखोर तैनात किए जाते रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोताखोरों की तैनाती का पिछले वर्षों का विवरण इस प्रकार है 2019 में गोताखोर (15 जुलाई - 31 अगस्त)2020 में कोई तैनाती रिकॉर्ड नहीं। 2021 में गोताखोर (12 जुलाई-31 अगस्त) 2022 में 6 गोताखोर (4 जुलाई -20 सितंबर) 2023 में 8 गोताखोर (30 मई - 18 सितंबर) 2024 में 8 गोताखोर (15 जून-15 सितंबर) 2025 में 10 गोताखोर (25 जून-15 सितंबर)तक तैनात रहे। यह स्पष्ट है कि अब तक गोताखोरों की तैनाती केवल मानसून अवधि तक सीमित रही है, जबकि हादसे साल भर घटित होते रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने बताया कि प्रशासन ने उच्चाधिकारियों से 365 दिन गोताखोरों की स्थायी तैनाती का अनुरोध किया है। साथ ही, घाट प्रबंधन के लिए एक घाट प्रबंधन ट्रस्ट बनाने की आवश्यकता भी जताई है, जो सुरक्षा, स्वच्छता व व्यवस्थाओं को नियमित रूप से संभाले। विशेषज्ञों का कहना है कि यमुना घाट धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे सिख व हिंदू श्रद्धालु समान रूप से उपयोग करते हैं। ऐसे में सुधार व प्रबंधन केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समुदाय की अगुवाई में भी होना चाहिए।

## श्री बाला सुंदरी मंदिर में 11 लाख 82 हजार का चढ़ावा चढ़ा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल महामाया श्री बाला सुंदरी मंदिर में चल रहे शारदीय नवरात्र मेले के चौथे दिन 9200 भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों ने माता को 131 ग्राम सोना, 6 किलो 252 ग्राम चांदी तथा 11 लाख 82 हजार 390 रुपए चौथे नवरात्र में भेंट किए। सुबह से ही भक्तों की लाइन माता के दर्शनों के लिए लगनी आरंभ हो गई थी। पहले चार नवरात्र में 48 हजार 400 श्रद्धालुओं ने अभी तक माता के दर्शन किए तथा 48 लाख 80 हजार 510 रुपए माता को भेंट किए। महामाया श्री बाला सुंदरी मंदिर न्यास त्रिलोकपुर द्वारा हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ तथा हिमाचल से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी, पार्किंग, ठहरने व भंडारे की उचित व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि दिन-रात 400 जवान सुरक्षा में तैनात किए गए हैं।

## देवदार, टीक सदन ने जीती अंतरसदनीय पीटी और श्रेष्ठ जिम्नास्ट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में आयोजित अंतरसदनीय पीटी (व्यायाम प्रदर्शन) व श्रेष्ठ जिम्नास्ट प्रतियोगिता में छात्रों ने अद्भुत अनुशासन, तालमेल और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया।

14 जीटीसी, सुबाथू के नायक गंगा अर्खाली एवं आरएफएम मधुसूदन राय ने प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में देवदार सदन और टीक सदन ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। देवदार सदन के अर्पित शर्मा व ओक सदन के स्वर्णिम गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ पीटी लीडर के रूप में चयनित किया गया। श्रेष्ठ जिम्नास्ट प्रतियोगिता में जयंत सिंह खत्री ने प्रथम, अभिराज सिंह चौहान ने द्वितीय तथा शौर्य दत्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह


प्रतियोगिता में अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह।

ने विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए छात्रों के उत्साह तथा उत्कृष्टता की सराहना की।

यह आयोजन न केवल शारीरिक क्षमता का उत्सव था, बल्कि इसने टीमवर्क, अनुशासन व खेल भावना जैसे मूल्यों को भी सुदृढ़ किया, जो कि पाइन ग्रोव स्कूल की पहचान है।

## 2 अक्तूबर को होगी विशेष ग्राम सभा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला पंचायत अधिकारी डॉ. विनय कुमार ने बताया कि सिरमौर जिला की सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्तूबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष ग्राम सभा में गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित करने तथा गांवों में ओडीएफ प्लस मॉडल का सत्यापन अभियान के रूप में किया जाएगा, ताकि प्रमाणिकता व निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त लंबित व्यक्तिगत घरेलु शौचालय (आईएचएचएल) आवेदनों की मंजूरी व स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) परिसंपतियों के सौंदर्यीकरण पर चर्चा उपरांत उन्हें आरंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस ग्राम सभा में 13 अक्तूबर, 2025 को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस-'समर्थ' का संदेश पढ़ कर सुनाया जाएगा तथा पंचायत स्तर पर लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट रोमांच व ऊर्जा का संगम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में चल रहे नेशनल किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट के तीसरे दिन का माहौल पूरी तरह जोश, उत्साह और रोमांच से भरा रहा।

देशभर से आए प्रतिभागियों ने खेले गए मुकाबलों में अपने दमदार पंच और तीव्र किक्स से दर्शकों का दिल जीत लिया। हर मुकाबला दर्शकों के लिए तालियों और उत्साह से भरपूर रहा। अमेच्योर किक बॉक्सिंग एसोसिएशन हिमाचल के वर्किंग प्रेसिडेंट पुनीत वर्मा और जनरल सेक्रेटरी, परशुराम अवार्डी डॉ. संजय यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन पूरी तरह व्यवस्थित है और खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। कोच, रेफरी, जज और मेडिकल टीम लगातार तैनात हैं। मुख्य मुकाबलों में 57 किलो वर्ग में तमिलनाडु के बुका मुराली योगेश ने स्वर्ण पदक जीता। 63 किलो वर्ग में अरुणाचल


किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

के ताना तारा हरीबा और 69 किलो में यूपी के कनिष्क विजेता बने। 56-74 किलो वर्ग में मध्यप्रदेश के कुशवाहा और 57-79 किलो वर्ग में राजस्थान के अतुल दक ने स्वर्ण पर कब्जा किया।

महिला खिलाड़ियों ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 50 किलो वर्ग में जानवी ने स्वर्ण जीता, 55 किलो में गंगा राव, 60 किलो में ज्ञाना, 65 किलो में आयुषी कुमारी और 70 किलो में अनुप्रीत कौर विजेता रहीं। 70+ वर्ग में काव्या ने पहला स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश के मानस शर्मा ने माइनस 45 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया, जिससे स्थानीय दर्शकों में खास उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में नौणी के शोधार्थी ने जीता सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कीट विज्ञान विभाग के शोधकर्ता अंशुमन सेमवाल ने सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति का पुरस्कार जीता।

यह प्रतिष्ठित सम्मेलन हाल ही में बदलते कृषि परिदृश्य में टिकाऊ पादप संरक्षण में प्रगति' विषय पर केंद्रित था, जिसका आयोजन एंटोमोलॉजिकल रिसर्च एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी मुख्यातिथि रहे और वह वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो के निदेशक डॉ एसएन सुशील, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के निदेशक डॉ. जेपी सिंह और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक डॉ. एसके शर्मा सहित देश भर के कृषि वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने भी सम्मेलन में भाग लिया और जहां कृषि के बदलते स्वरूप और पौधों की सुरक्षा के स्थायी समाधानों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। अंशुमन सेमवाल ने अपने शोध पत्र में गोभी की फसल को भारी नुकसान पहुंचाने वाली सफेद तितली (कैबेज व्हाइट बटरफ्लाई) के जैविक नियंत्रण पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने शोध के माध्यम से बताया कि कैसे बिना हानिकारक कीटनाशकों का उपयोग किए, प्राकृतिक शत्रुओं (बायो-कंट्रोल एजेंट्स) की मदद से इस कीट पर प्रभावी ढंग से काबू पाया जा सकता है। अंशुमन ने यह शोध कार्य औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग के डीन डॉ. पी. एल. शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष वर्मा तथा डॉ विश्व गौरव सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में पूरा किया है। सम्मेलन में उपस्थित वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों ने अंशुमन के शोध कार्य और उनकी प्रस्तुति की प्रशंसा की। यह सम्मेलन युवा शोधार्थियों के लिए अपने काम को प्रदर्शित करने और वरिष्ठ वैज्ञानिकों से सीखने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

**आयोजन** राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल ओपन ऑल इंडिया बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

# युवाओं के जीवन को सही दिशा प्रदान करने में खेलें महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि खेल युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ-साथ नशे से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विक्रमादित्य सिंह सोलन के कुमारहट्टी में तृतीय राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल ओपन ऑल इंडिया बैडमिंटन प्रतियोगिता वरिष्ठ वर्ग का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित खिलाड़ियों व अन्य को संबोधित कर रहे थे। चार दिवसीय तृतीय राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल ओपन ऑल इंडिया बैडमिंटन प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग के 537 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के लिए खेल, योग व व्यायाम अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं के जीवन को सही दिशा प्रदान करने में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से युवाओं को जहां स्वस्थ शरीर की


खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ में पहुंचे मंत्री विक्रमादित्य सिंह और उनकी पत्नी।

प्राप्ति होती है। वहीं, अनुशासन व आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने व खेलकूद गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनशैली में खेल व योग के माध्यम से तनाव को भी कम किया जा सकता है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश में गत दिनों हुई भारी वर्षा के कारण लोक निर्माण विभाग को लगभग 4500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की क्षतिग्रस्त अधोसंरचना को चरणवद्ध तरीके से ठीक करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारी वर्षा के कारण पर्यटकों की संख्या में जो कमी आई थी वह अब धीरे-धीरे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ओलंपिक खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर दी जानी वाली पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने पर पुरस्कार राशि 2 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक जीतने पर पुरस्कार राशि को एक करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए की गई है। उन्होंने कहा कि एशियन खेलों और राष्ट्र मंडल खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की गई है।

इस अवसर पर नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बाबा, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र ठाकुर, नगर निगम सोलन के पार्षद राजीव कौड़ा, कांग्रेस नेता रमेश ठाकुर, कुमारहट्टी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एवं राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता के संयोजक रमेश चौहान, सदस्य बीके जोशी, ज्ञान अग्रवाल, रूपलाल ठाकुर, रवि शर्मा, गोपाल शर्मा, राजेश मेहता, विजय अग्रवाल, संदीप शर्मा, मोहन मेहता, विकास काल्टा, समाज सेवी डॉ. विनोद कपिल, पुलिस उपअधीक्षक परवाणू मेहर पंवार, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व खिलाड़ी उपस्थित थे।

## डॉ. बिंदल ने मिश्रवाला पहुंच कर आपदा प्रभावित परिवार से की भेंट

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन विधानसभा क्षेत्र के गांव मिश्रवाला में पहुंचकर भारी बारिश के कारण आई आपदा में एक 11 वर्षीय बालक के दुखद निधन पर गहरा दुख प्रकट किया।

उन्होंने हादसे में हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित एवं पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करने का भरोसा दिया। डॉ. राजीव बिंदल ने बताया कि जिला सिरमौर में भारी बारिश के आरण आई आपदा में एक और भयानक हादसा घटित हुआ है। नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांवटा विकास खंड में अनुसूचित जाति बस्ती के 2 परिवारों के साथ यह हृदय विदारक हादसा हुआ है। इसमें एक 11 वर्षीय बालक की मुत्यु हो गई, जबकि एक अन्य बालक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गांव मिश्रवाला के हरिजन बस्ती के निवासी रोहित कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार की भारी बारिश के कारण अपने घर की दीवार गिरने से दिवांश कुमार (पुत्र ज्ञान चंद) उम्र 11 वर्ष की दुखद मृत्यु हो गई, जबकि खुशवंश पुत्र रोहित कुमार को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। 11 वर्षीय दिवांश अपने पिता का इकलौता पुत्र था और हादसे में उसकी मृत्यु से इलाके में शोक की लहर है। डॉ. बिंदल ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार को बिना देर किए आर्थिक व अन्य जरूरी मदद की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### मिग 21 टाइगर था, है और रहेगा : संजय टंडन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान के ऐतिहासिक सेवामुक्ति समारोह में भाग लिया 7 उन्होंने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का चंडीगढ़ आगमन पर उनका स्वागत किया। आज के समारोह को देखने के उपरांत संजय टंडन ने भावुक होते हुए कहा कि दशकों तक अद्वितीय पराक्रम और गौरव के साथ राष्ट्र की सेवा करने वाले इस महान विमान मिग-21 को सदैव साहस और शक्ति के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। इसने अपने दौर में अपने तेज पराक्रम के चलते दुश्मन देश को नाकों चने चबाया और उसके नापाक इरादों पर पूरा पानी फेर दिया था। हम सभी को इतिहास में अंकित एक गौरवशाली क्षण, इसे उड़ाने वाले वीरों और इसके द्वारा छोड़ी गई विरासत को श्रद्धांजलि देनी चाहिए। इसके शानदार प्रदर्शन को युगों युगों तक स्मरण किया जायेगा और ये देश का टाइगर था, है और हमेशा टाइगर के रूप में ही जाना जाएगा।



### हिसार में अवैध कॉलोनी पर चलाया पीला पंजा

**अनंत ज्ञान, हिसार।** जिले के कस्बा हांसी में अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई अभियान के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुंदनापुर रोड स्थित नंबर-1 कॉलोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्रफल में फैली इस कॉलोनी को नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना किसी स्वीकृति के बसाया जा रहा था। अवैध कालोनी पर कार्रवाई की निगरानी के लिए राजकीय महाविद्यालय हांसी प्रोफेसर डॉ. बंता सिंह ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहे। टीम में जिला नगर योजनाकार डीटीपी दिनेश सिंह, फील्ड इंस्पेक्टर सपना और पुलिस बल शामिल रहे। मौके पर पहुंची टीम ने शुक्रवार को जेसीबी की मदद से अवैध रूप से बनाए गए दर्जनों प्लॉटों की दीवारों, सड़कों और निर्माणाधीन ढांचों को ध्वस्त कर दिया।इस अवसर पर डीटीपी दिनेश सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार का प्लॉट खरीदने से पहले उसकी विधिक स्थिति की जांच अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पहले एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-13, हिसार स्थित डीटीपी कार्यालय द्वितीय तल पर जाकर संबंधित कॉलोनी की स्वीकृति और कानूनी स्थिति की जानकारी लेनी चाहिए। ऐसा करने से भविष्य में आर्थिक नुकसान और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सकता है।

### दो करोड़ की हेरोइन सहित तस्कर दबोचा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने सिरसा शहर क्षेत्र से हेरोइन तस्कर को करीब दो करोड़ रुपए की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि एंटी नारकोटिक सेल की एक पुलिस टीम एएसआई विनोद कुमार के नेतृत्व में गश्त व चैकिंग के दौरान बरनाला रोड स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड चौक पर मौजूद थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रानियां के वार्ड नंबर आठ हाल प्रेम नगर, सिरसा निवासी जसप्रीत सिंह उर्फ तोती हेरोइन की तस्करी करता है और वह अपने मोटरसाइकिल पर हेरोइन तस्करी के लिए जाएगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रेमनगर के पास नाकाबंदी की। इस दौरान गली से मोटरसाइकिल सवार एक युवक गले में बैग लटकाए हुए आता दिखाई दिया। पुलिस टीम को देख युवक ने मोटरसाइकिल को मोड़ने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने शक के आधार पर उसे रोककर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम जसप्रीत सिंह उर्फ तोती बताया। राजपत्रित अधिकारी के समक्ष आरोपित जसप्रीत के बैग की तलाशी ली गई तो 588 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह हेरोइन पंजाब के लुधियाना से खरीद कर लाया था और इसे सिरसा क्षेत्र में सप्लाई किया जाना था। पुलिस आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाना सिरसा में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विधायी ड्राफ्टिंग लोकतंत्र की आत्मा : बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ने विधायी प्रशिक्षण कार्यशाला का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधायी ड्राफ्टिंग लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है। स्पष्ट, सरल और पारदर्शी कानून ही लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाते हैं और जनता का विश्वास शासन-प्रशासन में और अधिक मजबूत करते हैं। समय के साथ बदलती परिस्थितियों के अनुरूप कानूनों में संशोधन और नए कानूनों का निर्माण आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि हम बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करके आने वाले समय में ऐसे विधायी मसौदे तैयार कर सकें, जो नागरिकों के कल्याण और राज्य के विकास के लिए अधिक प्रभावी साबित हों।

लोकसभा अध्यक्ष शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा द्वारा लोकसभा की संविधान एवं संसदीय अध्ययन संस्थान के सहयोग से चंडीगढ़ सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में विधायी प्रारूपण एवं क्षमता संवर्धन विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करने उपरांत संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर फरीद, हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा उपस्थित रहे।

बिरला ने कहा कि हरियाणा की धरती लोकतांत्रिक मूल्यों की सदैव प्रहरी रही है। इस राज्य ने आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर देशभर में अपनी विशेष पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों की सभी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदकर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार लोगों के सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए जवाबदेही और कानून के शासन को सुदृढ़ कर रही है। हमें भी सामूहिक प्रयासों के साथ अच्छा विधायी मसौदा तैयार करने के दृष्टिकोण से काम करना है ताकि कानून अपने उद्देश्य को पूरी तरह से पूरा कर सके। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत का संविधान आज भी हम सभी के लिए एक सशक्त मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। इसके निर्माण की प्रक्रिया एक लंबी चर्चा, विस्तृत संवाद और सहमति-असहमति के दौर से गुजरी। हर विषय पर गहन बहस हुई, लेकिन अंततः सर्वसम्मति से वह संविधान बना, जो उस समय की परिस्थितियों के अनुरूप था। इस दौर में संविधान ने देश का मार्गदर्शन किया और आज भी यह हमारे लिए जीवंत रूप में प्रेरणा और दिशा देने का कार्य कर रहा है। संविधान ने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की स्पष्ट शक्तियां निर्धारित की हैं और इन्हीं सीमाओं में रहकर संसद एवं विधानसभाएं जनता की आकांक्षाओं को कानूनी स्वरूप देती हैं।

# अच्छे और स्पष्ट कानून लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली ताकत : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधायी ड्राफ्टिंग केवल तकनीकी अभ्यास नहीं, बल्कि लोकतंत्र को अधिक सशक्त, प्रभावी और जनता के करीब लाने का एक माध्यम है। अच्छे और स्पष्ट कानून ही किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली ताकत होते हैं। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि ड्राफ्ट बनाते समय भविष्य की चुनौतियों और तकनीकी बदलावों का ध्यान भी रखा जाए।

सैनी ने कहा कि यह केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक सशक्त लोकतांत्रिक परंपरा को और अधिक सरल, जीवंत तथा वर्तमान समय की मांग के अनुरूप बनाने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसकी सफलता केवल चुनावी प्रक्रिया पर नहीं टिकी है, बल्कि इस बात पर निर्भर करती है कि हमारे कानून कितने प्रभावी, स्पष्ट और जन हितैषी हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ उसकी विधायिका होती है और विधायिका की वास्तविक ताकत उसके द्वारा बनाए गए कानूनों में निहित होती है। इन कानूनों का प्रारूप आप तैयार करते हैं। इसलिए, आपका वर्तमान हालात और तकनीक से परिचित रहना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायी ड्राफ्ट कोई साधारण प्रक्रिया नहीं है। इसमें संविधान की मूल भावना, न्यायपालिका के दिशा-निर्देश, कार्यपालिका की जरूरतें और सबसे महत्वपूर्ण जनता की आकांक्षाएं, इन सबका संतुलन बैठाना होता है। एक अच्छा विधायी ड्राफ्ट समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे ही वह कड़ी हैं, जो नीति और कानून को जोड़ते हैं। उनके प्रयासों से ही कोई विधेयक सुसंगत भाषा में तैयार होकर सदन में प्रस्तुत होता है। ये उनकी केवल तकनीकी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उनका संवैधानिक दायित्व भी है। उनकी कलम यह सुनिश्चित करती है कि जो कानून बने, वह न केवल न्यायपूर्ण हो, बल्कि जनता की नब्ज से भी जुड़ा हो। इसलिए, इस प्रशिक्षण को केवल एक ट्रेनिंग प्रक्रिया न मानें, बल्कि इसे एक जनसेवा का अवसर मानें। इस मौके पर मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, श्री उत्पल कुमार सिंह, महासचिव लोकसभा सहित हरियाणा विधानसभा के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# एमसीएम डीएवी में छात्रों ने दिखाया क्रिएटिव सोच का कमाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग ने इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के तत्वावधान में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2025 के लिए आंतरिक हैकथॉन का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित नवोन्मेषी समाधान प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों ने आपदा प्रबंधन, स्मार्ट शिक्षा, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन और अन्य तकनीकी क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं पर प्रभावी विचार साझा किए। उनकी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन नवीनता, सामाजिक प्रासंगिकता, तकनीकी व्यवहार्यता, कार्यान्वयन रणनीति और प्रस्तुति कौशल के आधार पर किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने छात्राओं के नवाचार-प्रेरित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में समस्या-समाधान की सोच, टीम वर्क और उद्यमशीलता की भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने इसे स्मार्ट इंडिया हैकथॉन की दृष्टि के अनुरूप बताया, जो तकनीक के माध्यम से सामाजिक बदलाव लाने पर बल देती है।

# विश्वविद्यालयों में कौशल और खेल पर दिया जाए ध्यान : प्रोफेसर घोष

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहा कि हरियाणा देश में खेलों के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान रखता है। विश्वविद्यालय परिसरों में आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित करना और छात्रों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना समय की मांग है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने विद्यार्थियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रावधान करना चाहिए। शुक्रवार को यहां हरियाणा के विश्वविद्यालयों में शिक्षा, कौशल, खेल, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में नए आयाम जोड़ने के उद्देश्य से हरियाणा राजभवन में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और कुलसचिवों की दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज के सत्र से विश्वविद्यालयों को शिक्षा, कौशल, खेल, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नए दृष्टिकोण और दिशा प्राप्त हुई है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हरियाणा की सभी विश्वविद्यालयों को ग्रीन कैंपस बनाने के प्रयास करने चाहिए, ताकि स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय एक आदर्श स्थापित कर सकें।

# किसना डायमंड ने कैथल में भव्य डायमंड शोरूम का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, कैथल**



हरियाणा के कैथल में किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने अपने चौथे एक्सक्लूसिव शोरूम का अंबाला रोड पर भव्य शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह की शोभा हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक व प्रबंध निदेशक श्री घनश्याम ढोलकिया ने बढ़ाई।

ढोलकिया ने कहा कि हरियाणा हमारे लिए एक उभरता हुआ बाजार है। यह शोरूम 'हर घर किसना' विजन को साकार करने की दिशा में अहम कदम है। किसना के डायरेक्टर पराग शाह ने कहा कि नवरात्रि पर उद्घाटन उपभोक्ताओं को लग्जरी अनुभव देने के साथ-साथ ब्रांड की 'कंज्यूमर फर्स्ट' सोच को भी दर्शाता है। किसना ने इस मौके पर डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्जेस में 75 प्रतिशत तक और गोल्ड ज्वेलरी पर 25 प्रतिशत तक की छूट की घोषणा की है। आईसीआईसीआई कार्ड पर 5 प्रतिशत इंस्टेंट डिस्काउंट और 'शॉप एंड विन' अभियान में स्कूटर व कार जीतने का अवसर भी है। ब्रांड ने समाज सेवा के तहत भोजन वितरण व वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया।

## देश-विदेश

# सेंसेक्स में 733 और निफ्टी में 236 अंकों की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**




शेयर बाजार लगातार छठवें दिन लाल निशान पर बंद हुआ। शुक्रवार बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की बड़े टैरिफ की घोषणा के बाद आई।

उन्होंने कहा कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जाएगा। नए टैरिफ 1 अक्तूबर से लागू होने वाले हैं। इस घोषणा के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में भारी गिरावट देखी गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 733.22 अंक या 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,426.46 पर बंद हुआ।

**शेयर बाजार में लगातार छठे दिन दर्ज की गई गिरावट**

दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 236.15 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,654.70 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 4 पैसे बढ़कर 88.72 (अनंतिम) पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

## सोना 50 रुपए गिरकर 1.13 लाख पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 25 सितंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 50 रुपए गिरकर 1,13,299 रुपए पर आ गया है। इससे पहले यह 1,13,349 रुपए पर था। इसी महीने 23 सितंबर को सोने ने 1,14,314 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत 25 सितंबर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी 27 रुपए बढ़कर 1,37,067 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले यह 1,37,040 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत 37,137 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,13,299 रुपए हो गया है। वहीं, चांदी का भाव भी इस दौरान 51,050 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,37,067 रुपए हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# महाराष्ट्र-ओडिशा और केरल में लौटते मानसून से भारी बारिश

## हैदराबाद में खराब मौसम के कारण तीन फ्लाइट डायवर्ट



**एजेंसी, मुंबई, हैदराबाद**

उत्तर भारत के राज्यों से लौट रहा मानसून इन दिनों दक्षिणी राज्यों में एक्टिव है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग ने तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पाथनमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तिरुवनंतपुरम में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। हैदराबाद में खराब मौसम के कारण 3 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। तमिलनाडु के कन्याकुमारी में भी भारी बारिश के कारण स्कूल-कॉलेज बंद रखे गए हैं। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर सिस्टम से 28 सितंबर तक महाराष्ट्र और ओडिशा के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। ओडिशा में 18 जिले हाई अलर्ट पर हैं। वहीं ,पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में मानसून विदा हो चुका है। गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों से अभी मानसून बाकी है। मध्यप्रदेश से अगले 48 घंटों में मानसून सीजन खत्म हो सकता है। मानसून के महाराष्ट्र से 5 अक्तूबर से पहले लौटने की उम्मीद नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**तिरुवनंतपुरम और कन्याकुमारी में स्कूल और कॉलेज बंद**

## दिल्ली में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर में 55 साल के कांग्रेस नेता और प्रॉपर्टी डीलर लखपत सिंह कटारिया को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह 9.53 बजे बेगमपुर के पास बाइक पर आए दो लोगों ने पार्क के निकट कटारिया को रोका, उन पर गोलियां चलाईं और मौके से भाग गए। (अनंत ज्ञान)

## भारत ने यूएन में साइप्रस पर तुर्किये को घेरा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को वीकली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को ह नियमों के मुताबिक हल करने पर बात की। दरअसल तुर्किये ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है। भारत के आज के बयान से तीन दिन पहले तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है। जायसवाल ने नाटो प्रमुख मार्क रुटे के उस बयान को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था पीएम मोदी ने यूक्रेन वॉर मुद्दे पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है। (अनंत ज्ञान)

## एयर ट्रैफिक कंट्रोल ऑफिसर के नियम सख्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विमान सुरक्षा को सीधे नियंत्रित करने वाले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ऑफिसर की निगरानी अब और कड़ी व पारदर्शी बनाई जा रही है। यही तय करते हैं कि विमान कब उड़े, कितनी ऊंचाई पर जाए और कब लैंड करे। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने छह ड्राफ्ट तैयार किए हैं। इनका मकसद प्रशिक्षण संस्थाओं से लेकर ट्रेनर और तक की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अब एटीओ जांच के बिना ट्रेनी एयर ट्रैफिक ऑफिसर कंट्रोल टावर नहीं पहुंचेगा। 6 नियम बनाए गए हैं, जो ट्रेनी, ट्रेनर और ट्रेनिंग को और सख्त बनाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## किसान की कर्जमाफी की मांग पर पवार भड़के

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार वीरवार को मराठवाड़ा के धाराशिव में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे थे। यहां पर उनका किसानों से बातचीत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे कर्ज माफी की मांग पर गुस्सा करते नजर आ रहे हैं। जब एक किसान ने कर्ज माफी की मांग की तो डिप्टी सीएम ने गुस्से में कहा, 'इसे मुख्यमंत्री बना दो! क्या तुम्हें लगता है कि हम कंचे खेलने आए हैं?' मैंने सुबह 6 बजे करमाला से अपना दिन शुरू किया। आप सिर्फ काम करने वालों की आलोचना करते हैं। हमने अपनी प्यारी बहनों की बहुत मदद की है। हम सालाना 45,000 करोड़ की मदद दे रहे हैं। किसानों के बिजली के बिल माफ किए हैं और उसके लिए 20,000 करोड़ दिए हैं।' (अनंत ज्ञान)

# टाइफून 'बुआलोई' से फिलीपींस में 4 लोगों की मौत

**एजेंसी, मनीला**

साल के सबसे शक्तिशाली टाइफून 'रागासा' के कारण फिलीपींस, ताइवान, हांगकांग और चीन में भारी बारिश हुई, जिससे यहां बाढ़ आ गई। इससे ताइवान में झील का बांध टूटने से 6000 करोड़ लीटर पानी बह गया। रागासा के बाद एक नया टाइफून 'बुआलोई' शुक्रवार तड़के फिलीपींस के सबसे बड़े द्वीप लुजोन पहुंचा। इससे वहां बाढ़ और लैंडस्लाइड की स्थिति पैदा हो गई। इसके चलते 4 लोगों की मौत हो गई। यहां 4 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया। बुआलोई 135 किमी/घंटा की रफ्तार से दक्षिण चीन सागर की ओर बढ़ रहा है।

फिलीपींस मौसम ब्यूरो के अनुसार, इस साल फिलीपींस में आया यह 15वां टाइफून है। वहीं, 'रागासा' से हांगकांग में 200 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। साथ ही 197 मिमी बारिश हुई, जिससे 90 लोग घायल हुए थे। चीन में 53 हजार से ज्यादा पेड़ों को नुकसान पहुंचा और 56 हजार लोग बिना बिजली के रहे। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के साथ टिकटॉक डील को दी मंजूरी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी कंपनी बाइटडांस से टिकटॉक के अमेरिकी बिजनेस को 14 बिलियन डॉलर यानी 1.24 लाख करोड़ रुपए में खरीदने की डील को मंजूरी दे दी। इस डील में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कई सावधानियां भी बरती गई हैं। व्हाइट हाउस में साइन किए गए इस आदेश में ट्रंप ने कहा कि यह डील 2024 के उस कानून को पूरा करती है। जिसमें बाइटडांस को टिकटॉक का अमेरिकी कारोबार बेचने या अमेरिका में बैन होने का अल्टिमेटम दिया गया था। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए बताया, 'मैंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से इस बारे में बात की। हमने टिकटॉक और कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा की और उन्होंने इस डील को हरी झंडी दे दी।' (अनंत ज्ञान)

### वेस्ट बैंक पर इसराइल का कब्जा मंजूर नहीं

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वेस्ट बैंक (फिलिस्तीन का हिस्सा) पर इसराइल का कब्जा मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वह कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। हाल ही में इसराइल के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों को इसराइल में मिलने की बात कही थी। इस पर ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा कि मैं इसराइल को वेस्ट बैंक को मिलाने की परमिशन नहीं दूंगा। ऐसा नहीं होगा। अब बहुत हो चुका है।

## इसराइल का यमन की राजधानी सना पर हमला, 8 लोगों की मौत

**एजेंसी, तेल अवीव।** इसराइली सेना ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने यमन की राजधानी सना में अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। यह हमला हूती विद्रोहियों के जनरल स्टाफ मुख्यालय और खुफिया तंत्र के परिसरों को निशाना बनाते हुए किया गया। यह हमला उस समय हुआ जब हूती नेता अब्देल-मलिक अल-हूती टीवी पर भाषण दे रहे थे। इसराइली सेना के प्रवक्ता ने बताया कि हवाई हमलों में दर्जनों लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल हुआ और कई हूती आतंकवादियों की मौत हुई। इसराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने बयान जारी कर कहा कि इन हमलों में हूती गुर्गों को बड़े पैमाने पर नष्ट किया गया। इसराइली सेना ने बताया कि यह कार्रवाई बुधवार को हूतियों द्वारा इसराइल के ईलात शहर में होटल पर किए गए हमले के जवाब में की गई। इसके अलावा, इसराइल ने यमन के बंदरगाह होदेदाह पर भी 12 हवाई हमले किए थे। (अनंत ज्ञान)

**दावा** साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने किया 38 भारतीय बैंकों का डेटा लीक होने का दावा

# लेनदेन के लाखों रिकॉर्ड ऑनलाइन हो गए उजागर !

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत से जुड़ा एक बड़ा डेटा इंटरनेट पर लीक होने की खबर है। जानकारों के अनुसार भारतीय बैंकों के लाखों बैंक ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड इंटरनेट पर उजागर हो गए। यह डेटा एक असुरक्षित अमेजन स्३ क्लाउड सर्वर से लीक हुआ। लीक डेटा में खाताधारकों के नाम, बैंक अकाउंट नंबर, ट्रांजैक्शन राशि और संपर्क जानकारी जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल थीं। साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने यह दावा किया है। इस लीक की जानकारी ए फाइनेंस, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और अन्य संबंधित संस्थानों को दी गई थी, लेकिन शुरुआती सितंबर तक यह डेटा इंटरनेट पर खुला रहा और रोजाना नई फाइलें भी जुड़ती रहीं। इसके बाद सीईआरटी डॉट इन को सूचित किया गया और सर्वर को सुरक्षित किया गया। हालांकि, अब तक किसी भी संस्था ने इस लापरवाही की जिम्मेदारी लेने से साफ इनकार किया है। एनपीसीआई ने कहा है कि उनका सिस्टम सुरक्षित है और कोई डेटा लीक नहीं हुआ। ए फाइनेंस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया।

इस घटना ने एक बार फिर भारत में डेटा सुरक्षा और डिजिटल प्राइवेसी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राहकों का निजी डेटा कब और कैसे सुरक्षित होगा, इसका अभी कोई ठोस जवाब नहीं दिख रहा। (अनंत ज्ञान)

**डेटा सुरक्षा और डिजिटल प्राइवेसी को लेकर उठे सवाल**

### 38 बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक का नाम भी शामिल

**अपगॉर्ड** के अनुसार, यह डेटा कम से कम 38 बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुड़ा था। सबसे ज्यादा दस्तावेजों में ए फाइनेंस का नाम आया। भारतीय स्टेट बैंक का नाम भी कई दस्तावेजों में मौजूद था।

### कैसे हुआ खुलासा?

**साइबर** सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने अगस्त के अंत में इस डेटा लीक का पता लगाया। उनके रिसर्चर्स को अमेजन-होस्टेड स्टोरेज सर्वर पर लगभग 2 लाख 73 हजार पीडीएफ फाइलें मिलीं। रिसर्चर्स के अनुसार लीक डेटा में भारतीय ग्राहकों के बैंक ट्रांसफर रिकॉर्ड शामिल थे। इन फाइलों में से ज्यादातर नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस से जुड़ी थीं। एनएसीएच एक केंद्रीकृत सिस्टम है, जिसका इस्तेमाल बैंक बड़े पैमाने पर होने वाले सैलरी ट्रांसफर, लोन रीपेमेंट और बिजली-पानी के बिल जैसे नियमित भुगतानों के लिए करते हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### प्रणवी एक अंडर 70 के कार्ड से संयुक्त 23वें स्थान पर

**एजेंसी, इयूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने लैकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस के पहले दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से शुरूआत की जिससे वह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 23वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों के लिए दिन सामान्य रहा जिसमें दीक्षा डागर ने एक ओवर 72 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। वहीं, अवनि प्रशांत (73) संयुक्त 70वें और त्वेसा मलिक (74) संयुक्त 82वें स्थान पर बनी हुई हैं। प्रणवी ने फ्रंट नाइन पर शुरुआत की जो इतना अच्छा नहीं रहा। दिन की उनकी पहली बर्डी 10वें होल पर लगी लेकिन 11वें होल पर वह एक शॉट ड्रॉप कर बैठीं। उन्होंने फिर 12वें होल पर बर्डी लगाई जबकि बाकी होल पार रहे। (अनंत ज्ञान)

### आर्सेनल के फुटबॉल खिलाड़ी बिली विगर की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फुटबॉल जगत से एक बेहद चौंकाने वाली खबर आई है। 21 साल के आर्सेनल के पूर्व खिलाड़ी बिली विगर की मौत हो गई है। उन्हें इंग्लैंड में खेले गए एक नॉन-लीग प्रीमियर मैच के दौरान दिमाग में गंभीर चोट लगी थी। जिसके बाद वे कोमा में चले गए थे। विगर की मौत की पुष्टि चिचेस्टर सिटी क्लब ने की है। इंग्लिश फुटबॉल एसोसिएशन (ईएफए) ने विगर की मौत पर गहरी संवेदना जताते हुए कहा कि हम बिली विगर के निधन से बेहद दुखी हैं। इस कठिन समय में हम उनके परिवार, दोस्तों और चिचेस्टर सिटी एफसी के सभी लोगों के साथ हैं। पिछले हफ्ते विंगेट एंड फिंचली एफसी के खिलाफ मैच के दौरान विगर एक दीवार से टकरा गए थे, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई थी। इस दुखद घटना के बाद 27 सितंबर को ल्युइस के खिलाफ होने वाला चिचेस्टर सिटी क्लब का मैच स्थगित कर दिया गया है। वहीं, इस्थमियन लीग प्रीमियर डिवीजन ने घोषणा की है कि इस हफ्ते सभी मैचों से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा और खिलाड़ी काले आर्मबैंड पहनकर खेलेंगे। (अनंत ज्ञान)

### क्रिकेटर जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते हैं, उस तरीके ने मुझे किया प्रेरितः बोल्ट

**एजेंसी, मुंबई।** महान धावक उसेन बोल्ट का कहना है कि प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखने के बाद क्रिकेट उनके लिए ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा बना था। बोल्ट का नाम रफ्तार और विश्व रिकॉर्ड का पर्याय है, उन्होंने अपने करियर का अंत आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पोडियम स्थान के साथ किया जो कभी भी किसी भी ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ने हासिल नहीं किया। जमैका के इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को जमनाबाई नरसी परिसर में 'फायरसाइड चैट' में कहा, ''मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा मुरीद रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को बढ़ते हुए देखना, वे जिस तरह से काम करते, वे जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते और खुद को पेश करते थे, उसने मुझे कम उम्र में कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया।'' जमैका ने माइकल होल्डिंग, कर्टनी वॉल्श, क्रिस गेल और जेफ डुजॉन जैसे कई दिग्गज क्रिकेटर दिए हैं तो हो सकता है कि बोल्ट पर उनका प्रभाव पड़ा हो। बोल्ट के नाम 100 मीटर में 9.58 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह कड़ी मेहनत जितना ही सरल है। खेल के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। (अनंत ज्ञान)

### तानिया सचदेव की खूबसूरत अदा

**नई दिल्ली।** तानिया सचदेव एक भारतीय शतरंज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मास्टर और महिला ग्रैंडमास्टर के कई खिताब जीते हैं। वह एक शतरंज प्रस्तोता और कमेंटेटर भी हैं। तानिया भारत के सर्वोच्च खेल सम्मान, अर्जुन पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं, जो उन्हें 2009 में मिला था।



## अब तक 12 बार खिताबी मुकाबले में भिड़े, टीम इंडिया 4 बार ही जीती

# 18 साल से पाक को फाइनल में नहीं हरा पाया भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 में बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने बुधवार को ही खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया था। दोनों टीमें अब 28 सितंबर को दुबई में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी। ग्रुप और सुपर-4 राउंड में दोनों बार टीम इंडिया ने बाजी मारी थी।

भारत और पाकिस्तान के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार किसी टूर्नामेंट या ट्राई सीरीज का फाइनल होगा। इससे पहले हुए 12 मुकाबलों में 8 बार पाकिस्तान और महज 4 बार भारत को जीत मिली। 2017 के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में दोनों टीमें आखिरी बार खिताब के लिए भिड़ी थीं, तब भी पाकिस्तान ने ही बाजी मारी थी। भारत को आखिरी जीत 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में मिली थी। भारत और पाकिस्तान के बीच पहली बार किसी भी टूर्नामेंट का फाइनल 10 मार्च 1985 में हुआ था। यह खिताबी मुकाबला वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट का था। इसे भारत ने 8 विकेट से जीता था। इसे मिलाकर दोनों टीमों ने वनडे फॉर्मेट के अलग-अलग टूर्नामेंट में 11 फाइनल खेले, 8 में पाकिस्तान और महज 3 में भारत को जीत मिली। (अनंत ज्ञान)

### टी-20 फॉर्मेट में दूसरी बार भिड़ेंगे फाइनल में

मौजूदा एशिया कप टी-20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। इस फॉर्मेट में दोनों टीमें दूसरी बार ही एक-दूसरे के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेंगी। इकलौती बार दोनों टीमें 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ीं थीं। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 5 रन से खिताबी मुकाबला जीतकर पहले वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम की थी।

### एशिया कप के 41 साल के इतिहास में पहली बार फाइनल में भिड़ेंगे भारत-पाक

**एजेंसी, दुबई।** एशिया कप 2025 का फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के 41 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार है कि एशिया कप फाइनल में भारत और पाकिस्तान की टीम आमने-सामने होंगी। टीम इंडिया अब तक एशिया कप का खिताब 8 बार अपने नाम कर चुकी है। वहीं, पाकिस्तान ने 2 बार एशिया कप टाइटल जीता है, लेकिन फाइनल मुकाबले में कभी भी इन दोनों देशों के बीच टक्कर नहीं हुई। इस बार सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत और सलमान अली आगा की कप्तानी में पाकिस्तान फाइनल में आया है। अब दोनों टीमों के बीच इस टूर्नामेंट की खिताबी भिड़ंत रविवार, 28 सितंबर को देखने को मिलेगी।

#### रविवार को होगा मोस्ट हाईवोल्टेज मुकाबला

### एशिया कप में तीसरी बार होंगे आमने-सामने

**भारत** और पाकिस्तान की टीमें एशिया कप में अब तीसरी बार आमने-सामने होंगी। इन दोनों टीमों के बीच पहला मैच 14 सितंबर को लीग स्टेज में खेला गया। इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। वहीं, दूसरी बार एशिया कप सुपर-4 में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हुआ। इस मुकाबले का नतीजा भी फिर एक बार भारत के पक्ष में आया और टीम इंडिया ने 6 विकेट से यह मैच जीत लिया। वहीं, अब एशिया कप 2025 के फाइनल में इस टूर्नामेंट में तीसरी बार दोनों टीमों के बीच महामुकाबला होने जा रहा है।

## श्रीलंका के खिलाफ खूब चला अभिषेक का बल्ला



अर्द्धशतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते अभिषेक शर्मा।

**एजेंसी, दुबई**

एशिया कप का आखिरी सुपर-4 मैच भारत और श्रीलंका के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है।

पहले बल्लेबाजी करने आए भारत के ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने पारी कर शुरुआत की। पहले ओवर से 8 रन आए हैं। गिल ने नुवान थुषारा के ओवर की आखिरी बॉल पर मिड विकेट पर चौका लगाया। भारतीय टीम ने दूसरे ओवर में शुभमन गिल के रूप में पहला विकेट गंवाया। गिल 4 रन बनाकर आउट हो गए, उन्हें महीश तीक्षणा ने अपनी ही गेंद पर कैच किया। गिल ने सामने तेज शॉट खेला था, जिसे तीक्षणा ने डाइव लगाकर पकड़ा। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अभिषेक शर्मा का अच्छा साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई गेंदबाजों की खूब धुनाई की। सूर्यकुमार यादव भी 13 गेंदों में 12 रन बनाकर बनाकर आउट हो गए। उन्हें वानिंदू हसरंगा ने पगबाधा आउट किया।

समाचार लिखे जाने तक टीम इंडिया ने 7 ओवर में दो विकेट के नुक्सान पर 75 रन बना लिए थे। अभिषेक शर्मा (54) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनका साथ तिलक वर्मा दे रहे थे।(अनंत ज्ञान)

### चोटिल शामार जोसेफ भारत के खिलाफ टेस्ट से बाहर



**एजेंसी, नई दिल्ली**

वेस्टइंडीज के स्टार तेज गेंदबाज शामार जोसेफ अज्ञात चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे, जिनकी जगह नए हरफनमौला जोहान लेन को टीम में जगह मिली है। दो टेस्ट मैचों की सीरीज दो अक्तूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी।

वेस्टइंडीज क्रिकेट ने एक्स पर लिखा,''जोहान लेन ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामार जोसेफ की जगह ली है।'' बोर्ड ने चोट के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है। कहा गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ 18 अक्टूबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की सीरीज से पहले उनकी फिटनेस की समीक्षा की जाएगी। पिछले साल वेस्टइंडीज के लिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जोसेफ ने 11 टेस्ट में तीन से ऊपर की इकॉनॉमी दर से 51 विकेट लिए हैं। 22 वर्ष के लेन 19 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 495 रन बनाने के अलावा 66 विकेट ले चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### गैरी स्टीड की न्यूजीलैंड क्रिकेट में हाई परफार्मेंस निदेशक के तौर पर वापसी

**एजेंसी, वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड न्यूजीलैंड क्रिकेट से फिर जुड़ गए हैं और अब वह हाई परफार्मेंस निदेशक होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को बताया कि स्टीड खिलाड़ियों और कोचों के विकास के साथ हाई परफार्मेंस कार्यक्रमों के प्रभारी होंगे। इससे पहले जून में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह साल 2018 से 2025 तक टीम के कोच थे। इस दौरान न्यूजीलैंड टीम 2019 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल तक पहुंची । न्यूजीलैंड ने 2019-21 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को हराया।



स्टीड ने कहा,''न्यूजीलैंड क्रिकेट पिछले तीस साल से मेरे दिल के काफी करीब है और खेल से जुड़े रहकर बहुत अच्छा लग रहा है।'' उनकी यह भूमिका पूर्णकालिक नहीं है जिससे वह न्यूजीलैंड क्रिकेट के बाहर भी काम कर सकते हैं । उन्हें साल 2025-26 रणजी सत्र के लिए आंध्र टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन में जीते चार पदक

**एजेंसी, दिल्ली।** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। विशेष ओलंपिक भारत की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी। मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बी एन रेड्डी ने भी समापन समारोह में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश ने कैच छूटने और गलत फैसलों का भुगता खामियाजा : सिमंस

**एजेंसी, दुबई**

बांग्लादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस ने पाकिस्तान के खिलाफ टीम की हार के लिए कैच छूटने और खराब शॉट चयन को जिम्मेदार ठहराया जिससे एशिया कप फाइनल में जगह बनाने की उनकी उम्मीद खत्म हो गई। पाकिस्तान ने 51 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन बांग्लादेश ने शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज के कैच छूटने से मैच गंवा दिया क्योंकि दोनों ने बृहस्पतिवार को हुए मैच में मिली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



अफरीदी ने 19 रन, जबकि नवाज ने 25 रन की तेज पारी खेली जिससे पाकिस्तान आठ विकेट पर 135 रन तक पहुंचने में सफल रही। मैच के बाद सिमंस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दुबई की मशहूर 'रिंग ऑफ फायर' लाइट प्रणाली का जिक्र करते हुए कहा, ''जब हमने शाहीन और नवाज को जीवनदान दिया तो खेल का रुख बदल गया। इससे पहले हम नियंत्रण में थे। हो सकता है कि कुछ कैच (रोशनी की वजह से) छूटे हों, लेकिन मुझे नहीं लगता कि जो कैच हमने छोड़े, उनका रोशनी से कोई लेना-देना था। ''

बांग्लादेश इस मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए अच्छी स्थिति में दिख रहा था, लेकिन उसके बल्लेबाज लगातार खराब शॉट खेलकर लड़खड़ा गए। सिमंस ने कहा, ''ये महज गलत फैसले थे। हर टीम के साथ कभी न कभी ऐसा होता है। आज हमने ऐसा किया। हमने सही शॉट चयन नहीं किया।''

उन्होंने स्वीकार किया कि जब भी सीनियर खिलाड़ी जैसे उनके कप्तान लिटन दास अनुपस्थित होते हैं तो उन्हें बांग्लादेश की बल्लेबाजी में गहराई की कमी खलती है। लिटन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए। उन्होंने कहा, ''हमने दो मैच पहले ही (श्रीलंका के खिलाफ) 169 रन के लक्ष्य का पीछा किया था। हम ऐसी टीम नहीं हैं जो तनजीद (हसन) और कप्तान (लिटन दास) के एक मैच में नहीं खेलने से उनकी कमी पूरी कर दे। हम उस मुकाम पर पहुंच रहे हैं, हम अभी वहां नहीं पहुंचे हैं। इतनी अच्छी फॉर्म में चल रहे कप्तान का नहीं खेलना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है।'' (अनंत ज्ञान)

### चेन्नई में पहला बीएफआई कप एक अक्तूबर से



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) उभरते मुक्केबाजों को राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से एक से सात अक्तूबर तक चेन्नई में पहला बीएफआई कप आयोजित करेगा। यह प्रतियोगिता पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 10 वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिसके स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को एलीट राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश मिलेगा। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय मुक्केबाजी आगे बढ़ रही है और बीएफआई एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है जिसके अच्छे परिणाम पहले से ही दिख रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''बीएफआई कप इसी दिशा में एक और कदम है क्योंकि यह कई युवा मुक्केबाजों को अपनी पहचान बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देगा।'' आठवीं एलीट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शीर्ष आठ में जगह बनाने वाली राज्य इकाइयां या बोर्ड, रोहतक स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) का राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) और मेजबान तमिलनाडु प्रत्येक वर्ग में एक मुक्केबाज को बीएफआई कप में भेज सकते हैं।

### भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन बोले-

## सिर्फ फाइनल का नतीजा रखेगा मायने

**एजेंसी, दुबई**

एशिया कप में भारत के हाथों दो शर्मनाक पराजय झेलने के बावजूद पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन का मानना है कि अब सब सिर्फ फाइनल का नतीजा मायने रखता है जिसमें टूर्नामेंट में 41 साल में पहली बार चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे। भारत ने ग्रुप लीग मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से और सुपर 4 में छह विकेट से हराया।



बांग्लादेश को 11 रन से हराने के बाद हेसन से जब पूछा गया कि रविवार के फाइनल के लिए उन्होंने खिलाड़ियों को क्या संदेश दिया है तो उन्होंने कहा,''हमें पता है कि हम 14 सितंबर को और 21 सितंबर को खेले थे, लेकिन अब सिर्फ एक ही मैच मायने रखता है और वह है फाइनल । हमारा फोकस उसी पर है। हम सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने की कोशिश करेंगे।''

भारत और पाकिस्तान 1984 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कभी भी फाइनल में नहीं भिड़े हैं। हेसन ने कहा,''अब हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना है। अब हमारा पूरा फोकस ट्रॉफी जीतने पर होना चाहिये और हम हर समय यही बात कर रहे हैं।'' अभी तक भारतीय मीडिया के सवालों का जवाब देने से इनकार करते आ रहे पाकिस्तान के मीडिया मैनेजर नईम गिलानी ने आखिर भारतीय पत्रकारों को एक सवाल पूछने दिया। यह पूछने पर कि बाहर लोगों की राय और भारत के खिलाफ मैच के दौरान भड़काऊ इशारे करने वाले अपने खिलाड़ियों साहिबजादा फरहान और हारिस रऊफ के खिलाफ आईसीसी की सुनवाई को लेकर टीम की प्रतिक्रिया क्या है, कोच ने कहा,''मेरा संदेश यही है कि खेल पर फोकस करो और हम वही करेंगे। इन चीजों के बारे में मुझसे ज्यादा आपको पता है।''

उन्होंने कहा,''मैं क्रिकेट पक्ष ही देखता हूं। इशारों की जहां तक बात है तो इतने दबाव वाले मैच में जुनून तो रहता ही है, लेकिन हमारा फोकस अच्छा क्रिकेट खेलने पर है।'' हेसन ने इस धारणा को भी खारिज किया कि उनके बल्लेबाज स्पिनरों को भांप नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा,''मैने सुना है कि लोग कह रहे हैं कि हम स्पिनर के हाथ से गेंद को भांप नहीं पा रहे हैं। मैं इसका जवाब पहले भी दे चुका हूं। गेंद हाथ से निकलने के बाद भी उसे भांपकर आप बखूबी खेल पा रहे हैं तो क्या हर्ज है।'' (अनंत ज्ञान)

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शारीरिक सीमाओं को पीछे छोड़ते हुए, दुनिया के बेहतरीन पैरा एथलीट शनिवार से राजधानी में अपने जज्बे, साहस और संकल्प का प्रदर्शन करेंगे। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हो रही यह अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जिसकी मेजबानी भारत पहली बार कर रहा है। इस चैंपियनशिप में 104 देशों के 2200+ खिलाड़ी व अधिकारी भाग ले रहे हैं। 1500 से अधिक पैरा एथलीट, 186 स्पर्धाएं, जिनमें 101 पुरुष, 84 महिला और मिश्रित स्पर्धाएं शामिल हैं। 308 पदक जीतने वाले 100+ पैरालंपिक पदक विजेता भाग लेंगे।

भारत अब एक उभरती हुई पैरा खेल महाशक्ति बन चुका है। यह कतर (2015), यूएई (2019), और जापान (2024) के बाद चौथा एशियाई देश है जिसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेज़बानी मिली है। विशेष रूप से, पहली बार प्रतिस्पर्धा और अभ्यास दोनों ट्रैकों पर मोंडो ट्रैक बिछाई गई है जिससे प्रदर्शन बेहतर और चोट का खतरा कम होगा। साथ ही फ्लड लाइट्स और आधुनिक फिटनेस सेंटर की भी व्यवस्था की गई है।

#### भारत विश्व पैरा खेलों की बन चुका है उभरती ताकत

इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय सितारों में जर्मनी के 'ब्लेड जम्पर' मार्कस रेहम, जिनके नाम विश्व रिकॉर्ड है। स्विट्जरलैंड की कैथरीन डेब्रुन्नर, जिन्होंने 2024 में 5 स्वर्ण जीते थे और ब्राजील के तेज स्प्रिंटर पेट्रुसियो फरेरा प्रमुख हैं।

भारत ने अब तक का सबसे बड़ा 74 खिलाड़ियों का दल उतारा है और शीर्ष 5 में स्थान पाने का लक्ष्य रखा है। इसमें प्रमुख खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ64 भाला फेंक), दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण विजेता। प्रवीण कुमार (टी64 ऊंची कूद), पेरिस पैरालंपिक चैंपियन, दीप्ति जीवनजी, सचिन खिलारी, एकता भ्यान, सिमरन शर्मा अपने पिछले स्वर्ण पदकों का बचाव करेंगी।

पिछले चार सत्रों से शीर्ष पर रहा चीन, इस बार भी 33 स्वर्ण सहित बड़ी चुनौती पेश करेगा। पहले दिन की स्पर्धाएं पुरुषों और महिलाओं की 100 मीटर, 400 मीटर, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक और ऊंची कूद की कई श्रेणियों में होंगी। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट**

### लखनऊ में खेले गए दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच में केएल राहुल ने बनाए 176 रन

## भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया-ए को पांच विकेट से हराया

**एजेंसी, लखनऊ**

ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारत-ए के खिलाफ लखनऊ में खेले गए दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच को 5 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ भारत-ए ने सीरीज 1-0 से जीत ली है। मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 420 रन पर सिमट गई। इस पारी में कप्तान नाथन मैकस्वीनी ने 74 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि जैक एडवर्ड्स ने 88 रन की पारी खेली। इनके अलावा, टॉड मर्फी ने 76 रन जुटाए।



#### मानव सुथार ने चटकाए 5 विकेट

भारत की तरफ से मानव सुथार ने 107 रन देकर 5 विकेट निकाले, जबकि गुरनूर बरार को 3 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में भारत-ए अपनी पहली पारी में महज 194 रन पर सिमट गई। साई सुदर्शन ने 140 गेंदों में 75 रन जोड़े, जबकि एन जगदीशन ने 38 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई खेमे से हेनरी थॉर्नटन ने सर्वाधिक 4 विकेट झटके। भारत-ए को सस्ते में समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया-ए ने पहली पारी के आधार पर 226 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरी पारी में यह टीम महज 185 रन पर सिमट गई। इस पारी में मैकस्वीनी ने नाबाद 85 रन बनाए, जबकि जोश फिलिप ने 50 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

इस पारी में मानव सुथार और गुरनूर बरार ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद सिराज और यश ठाकुर ने 2-2 सफलताएं हासिल कीं। इसी के साथ भारत-ए को जीत के लिए 412 रन का लक्ष्य मिला, जिसे मेजबान टीम ने 91.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। भारत-ए की ओर से केएल राहुल ने 210 गेंदों में 4 छक्कों और 16 चौकों के साथ नाबाद 176 रन बनाए, जबकि साई सुदर्शन ने 100 रन टीम के खाते मे जोड़े। इनके अलावा, कप्तान ध्रुव जुरेल ने 56 रन जुटाए। (अनंत ज्ञान)

### 30 सितंबर से शुरू होगी वनडे सीरीज

**ऑस्ट्रेलिया** की तरफ से टॉड मर्फी ने 3 शिकार किए, जबकि कोरी रोचिकियोली ने 2 सफलताएं हासिल कीं। भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच दो मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था। अब दोनों टीमें 30 सितंबर से 5 अक्तूबर के बीच तीन अनाधिकारिक वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी।